# RAGHUVEER MAHAVIDYALAYA

## THALOI, BHIKHARIPUR KALA JAUNPUR-222143

# DVV

## Criterion III

**Number of research papers published per teacher in the Journals notified on UGC care list during the last five years**

3.3.1.1. **Number of research papers in the Journals notified on UGC CARE list year wise during the last five years**

IQAC
Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thaloi, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thaloi, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

# RAGHUVEER MAHAVIDYALAYA THALOI BHIKHARIPUR KALA JAUNPUR

3.3.1 Number of research papers published per teacher in the Journals notified on UGC CARE list during the last five years

| | Name of the author/s | Department of the teacher | Name of journal | Calendar Year of publication | SSN numbe | Link to the recognition in UGC enlistment of the | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | Link to website of the Journal | Is it listed in UGC Care list |
| स्वामी विवेकानंद के शैक्षिक विचारों का समग्र अध्ययन | Mr. Pramod Kumar Pal | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | https://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/pramod-kumar-pal.pdf | yes |
| दिक कालीन शिक्षा व्यवस्था एक अध्ययन | Mr. Ramesh Bahadur | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/ramesh-bahadur-maurya.pdf | yes |
| माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति अभिव्यक्ति का तुलनात्मक अध्ययन | Dr. Sarada Prasad Singh | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/sharda-prasad-singh.pdf | yes |
| जे कृष्णमूर्ति जी का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान | Dr. Ranjana Mishra | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2023/04/Ranjana-mishra-Shodh-Martand-Vol-15-1.pdf | yes |
| शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 समीक्षात्मक अध्ययन | Dr.Manoj Kumar Yadav | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/manoj-kumar-yadav.pdf | yes |
| महर्षि अरविंद के दार्शनिक विचार | Dr.Avadesh Kumar Srivastava | B.A. Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/awadhesh-kumar.pdf | yes |
| वैदिक दर्शन में निहित पर्यावरणीय शिक्षा के तत्वों की विवेचना | Dr. Sanju Shukla | B.A. Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2024/10/sanju-shukla.pdf | yes |

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thaloi, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Kishoravastha Mein Naitik mulyao ki Kami | Devendra Kumar Yadav | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2021/05/Kishoravastha-Mein-Naitik-mulyao-ki-Kami-By-Devendra-Kumar-Yadav-Shodh-Martand-volume-1011-page-number-38-46.pdf | yes |
| Paryavaran Shiksha ka Jivan mein mahatva | Kripa Shankar Yadav | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2019 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2021/05/New-doc-22-May-2021-08.12.pdf | yes |
| माध्यमिक स्तर के शिक्षकों का लिंग के आधार पर शिक्षण व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता का अध्ययन | Dr. Sarada Prasad Singh | B.Ed Department | Shodh pravah | April-June 2019 | 2249-6742 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.27.pdf | yes |
| शोध का स्वरूप एवं महत्व | Dr. Santosh Kumar Upadhyay | B.A. Department | lohal Shodh Manjush | Sept-Dec 2019 | 2319-5908 | | yes |
| अनुसूचित जाति की महिलाओं में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्य एवं बदलते प्रतिमान | Dr. Pratibha | B.A. Department | y Journal of Contemp | April-May 2015 | 2393-8358 | | yes |
| अनुसूचित जाति की महिलाओं की आर्थिक स्थिति पर आधुनिकरण का प्रभाव | Dr. Pratibha | B.A. Department | Anukriti | July-Sept 2015 | 2250-1193 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.06-1.pdf | yes |
| Review of Literature Attitude of Teachers Towards integration of Students with Special Need in Relation To School Climate and Their Sense of Efficacy | Dr. Abhishek Mishra | B.Ed Department | urnal of Engineering, | July-Dec 2020 | 2393-8048 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.32.pdf | yes |
| माध्यमिक स्तर के शिक्षकों का लिंग के आधार पर शिक्षण व्यवसाय के प्रति प्रतिबद्धता का अध्ययन | Dr. Sarada Prasad Singh | B.Ed Department | Drishtikon | Jan-Feb 2020 | 0975-119X | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.27.pdf | yes |
| माध्यमिक स्तर पर क्षेत्र के आधार पर शिक्षकों की शिक्षण अभिक्षमता का अध्ययन | Dr. Sarada Prasad Singh | B.Ed Department | Drishtikon | March-April 2021 | 0975-119X | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.27.pdf | yes |

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyaly
Thalai, Bhikharipur, Ka
Jaunpur

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Attitude of teachers towards Inclusive Education In Relation To Their Perceived Self Efficacy to Teach In Inclusive Classroom | Dr. Abhishek Mishra | B.Ed Department | urnal of Engineering, | July-Dec 2021 | 2393-8048 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.31.pdf | yes |
| अनुदानित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक विद्यालयों के अशिक्षित अभिभावकों के बालकों की विभिन्न विषयों में शैक्षिक उपलब्धि का तुलनात्मक अध्ययन | Dr. Ranjana Mishra | B.Ed Department | Shodh Martand | July-Dec 2021 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/wp-content/uploads/2023/04/Ranjana-mishra-Shodh-Martand-Vol-15-1.pdf | yes |
| माध्यमिक स्तर के छात्रों एवं छात्रों का हिंदी विषय में उपलब्धि का अध्ययन | Dr. Ranjana Mishra | B.Ed Department | Pratibha | April-Jun 2022 | 0974-522X | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.48.pdf | yes |
| शहरी एवं ग्रामीण कार्यकारी महिलाओं की संतुष्ट एवं व्यवसायिक अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन | Dr. Sanju Shukla | B.A. Department | Vidyawarta | oct-dec 2022 | 2319-9318 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.43.pdf | yes |
| Sant Kavi Kabir ki saamajik chetana | Dr. Mayank Tiwari | B.Ed Department | Shodh Martand | Jan-Dec 2022 | 2349-3844 | http://shodhmartand.org/ | yes |
| शैक्षणिक तनाव के कारण तथा इसका बच्चो पर प्रभाव | Dr.Manoj Kumar Yadav | B.Ed Department | f Exploring Emerging | July-Dec 2023 | 2394-0573 | https://ijoeete.com/volume-10-issue-2-july-dec-2023-35/ | yes |
| कार्यकारी महिलाओं के समायोजन पर व्यावसायिक अभिवृत्ति के प्रभाव का अध्ययन | Dr. Sanju Shukla | B.A. Department | Amoghvarta | Dec-Feb 2023 | 2583-0775 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.39.pdf | yes |
| अभिभावकों एवं अध्यापकों कि कुशलता और बच्चो कि शिक्षा का तुलनात्मक अध्ययन | Dr.Manoj Kumar Yadav | B.Ed Department | f Exploring Emerging | April-Jun 2024 | 2394-0573 | https://ijoeete.com/volume-11-issue-2-april-june-2024-15/ | yes |
| उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों की पर्यावरणीय अभिरुचि एवं पर्यावरणीय जागरूकता का अनुशीलन | Mr. Ramesh Bahadur | B.Ed Department | Shodh pravah | April 2024 | 2231-4113 | http://raghuveermahavidyalaya.org.in/wp-content/uploads/2024/10/02-Ramesh-Bahadur-Maurya-Dr.-Sanjay-Kumar-Saroj-Pravah-April-2024.pdf | yes |

Co-ordinator
IQAC
Raghuveer [redacted]vidyalaya
Bhikh[redacted], Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyaly
Thalui, Bhiknaripur, Ka
Jaunpur

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सत काव्य एव उनकी परपरा | Dr. Mayank Tiwari | B.Ed Department | Shodh Drishti | Aug 2024 | 0976-6650 | http://raghuveermahavidyalaya.[illegible]n/wp-content/uploads/2024/10/New-Doc-10-07-2024-12.37.pdf | yes |
| भारत मे सैकुलरिज्म की अवधारणा | Dr. Santosh Kumar Upadhyay | B.A. Department | Vaad Samvaad | Jan-Mar 204 | 2348-8662 | | yes |

IQAC
Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer [redacted]vidyalaya
Thalai, Bhikhari[redacted]kala, Jaunpur

PRINCIPAL
Principal
Raghuveer Mahavidyaly
Thalai, Bhikharipur, Ka.
Jaunpur

2019

: 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
proved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

**International Refereed Research Journal of Humanities**

**Editor**

Dr. Vinay Kumar Tripathi

Published by :

Raghuveer Mahavidyalaya

Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar

Jaunpur U.P. (India) - 222143

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thaloi, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thaloi, Bhikharipurkala, Jaunpur

# स्वामी विवेकानन्द के शैक्षिक विचारों का समग्र अध्ययन

प्रमोद कुमार पाल

सहायक प्रवक्ता (बी०एस०)
रघुवीर महाविद्यालय, थलोई,
जौनपुर

स्वामी जी ने शिक्षा के महत्व को स्वीकार किया है और भारत की निर्धनता एवं पतन का कारण एक मात्र अशिक्षा को बताया है। यूरोप के अनेक नगरो का भ्रमण करते हुये उन्हें शिक्षा की भौतिक उपलब्धियाँ भी दिखाई पड़ी। स्वामी जी तत्कालीन शिक्षा प्रणाली से दुःखी थे। उनका विचार था कि उस समय की शिक्षा मनुष्य का वास्तविक विकास नही करती थी। वह शिक्षा को मात्र सूचना तक नही सीमित करना चाहते थे तमाम असम्बद्ध जानकारियों को एक गठरी में ठस लेने से कोई लाभ नही सूचना का अपने आप में कोई महत्व नहीं, जो विचार जीवन निर्माण में सहायक हो उनकी अनुभूति करना आवश्यक है। स्वामी जी के अनुसार केवल कुछ विचारों को रटकर डिग्री प्राप्त कर लेना शिक्षा नही है।

आधुनिक शिक्षा तथा पुर्नजागरण के आन्दालनों के वैज्ञानिक क्षेत्र में आधुनिकता का अवतरण हुआ। आधुनिक शिक्षा तथा पुर्नजागरण के आन्दोलन प्रवृत्तिपरक थे। अतः पुनः भारतीय शिखा के मूल स्वरूप का विकास प्रारम्भ हुआ।

उत्तर भारत में पुर्नजागरण के आन्दोलन का नेतृत्व स्वामी दयानन्द सरस्वती ने किया। परोक्षदर्शी स्वामी दयानन्द सरस्वती ने अपने मन्तव्यों से प्रत्येक भारतीय को ही प्रभावित नहीं किया, अपितु भारतीय शिक्षा को भी तर्कनिष्ठ बनाया।

शिक्षा का अभिप्राय

स्वामी जी के अनुसार बालक का जब जन्म होता है तब वह आध्यात्मिक एवं भौतिक दृष्टि से दोनो ही अन्तःकरण में किसी न किसी स्थान पर अव्यवस्थित सा बिखरा रहता है। जब किसी विशेष अवसर पर यह अव्यवस्थित और बिखरा हुआ ज्ञान आवरण हटने के साथ–साथ प्रकाशित होने लगता है तब हम यह कहते है कि मनुष्य ज्ञानी है। ज्ञान सदैव मनुष्य के मन में निहित है। स्वामी जी शिक्षा के अर्थ के सम्बन्ध में रूसों से सहमत थे। जिस प्रकार पौधा प्रकृति के अनुसार बढ़ता है, उसी प्रकार बालक भी स्वयं पूर्णता को प्राप्त करता है बशर्ते कि एक माली की भांति वह स्वयं ही देखभाल चाहता है। व्यक्ति में ज्ञान स्वतः निहित है। ज्ञान बाहर से नही आता वह तो अन्दर ही है। बालक को अपने अन्दर निहित ज्ञान का



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

अन्वेषण करता है। मन में ही सारा ज्ञान निहित है, बाहरी संसार सुझाव या प्रेरणा मात्र देता है तब व्यक्ति अपने मन का ही अध्ययन करने के लिये प्रेरित होता है।

स्वामी जी के अनुसार विभिन्न उपाधियों को एकत्रित करके मात्र दूसरों के विचारों को सैद्धान्तिक तौर पर रटकर कोई व्यक्ति अपने को शिक्षित नहीं कहला सकता है। क्या वही शिक्षा है जो मनुष्य को जीवन संग्राम के लिये तैयार नही करती, उनके चरित्र के विकास में सहयोग नही देती, उनमें प्रेम, दया आदि की भावना का समावेश नहीं करती, वह शिक्षा नही कही जा सकती। उन्होने शिक्षा का व्यापक एवं व्यावहारिक अर्थ लिया शिक्षा को एक ऐसा ज्ञान माना है जिससे व्यक्ति को अपना शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास करने में सहयोग मिलता है।

निश्चित रूप से उनका प्रयोजन उसी शिक्षा से था जिसके द्वारा विकास हो और साथ ही साथ मनुष्य स्वावलम्बी हो। आवश्यकता इस बात की है कि सम्पूर्ण शिक्षा की आधारशिला को रखते हुये उसके पीछे मानव की पूर्णता उसकी उन्नति का भाव रखना चाहिये। इस संदर्भ में शिक्षा ज्ञानार्जन है लेकिन अर्थ एवं अपरिपक्वता से युक्त नहीं। बल्कि जीवन में उपयोगी, मनुष्य का निर्माण करने वाली तथा विचारों का आत्मसात करने वाली। इस प्रकार स्वामी जी के अनुसार शिक्षा ज्ञान का संग्रह मात्र न होकर विकास हेतु ज्ञान का सदुपयोग है। स्वामी जी के अनुसार शिक्षा मानव में पहले से ही उपस्थिति पूर्णता की अभिव्यक्ति है। उन्होने स्पष्ट शब्दों के अर्थ को परिभाषित किया– "मनुष्य की अन्तर्निहित पूर्णता को अभिव्यक्त करना ही शिक्षा है।"

स्वामी जी के अनुसार– "भले ही एक व्यक्ति छोटा सा बुलबुला हो और दूसरा पर्वत के समान ऊँची तरंग, पर बुलबुला और तरंग दोनों के पीछे वही अनन्त सागर है। वही अनन्त सागर सबका आधार है जैसा मेरा, वैसा ही तुम्हारा भी। अतः अपनी संतानों को उनके जन्मकाल से ही इस महान् जीवनप्रद उच्च और उत्तम तत्व की शिक्षा देना शुरू कर देना चाहिये निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि जिस प्रशिक्षण से मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश फलदायी हो, उसकी अर्न्तनिहित पर्णूता की अभिव्यक्ति हो वही शिक्षा सच्ची शिक्षा है। स्वामी जी ने इसी प्रकार के प्रशिक्षण को ही शिक्षा माना है।

शिक्षा का उद्देश्य

स्वामी जी आदर्शवादी विचारक थे, चूंकि जीवन का आदर्श दर्शन होता है इसलिये उनके द्वारा प्रतिपादित शिक्षा के उद्देश्यों पर भी इसका स्पष्ट प्रभाव है लेकिन उन्होने प्रकृति और यर्थाथ को नही ठुकराया। मन में समस्त झुकाओं और सभी प्रकार की प्रकृतियों का समन्वय चरित्र है। सुख–दुख व्यक्ति की आत्मा पर अपनी छाप छोड़ जाते है। इस सभी प्रकार की छापों का समष्टि चरित्र है। विचारों से ही मनुष्य बनता है। अच्छे शब्द सुनने वाला, अच्छे विचार सोचने वाला, अच्छे संस्कार से युक्त होता है और इच्छा न होते हुये भी सत्कार्य करने



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikhariipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

के लिये विवश हो जाता है। जब व्यक्ति संस्कारवश अच्छे कार्य करता है तभी उसका चरित्र गठित हो जाता है यही चरित्र गठन शिक्षा का उद्देश्य है।

चरित्र गठन के लिये महान कार्यों का ही महत्व नही है बल्कि बहुत छोटे छोटे कार्यो का भी महत्व है। अतः चरित्र गठन अच्छा तब कहा जायेगा। जब व्यक्ति सदा सभी दशाओं में महान् कार्य करता रहता है मन पर पड़े संस्कार आदत के रूप में परिणत हो जाता है। बुरी आदत को उसी विरोधी आदत द्वारा सुधारा भी जा सकता है। सदा अच्छे कार्य करने से, पवित्र विचार करने से, बुरी आदतों को वश मे किया जा सकता है। बार–बार अभ्यास करने से चरित्र का गठन और पुर्नगठन किया जा सकता है। हमारी शिक्षा का उद्देश्य यह होना चाहिये कि हमारी इच्छाशक्ति सबल बने और उसके माध्यम से चरित्र का उन्नयन किया जा सके।

स्वामी विवेकानन्द के अनुसार, हमारी शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य का निर्माण करना होना चाहिये सारी शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य मनुष्य का विकास करना है। जिस प्रशिक्षण से मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश कर पायी हो, वही शिक्षा है। शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना ही नही होना चाहिये।

विवेकानन्द के अनुसार शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है श्रद्धा की निष्पत्ति। स्वामी जी श्रद्धा को बहुत महत्व देते है और भारतीय शिक्षा प्रणाली में श्रद्धा के अभाव से वे दुःखी थे। उनके मतानुसार श्रद्धा से समस्तजगत क्रियाशील हाते है और श्रद्धा के द्वारा ही मनुष्य के जीवन को समृद्धिशाली बनाया जा सकता है। आत्मज्ञान द्वारा मनुष्य में श्रद्धा उत्पन्न होती है। आत्म ज्ञान से तात्पर्य बो आडम्बर में पूर्ण जीवन बिताना नहीं है। स्वामी जी द्वारा निर्धारित शिक्षा का पहला उद्दशे य यह है कि शिक्षा मनुष्य के अन्दर विद्यमान पूर्णता को प्रकट कर उसे समझने में सहायता देती है। अर्थात् शिक्षा आत्मा परमात्मा इन दोनो में आपसी तारतम्य को स्थापित करने में सहयोग देती है। शिक्षा का दूसरा उद्देश्य मानव एवं समाज सेवा है। वे अवगुणों को निरर्थक समझते है, वे गुणों के अभ्यास के लिये समाज व प्राणी की सेवा को ही सर्वोत्तम समझते है, क्योंकि प्राणी ब्रह्ममय अंश है तथा यर्थाथ शिक्षा का लक्ष्य इन्होंने मानव की सेवा द्वारा ईश्वर की सेवा करना माना है। इसी लक्ष्य की पूर्ति हेतु उन्होने कहा कि दरिद्र नारायण की सेवा ही सच्ची वास्तविक सेवा है उन्होंने शिक्षा के सामाजिक लक्ष्य की ओर इगित करते हुये स्पष्ट किया कि वास्तव में व्यक्ति के अन्दर छिपी हुई योग्यता एवं दिव्यता का प्रकाशन समाज में ही संभव होता है।

शिक्षा का तीसरा उद्देश्य उन्होने मानव निर्माण तथा समाजसेवा के साथ ही साथ धर्म शिक्षा का लक्ष्य कहा है। व्यक्ति में मनुष्यत्व को लाना धर्म का ही कार्य है क्योंकि मनुष्य जब जन्म लेता है तो वह पशु तुल्य होता है, धर्म ही उसे पशुत्व से अलग करता है। धर्म से हीन मनुष्य पशु के समान है। स्वामी जी का विचार था कि व्यक्ति को लौकिक एवं अलौकिक



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

सद्गुणों को धारण करके ही दिव्य पुरुष की श्रेणी मिलती है। ये सद्गुण है– आत्मविश्वास, आत्मश्रद्धा, आत्मत्याग, आत्म निर्भरता मानवप्रेम आदि। इन्ही सद्गुणों को प्राप्त करने के लिये स्वामी जी ने कहा, उठो जागों और जब तक परम लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, तब तक लगे रहो इसके परिणामस्वरूप मनुष्य की प्राप्ति से भौतिक सुखों के साथ आध्यात्मिक आनन्द की भी तृप्ति महसूस करता है इस प्रकार स्वामी जी शिक्षा के इस लक्ष्य को निर्धारित कर व्यक्ति का धार्मिक, नैतिक एवं चारित्रिक विकास चाहते थे।

शिक्षा का चौथा लक्ष्य उन्होने बताया कि व्यक्ति को सदैव वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना से प्रेरित रहना चाहिये। उन्होने स्पष्ट किया कि सभी प्राणी समान रूप से पारस्परिक सभ्यता व संस्कृति का आदान–प्रदान करें व विश्वबंधुत्व की भावना का विकास करें।

पाठ्यक्रम

स्वामी जी अनुसार पाठ्यक्रम ऐसा हो जिसमें निषेधात्मकता न हो। छात्रों के समक्ष क्रियात्मक या भावात्मक विचार रखने चाहिये न कि अभावात्मक या निषधात्मक देश को सफल एवं उन्नत बनाने के लिये जिन–जिन विषयों को पढ़ा ने की आवश्यकता होवे विषय अवश्य पढ़ाये जाये। वेदों को उन्होने अपनी शिक्षा व्यवस्था में महत्वपूर्ण स्थान दिया। अतः वेदों का अध्ययन भी पाठ्यक्रम के अन्तर्गत रखा और वैदिक मंत्रों की मेघ गर्जना द्वारा भारत में प्राणों का संचार करने को कहा।

संगीत शिक्षा के साथ–साथ स्वामी जी ने पाठ्यक्रम में धार्मिक शिक्षा देने की बात कहीं। उन्होने कहा कि धार्मिक शिक्षा भी देनी है किन्तु आडम्बर से दूर रहना है मन्दिर, मस्जिद, गिरिजाघर को स्वामी जी खिलवाड़ समझते थे। धर्म का क्रियात्मक अनुभव होना आवश्यक है केवल बौद्धिक प्रशिक्षण से छात्रों में मनुष्यता के गुणों का प्रादुर्भाव नही होता है। पाठ्यक्रम में सत्य का समावेश होना चाहिये। सत्य आत्मा का स्वभाव है। शरीर, बुद्धि या आत्मा को कमजोर बनाने वाला तत्व सत्य नही होता सत्य में जीवन शक्ति होती है, वह बलप्रद पवित्र और ज्ञान स्वरूप होता है।

स्वामी जी ने उपनिषदों को भी जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग माना है। उपनिषद् शक्ति की विशाल खान है उनमें ऐसी प्रचुर शक्ति विद्यमान है कि वे समस्त संसार को तेजस्वी कर सकते है। उनके द्वारा समस्त संसार पुर्नजीवित कर शक्ति और वीर्य सम्पन्न हो सकता है। पाठ्यक्रम में शारीरिक प्रशिक्षण का भी महत्वपूर्ण स्थान है। शारीरिक दुर्बलता, हमारे दुःखों का महत्वपूर्ण कारण है। इसके कारण हम आलसी बन जाते है। नवयुवकों को बलवान बनाने के लिये शिक्षा में शारीरिक प्रशिक्षण आवश्यक है खेलकूद का भी अंग महत्वपर्णू है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghu... Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

स्वामी जी शिक्षा द्वारा मनुष्य को लौकिक और पारलौकिक दोनों जीवनों के लिये तैयार करना चाहते थे। उनके द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम को इस प्रकार से भी वर्गीकृत किया जा सकता है।

1. लौकिक 2. आध्यात्मिक

लौकिक विषय जहाँ व्यक्ति को भौतिकता की ओर ले जाते है, वहीं आध्यात्मिक विषय आत्मानुभूति की पराकाष्ठा तक पहुँचाते है। स्वामी जी के अनुसार पाठ्यक्रम सदैव परिवर्तनशील होना चाहिये पाठ्यक्रम में विद्यार्थी की आवश्यकता का अध्ययन रखना चाहिये तदनुसार शिक्षा में परिवर्तन होना चाहिये। पाठ्यक्रम ऐसा हो जो बालक को सदा आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहे, किन्तु पाठ्यक्रम को सदा उच्च नैतिकता एवं उदात्त आदर्शों से युक्त होना ही चाहिये।

स्वामी जी ने नैतिक शिक्षा का भी समर्थन किया है। वे नैतिकता को दैवीय आवश्यकता पर आधारित करते है। उनके अनुसार ईश्वर माध्यम के रूप में है। संकल्प की स्वतंत्रता के वे समर्थक है। साधन और साध्य का जहां तक प्रश्न है वे कहते है "हमारे साधन उतने ही महान होने चाहिये जैसे कि हमारे साध्य महान है और साध्य को प्राप्त करने के लिये साधन का पता लगाने और प्रयोग करने की शक्ति स्वयं हमारे अन्दर शक्ति के शाश्वत स्रोत की खोज करने से पाई जा सकती है"।

शिक्षण विधि

स्वामी जी ने शिक्षा की जो शिक्षण विधियाँ निर्धारित की है वे स्वयं में वैशिष्टता लिये हुये है उनकी शिक्षण विधि धर्म से भी ओत-प्रोत है व आध्यात्मिकता का रूप धारण किये हुये है। उनकी शिक्षण विधि चित्त की इच्छाओं का हनन करके मस्तिष्क को स्वीकृत करके शिक्षण देने पर बल देती है। उन्होने योगों के माध्यम से चित्त की प्रकृतियों को एकाग्र करने पर बल दिया है। मनुष्य का मन एकाग्र होने पर भी भ्रमित हो जाता है तथा निश्चित वस्तु को ग्रहण करने में अक्षम साबित होता है। एकाग्रता ही शिक्षण हो सकता है किसी अन्य विधि द्वारा नही।

शैक्षणिक उपलब्धियाँ एकाग्रता की मात्रा पर निर्भर है एकाग्रता की शक्ति जितनी अधिक होगी ज्ञान प्राप्ति की सीमा उतनी ही अधिक होगी। एकाग्रचित होकर चर्मकार जूता अच्छा बनाता है, रसोइया भाजे न अच्छा बनायेगा, अर्थोपार्जक पैसा अधिक कमायेगा, ईश्वरोपासक अराधना अधिक करेगा। ठीक उसी प्रकार यदि अध्यापक एकाग्रचित है तो अच्छा ज्ञान देगा विद्यार्थी एकाग्रचित है तो अच्छा श्रवण
करके ज्ञानार्जन करेगा मनुष्य और पशु में भेद ही एकाग्रता को लेकर है।

स्वामी जी ने शिक्षण विधियो में मुख्यतः केन्द्रीकरण को महत्व दिया है। इसमें व्यक्ति को स्वयं को एकाग्रचित करना पड़ता है क्योकि मन की चंचलता दूर करके एकाग्र होना शिक्षा का महत्वपूर्ण तत्व ग्रहण करने की एक विधि है। उन्होने कुछ अन्य शिक्षण विधियों की ओर भी



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

दृष्टिपात किया है जैसे श्रवण क्रिया, साधु संगति आदि। स्वामी जी ने तो यहाँ तक कह दिया था कि प्रत्येक व्यक्ति का गाँव–गाँव में
जाकर विद्या का दान करना चाहिये।

क्रिया एवं व्यावहारिक विधियों का भी उन्होंने पूर्णरूपेण समर्थन किया है इसके साथ ही साथ उपदेश विधि को भी महत्वपूर्ण बताया है जो वर्तमान समय में व्याख्यान विधि है। यह इस विधि का ही रूपान्तर मात्र है इसमें किसी विषय पर विचार विमर्श, तर्क वितर्क, समाधान तथा शास्त्रीय तर्कों द्वारा सत्यों व रहस्यों की जानकारी होती है। अनुकरण विधि की ओर भी उन्होंने पर्याप्त ध्यान दिया है उन्होंने
अनुकरण विधि को स्पष्ट करते हुये कहा कि "छात्र बाल्यकाल से ही ऐसे गुरू के साथ रहे जिसका चरित्र देदीप्यमान हो और छात्र के सामने उच्च त्याग का उदाहरण हो क्योंकि छात्र अनुकरण के माध्यम से ज्ञानार्जन करता है।"

स्वामी जी के शैक्षिक विचारों में एक और शिक्षण विधि का उल्लेख आता है और वह है– व्यक्तिगत निर्देश एवं परामर्श की विधि। इस विधि द्वारा मात्रात्मक समूहों में एकत्रित होकर व्यक्तिगत समस्याओं पर विचार किया जाता है। वर्तमान समय में इसका विस्तृत रूप भी दिखायी देता है।

सीखने में स्वाभाविकता का महत्व है। अतः बालक के मस्तिष्क में ज्ञान को ठूंसना नही चाहिये। बालक को सिंह बनने दीजिये, उसे बहुत अधिक परतंत्र मत बनाये। बालक को सुधारने का या सिखाने का दम्भ व्यर्थ है उसे स्वाधीन करिये और उसे स्वयं सीखने के लिये प्रेरित करिये। स्वामी जी के शब्दों में, "तुम किसी बालक को शिक्षा देने में उसी प्रकार असमर्थ हो जैसे कि पौधे को बढ़ाने में। तुम केवल बाधाओं को हटा सकते हो और बस ज्ञान अपने स्वाभाविक रूप से प्रकट हो जायेगा। जमीन को कुछ पोली बना दो ताकि उसमें ये उगना आसान हो जाये उसके चारों ओर घेरा बना दो और देखते रहो कि कोई उसको नष्ट न करें ऐसा ही बालक की शिक्षा के बारे में है। बालक स्वयं अपने आपको शिक्षण देता है। शिक्षण की यह विधि भी महत्वपूर्ण है।

स्वामी जी द्वारा समर्थित शिक्षण विधि में पुस्तकीय शिक्षण की प्रधानता नही है। खेल पुस्तकों के अध्ययन को वे शिक्षा मानने को तैयार नही थें उनके अनुसार पुस्तकों का अध्ययन किया जाय पर इस प्रकार नहीं जिस प्रकार आजकल किया जा रहा है। पुस्तकों को पढ़ने से यदि एकाग्रता विकसित होती, श्रद्धा का विकास यदि नही होता और छात्रों में आत्मविश्वास यदि जाग्रत नही होता तो उन्हें पढ़ाना व्यर्थ है।

शिक्षा का माध्यम



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

शिक्षा का माध्यम एक ऐसी समस्या है जो आज एक विकराल रूप धारण करती जा
रही है। वैदिक युग में शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। शनैः शनैः इसमें परिवर्तन आया और एक
ऐसा समय आया जबकि ब्रिटिश शासन ने संस्कृत के अस्तित्व को समाप्त कर शिक्षा का माध्यम
अँग्रेजी को बना दिया। अँग्रेजों ने प्राचीन शिक्षा प्रणाली को धराशायी कर दिया।

स्वामी विवेकानन्द ने अपने द्वारा निर्धारित शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये मातृभाषा
को शिक्षा का माध्यम बताया। उनके अनुसार शिक्षा मातृभाषा द्वारा प्रदान की जाय' शिक्षा का
माध्यम मातृभाषा को स्वीकार करते हुये उन्होने कहा–

"विदेशी भाषा की अपेक्षा स्वदेशी भाषा पर पहले अधिकार करना चाहिये क्योंकि स्वदेशी
भाषा का अपन` में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। मातृभाषा पर अधिकार कर लेने के बाद
विदेशी भाषा का अध्ययन हो सकता है लेकिन विदेशी भाषा शिक्षा का माध्यम नही हो सकती
है। उन्होने शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को स्वीकार किया। उन्होंने कहा–

"मै समस्त शास्त्र ग्रन्थों को भारत के प्रत्येक मनुष्य की सार्वजनिक सम्पत्ति बना देता
चाहता हूँ। चाहे वह संस्कृत जानता हो या नहीं और यह कार्य मातृभाषा के माध्यम द्वारा सुलभ
है।"

मातृभाषा द्वारा शिक्षा प्रदान किये जाने पर वह सबके लिये उपयोगी और सार्थक होगी
क्योंकि शिक्षा का माध्य ही वह सुदृढ़ आधारशिला है जिस पर शिक्षारूपी भव्य भवन का निर्माण
हुआ है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि स्वामी जी ने शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया यद्यपि उन्होने अन्य भाषाओं की अवहेलना नही की तथापि उन्हें शिक्षा के माध्यम के रूप में नही स्वीकार किया। अन्य भाषाओ को भी पाठ्यक्रम में स्थान दिया। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो ऐसा इसलिये हुआ कि वह शिक्षा को सर्वसुलभ एवं जीवनोपयोगी बनाना चाहते थे और साथ ही साथ व्यक्ति को अन्तिम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित करना चाहते थे। उचित माध्यम द्वारा प्रदान की गयी शिक्षा स्थायी होती है।

शिक्षक

शिक्षक के महत्व को प्रतिपादित करते हुये कहा गया है–

"गुरू ब्रह्मा , गुरूः विष्ण, गुरूः देवो महेश्वरा,
गुरूः साक्षात् परब्रह्म तस्मैश्री गुरूवेनमः।।

निःसंन्देह स्वामी जी ने भी शिक्षा की प्रक्रिया में गुरू की महत्ता बतलायी है। अध्यापक में उन सभी गुणां` का होना आवश्यक है जो व्यक्ति को उच्च चरित्र, उत्तम व्यक्तित्व प्रदान करते है। स्वामी जी के अनुसार शिक्षा 'गुरू गृह वास' है। शिक्षक अर्थात् गुरू के व्यक्तिगत जीवन के बिना कोई शिक्षा नही हो सकती है शिष्य को बाल्यावस्था से ऐसे व्यक्तिगत जीवन के



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyaly
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

शिक्षा का माध्यम एक ऐसी समस्या है जो आज एक विकराल रूप धारण करती जा रही है। वैदिक युग में शिक्षा का माध्यम संस्कृत थी। शनैः शनैः इसमें परिवर्तन आया और एक ऐसा समय आया जबकि ब्रिटिश शासन ने संस्कृत के अस्तित्व को समाप्त कर शिक्षा का माध्यम अँग्रेजी को बना दिया। अँग्रेजों ने प्राचीन शिक्षा प्रणाली को धराशायी कर दिया।

स्वामी विवेकानन्द ने अपने द्वारा निर्धारित शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बताया। उनके अनुसार शिक्षा मातृभाषा द्वारा प्रदान की जाय' शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को स्वीकार करते हुये उन्होने कहा–

"विदेशी भाषा की अपेक्षा स्वदेशी भाषा पर पहले अधिकार करना चाहिये क्योंकि स्वदेशी भाषा का अपन` में सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान है। मातृभाषा पर अधिकार कर लेने के बाद विदेशी भाषा का अध्ययन हो सकता है लेकिन विदेशी भाषा शिक्षा का माध्यम नही हो सकती है। उन्होने शिक्षा का माध्यम मातृभाषा को स्वीकार किया। उन्होंने कहा–

"मै समस्त शास्त्र ग्रन्थों को भारत के प्रत्येक मनुष्य की सार्वजनिक सम्पत्ति बना देना चाहता हूँ। चाहे वह संस्कृत जानता हो या नहीं और यह कार्य मातृभाषा के माध्यम द्वारा सुलभ है।"

मातृभाषा द्वारा शिक्षा प्रदान किये जाने पर वह सबके लिये उपयोगी और सार्थक होगी क्योंकि शिक्षा का माध्य ही वह सुदृढ़ आधारशिला है जिस पर शिक्षारूपी भव्य भवन का निर्माण हुआ है।

निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि स्वामी जी ने शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया यद्यपि उन्होने अन्य भाषाओं की अवहेलना नही की तथापि उन्हें शिक्षा के माध्यम के रूप में नही स्वीकार किया। अन्य भाषाओ को भी पाठ्यक्रम में स्थान दिया। शिक्षा का माध्यम मातृभाषा हो ऐसा इसलिये हुआ कि वह शिक्षा को सर्वसुलभ एवं जीवनोपयोगी बनाना चाहते थे और साथ ही साथ व्यक्ति को अन्तिम लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रेरित करना चाहते थे। उचित माध्यम द्वारा प्रदान की गयी शिक्षा स्थायी होती है।

शिक्षक

शिक्षक के महत्व को प्रतिपादित करते हुये कहा गया है–

"गुरू ब्रह्मा , गुरूः विष्ण, गुरूः देवो महेश्वरा,
गुरूः साक्षात् परब्रह्म तस्मैश्री गुरूवेनमः।।

निःसन्देह स्वामी जी ने भी शिक्षा की प्रक्रिया में गुरू की महत्ता बतलायी है। अध्यापक में उन सभी गुणों` का होना आवश्यक है जो व्यक्ति को उच्च चरित्र, उत्तम व्यक्तित्व प्रदान करते है। स्वामी जी के अनुसार शिक्षा 'गुरू गृह वास' है। शिक्षक अर्थात् गुरू के व्यक्तिगत जीवन के बिना कोई शिक्षा नही हो सकती है शिष्य को बाल्यावस्था से ऐसे व्यक्तिगत जीवन के



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyaly.
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

बिना कोई शिक्षा नही हो सकती है शिष्य को बाल्यावस्था से ऐसे व्यक्ति के साथ रहना पड़ता है जो पवित्र हो। शिक्षक का चरित्र अग्नि के समान प्रकाशमान हो जिसमें उच्चतम शिक्षा का सजीव आदर्श शिष्य के समान रहे और उच्चतम आदर्शो की सच्ची मूर्ति होना चाहिये। उसे ज्ञान के दान के लिये सदा तत्पर रहना चाहिये। ज्ञान का दान बिना त्याग के नही हो सकता। अतः उसे त्यागी भी होना चाहिये।

स्वामी जी ने शिक्षक के तीन गुण बताये है प्रथम गुण उसका शास्त्र ज्ञान है। वैसे तो सारा संसार ही, वेद, कुरान पढ़ता है, पर वे तो खेद शब्दराशि है, धर्म की सूखी ठठरी मात्र है। जो गुरू शब्दाडम्बर के चक्कर में पड़ जाते है जिनका मन शब्दो की शक्ति में बह जाता है, वे भीतर का मर्म खो बैठते है। जो शास्त्रों के वास्तविक मर्मज्ञ है वे असल में सच्चे गुरू है। अच्छा शिक्षक अवश्यमेव शास्त्रों के मर्म को जानता है, वह शब्दों के परे अर्थ को जानता है।

अनुशासन

अनुशासन का वास्तविक अर्थ अपने वास्तविक रूप में मनुष्य की आन्तरिक भावना नियंत्रण की शक्ति और सामाजिक आचरण इन सबको योग होता है। इस प्रकार अनुशासन के बारे में स्वामी जी ने कहा कि मारपीट, भय, दण्ड आदि के द्वारा बालक को अनुशासित नही करना चाहिये। उनके अनुसार अनुशासन के संदर्भ में शिक्षक को मुक्तयात्मक सिद्धान्त को मानना चाहिये। अनुशासन स्थापित करने के लिये बच्चो को पूर्ण स्वतंत्र छोड़ना चाहिये और उन्हें अपनी मूल शक्तियों, रूचियों, स्थानों और योग्यतानुसार विकास के पूर्ण अवसर देने चाहिये। उसी स्थिति में ही बच्चे सही आचरण करते है। दूसरी तरफ स्वामी जी ने यह भी कहा कि विद्यार्थी में ब्रह्मचर्य का गुण हा` तथा वह अपनी ज्ञानेन्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों पर पूर्ण नियंत्रण रखे। उन्होने अनुशासन स्थापित करने के लिये कहा कि ब्रह्मचर्य द्वारा ही ज्ञानें न्द्रियों एवं कर्मेन्द्रियों पर नियंत्रण संभव है। ऐसी अवस्था में व्यक्ति इन्द्रियों पर नियंत्रण रखने में आंशिक रूप से सफल हो जाता है। यह एक ऐसी अवस्था होती है जिसमें बालक एकाग्रता की चरम सीमा पर पहुँचकर स्वयं को ब्रह्म मानने लगता है उन्होने इन्द्रियों को बेलगाम नही छोड़ा है। संयम, दान, ज्ञान, त्याग, तप, उपासना, व्रत आदि इन्द्रियों के नियंत्रण के आधार है।

धर्म–शिक्षा

धर्म–शिक्षा स्वामी विवेकानन्द ने शिक्षा का अन्तरतम केन्द्र धर्म बताया है स्वामी विवेकानन्द के अनुसार "धर्म तथ्य का प्रश्न है न कि वार्तालाप का। हम लोग अपनी आत्मा का विश्लेषण करना पसंद करते है और पता लगाते है कि वहां क्या है। हम लोग जो समझना पसन्द करते है और जो कुछ समझते है उसकी अनुभूति करते है। यही धर्म है किसी भी मात्रा में वार्तालाप करने से धर्म नही बनता है।"



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

धर्म यदि एक ओर अनुभूति है और गुणों की प्राप्ति है और उनका प्रयोग है तो दूसरी ओर उत्कर्ष भी है। हमारे भीतर की कुछ दुर्बलतायें होती है अज्ञान एक दुर्बलता है इसके लिये हमें ज्ञानोत्कर्ष की ओर बढ़ना चाहिये और 'सत्य' का पता लगाना चाहिये जिसका मूलोद्गम वेद, उपनिषद्, वेदान्त आदि है। दूसरी ओर शारीरिक उत्कर्ष में रूचि लेते थे सभी वे सच्चे अर्थ में धर्म का पालन कर सके। इसलिये वे सभी को उपदेश देते थे कि स्वर्ग की प्राप्ति गीता पढ़ने की अपेक्षा फुटबाल खेलने से सरलता से प्राप्त हो सकती है। इसका कारण है कि शरीर हमारे देश में धर्म का साधन है। शरीर का बल होने से आत्मा का बल भी होता है और इस प्रकार व्यक्ति सद्धर्म को करता है। शरीर को बल कैसे मिलता है इसके लिये स्वामी विवेकानन्द ने ब्रह्मचर्य को प्रमुखता दी है। इसी ब्रह्मचर्य के बल पर शरीर और मन दोनो बलवान होते है। ब्रह्मचर्य विचार और कार्य दोनो रूप में होना आवश्यक है। अतः ब्रह्मचर्य का पालन और धारण करना धर्म शिक्षा के अन्तर्गत है, इसके लिये माता–पिता, गुरू और समाज उत्तरदायी है तथा व्यक्ति को स्वयं अभ्यास करने की आवश्यकता है। इससे स्पष्ट है कि विवके नन्द के अनुसार धर्म एक तप और साधना है उसकी शिक्षा का एक क्रम भी है जो ऊपर वर्णित है। विवकोनन्द ने कहा भी है कि धर्म तो व्यक्ति में पुरूषत्व लाता है। वास्तविक रूप में धर्म धारण करने के लिये स्वामी जी का कथन है कि 'तुम क्यों विरोधों में लगते हो। विभिन्न मतों की बातों को बर्दाश्त करें। धैर्य, शुद्धता और सहनशीलता, विजयी होकर रहेंगे। वस्तुतः धर्म इन्हे ही धारण करके कार्य करने में होता है। इससे मनुष्य को बल मिलता है। असीम शक्ति धर्म है। शक्ति अच्छाई है। निर्बलता पाप है धार्मिक शिक्षा प्रत्येक बालक को चमकदार, वीर और प्रत्येक लड़की को प्रकाशयुक्त वीरनी बना दे। धर्म हरेक को निर्भय बना दे। भारत की दुर्दशा देखकर स्वामी विवेकानन्द ने धर्म शिक्षा को अनिवार्य रूप से देने के लिये कहा और यही कारण था कि उन्होने धर्म शिक्षा का प्रचार न केवल भारत में ही किया बल्कि विदेशों में भी किया और हमारे देश में ही नही बल्कि अन्यत्र भी धर्म शिक्षा की आवश्यकता और महत्ता अनुभव की जा रही है।

**<u>सन्दर्भ ग्रन्थ सूची</u>**


1. आत्मानंद मिश्र (2003),भारतीय शिक्षा के प्रवर्तक, मेरठः आर0लाल बुक डिपो।
2. गुप्ता, एस० पी० (2008) भारतीय शिक्षा का विकास तथा समस्यायें, इलाहाबादः शारदा पुस्तक भवन।
3. चटर्जी एवं दत्त (1989) भारतीय दर्शन, पटनाः पी0वी0 प्रकाशन।
4. जौहरी व पाठक (1989) भारतीय शिक्षा का इतिहास, मद्रासः मैकमिलन इण्डिया लि0।




Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

, 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019
oved by UGC

2019

ISSN : 2349-3844
Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

**International Refereed Research Journal of Humanities**

**Editor**

Dr. Vinay Kumar Tripathi

Published by :

Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

http://www.facebook.com/shodh.martand

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Bhikharipur Kala, Jaunpur

Principal
Ra[redacted] Mahavidyaly
Jaunpur

# वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था – एक अध्ययन

**रमेश बहादुर मौर्य**

सहायक प्रवक्ता (बी०एड०)
रघुवीर महाविद्यालय, थलोई,
जौनपुर

इतिहासकारों का मानना है कि हमारे देश की सभ्यता एवं संस्कृति कम से कम 10,000 वर्ष पुरानी अवश्य है और इतना ही पुराना इसका शिक्षा का इतिहास है। यह तथ्य भी निर्विवाद रूप से प्रमाणित है कि वेद संसार के सबसे पुराने ग्रन्थ है। इनके आर्यों द्वारा उस समय तक खाजे I, समस्त विकसित भौतिक आध्यात्मिक ज्ञान सूत्र रूप में संग्रहित है। वैदिक काल में हमारे देश ने एक समृद्धि शाली शिक्षा प्रणाली का विकास किया जिसे वैदिक शिक्षा प्रणाली के नाम से जाना जाता है।

वैदिक काल को शिक्षा की दृष्टि दो कालों में विभाजित किया गया है–प्रारम्भिक वैदिक काल और उत्तर वैदिक काल। उत्तर वैदिक कालीन शिक्षा पर ब्राह्मणीय शिक्षा प्रणाली भी कहते है। 2000 वर्ष लम्बे वैदिक काल की शिक्षा में मूलभूत समानता रही। ज्ञान के विकास के साथ–साथ इसकी पाठ्यचर्या तथा शिक्षण विधियों में भी विकास हुआ।

भारतीय शिक्षा का बीजारोपण अतीत में आज से लगभग 4000 वर्ष पूर्व हुआ था, किन्तु उसके सुसम्बद्ध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल में दिखाई देते हैं। प्राचीन भारतीय मनीषी इस तथ्य से अवगत थे कि "शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, समाज की चतुर्मुखी उन्नति और सभ्यता की बहुमुखी प्रगति की आधारशिला है।" एफ० डब्लू० टामस के शब्दों में, "भारत में शिक्षा, के शब्दों में, "भारत में शिक्षा, विदेशी पौधा नहीं हैं। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहाँ ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो, या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो।"

ऋग्वेदिक कालीन शिक्षा आजकल की भाँति सुव्यवस्थित एवं सुसंगठित न थी। 1000 ईसा पूर्व तक परिवार ही शिक्षा के प्रमुख केन्द्र बने रहे। गृह विद्यालयों में ही बालकों को साहित्य तथा व्यावसायिक शिक्षा प्रदान की जाती थी।

वैदिक साहित्य मुख्य रूप से दो भागों में विभाजित है– कर्मकाण्ड एवं ज्ञान काण्ड। कर्मकाण्ड (अर्थात् यज्ञीय कर्म) के अन्तर्गत संहिता (चतुर्वेद), ब्राह्मण और आरण्यक संकलित हैं



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

और ज्ञानकाण्ड में उपनिषद्। वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था के अन्तर्गत निम्न बिन्दुओं पर अध्ययन किया गया है–

1 उद्देश्य
2 प्रवेश
3 शिक्षण विधि
4 पात्यक्रम
5 अध्यापक
6 छात्र
7 वित्तीय व्यवस्था

**शिक्षा का उद्देश्य :–**

वैदिक काल में जीवन दो प्रकारों में विभक्त था परा तथा अपरा। परा का अर्थ था कि ज्ञान, धर्म, कर्म तथा उपासना के द्वारा ब्रह्म अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति करना। जबकि अपरा का अर्थ था संगठित तथा नियोजित सामाजिक व्यवस्था का संचालन करना। स्पष्ट है कि परा के लिए अलौकिक विद्याओं का ज्ञान आवश्यक था तथा अपरा के लिए लौकिक विद्याओं का ज्ञान महत्त्वपूर्ण था। परा तथा अपरा में परा को अधिक श्रेष्ठ माना जाता था। सम्भवतः इन्ही कारणों से वैदिक काल में शिक्षा का एकमात्र लक्ष्य छात्रों की शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक शक्तियों का विकास इस तरह से करना था जिससे मोक्ष–प्राप्ति के सर्वोच्च लक्ष्य की प्राप्ति की जा सके। वैदिक कालीन शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित थे।

**नैतिक चरित्र का निर्माण करना :–**

वैदिक कालीन शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य छात्रों के नैतिक चरित्र का निर्माण करना था जिससे उनमें अच्छे संस्कारों का विकास हो सके। शिक्षा के द्वारा वैदिक आदर्शों के अनुरूप संस्कारों को छात्रों में विकसित किया जाता था।

**पवित्रता एवं धार्मिकता का विकास करना :–**

वैदिक शिक्षा का दूसरा प्रमुख उद्देश्य मानव का आत्मिक विकास करना था। उस समय मानव जीवन को धार्मिक भाव से ओत–प्रोत परन्तु अत्यधिक सरल, स्वाभाविक तथा पवित्र बनान` का प्रयास किय गया था। जीवन का अन्तिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति थी।

**व्यक्तित्व का विकास करना :–**

वैदिक काल में छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया जाता था। यही कारण है कि इस समय शिक्षा का एक उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना भी था। शिक्षा के द्वारा छात्रों में आत्मविश्वास, सामाजिकता, नेतृत्व, आत्मसम्मान, सहनशीलता, परोपकार आदि गुणों का विकास किया जाता था।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

**सामाजिक कुशलता की उन्नति :—**

वैदिक युग में छात्रों में सामाजिक जीवन की भावना विकसित करके उन्हें स्वस्थ नागरिक बनाना भी शिक्षा का एक उद्देश्य था। छात्रों को अपनी शिक्षा पूर्ण करके ब्रह्मचर्य आश्रम के कर्त्तव्यों का ज्ञान कराया जाता था। जिससे वे अपने पारिवारिक व सामाजिक उत्तरदायित्वों को समझ सकें तथा समाज व राष्ट्र के उत्थान में सक्रिय रूप में भाग ले सकें।

**संस्कृति का संरक्षण एवं प्रसार करना :—**

शिक्षा का एक प्रमुख उद्देश्य सदैव से सांस्कृतिक धरोहर को अक्षुण्ण रखना रहा है। वैदिक शिक्षा भी राष्ट्रीय व सामाजिक संस्कृति का संरक्षण करती थी। छात्रों को संस्कृति का ज्ञान प्रदान करके सांस्कृतिक विरासत को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तान्तरित किया जाता था।

**जीविकोपार्जन के लिए तैयार करना :—**

वैदिक शिक्षा में छात्रों को इस तरह का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाता था कि वे अपने भावी जीवन को सुचारु रूप से चलने में समर्थ हो सकें। अतः स्पष्ट है कि वैदिक शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य का सर्वांगीण विकास करके उसे पूर्ण मानव बनाना था।

**प्रवेश :—**

वैदिक काल में बालक की प्रारम्भिक शिक्षा अपने परिवार में ही विद्यारम्भ संस्कार के उपरान्त ही आरम्भ हो जाती थी। यह संस्कार 5 वर्ष की अवस्था में होता था जिसके उपरान्त बालक को शिक्षा क्षत्रे में पदार्पण कराया जाता था। प्रारम्भिक शिक्षा के अन्तर्गत बालकों को लिखना, पढ़ना तथा गणना का ज्ञान कराया जाता था। प्रारम्भिक शिक्षा सामान्य रूप से गृहों में ही प्रदान की जाती थी। लेकिन शिक्षा का विधिवत प्रारम्भ बालक के उपनयन संस्कार के बाद ही होता था। वैदिक कालीन शिक्षा में विद्यार्थी को 'ब्रह्मचारी' की संज्ञा प्रदान की जाती थी। विद्यार्थी जीवन 'उपनयन' संस्कार के बाद आरम्भ होता था।

'उपनयन' शब्द का अर्थ है, 'गुरु के पास ले जाना' (Taking near to the Teacher) या शिक्षा का प्रारम्भ (Initiation into knowledge) उपनयन के पश्चात् ही विद्यार्थी 'ब्रह्मचारी' कहलाता था। गुरुकुलों में प्रवेश पाने के पूर्व ही 'उपनयन' का सम्पन्न होना आवश्यक माना जाता था। उपनयन संस्कार प्रथम तीन वर्णों के लिए आवश्यक था। डा0 पी0एन0 प्रभु के शब्दों में 'हिन्दू परिवार में ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य वर्ण से सम्बन्धित प्रत्येक बालक कुछ धार्मिक क्रियाओं एवं संस्कारों के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रवेश करता था, जिन्हें उपनयन संस्कार के अन्तर्गत रखा जाता है। इस संस्कार के द्वारा ही बालक भौतिक शरीर के स्थान पर आध्यात्मिक शरीर प्राप्त करता था। एक प्रकार से बालक का दूसरा जन्म होता था। अब वह द्विज अथवा ब्रह्मचारी



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur..., Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

कहलाने लगता था। प्रत्येक वर्ण के लिए विद्यारम्भ की विभिन्न आयु निर्धारित की गई। यह ब्राह्मण के लिए 8 वर्ष, क्षत्रिय के लिए 11 वर्ष और वैश्य के लिए 12 वर्ष निश्चित की गयी थी। मनुस्मृति में उपनयन संस्कार न करने वालों को व्रात्य कहा गया है। इस प्रकार वैदिक काल में सम्पूर्ण भारतीय समाज को साक्षर बनाने का प्रयास किया गया था।

ब्रह्मचर्य आश्रम तथा शिक्षा काल का अन्त समावर्तन संस्कार से होता था। समावर्तन का अर्थ है वापस जाना। जब गुरु (आचार्य) के घर से शिक्षालेकर विद्यार्थी अपने घर लौटता था उस अवसर पर यह संस्कार
होता था।

**शिक्षण विधि :–**

वैदिक कालीन छात्रों को ज्ञान प्रत्यक्ष रूप से प्रदान किया जाता था। शिक्षक का प्रमुख स्थान था। शिक्षा संस्कृत भाषा में दी जाती थी। शिक्षक वैदिक मंत्रों का गायन करता था, उसकी व्याख्या करता था, तथा अपना मत व्यक्त करता था। उसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के द्वारा वैदिक मन्त्रों का सही ढंग से उच्चारण करना तथा उसके अर्थ को समझना होता था। शिक्षण हेतु प्रश्नोत्तर, कथा, व्याख्यान, वाद–विवाद आदि विधियों का प्रयोग किया जाता था।

वैदिक काल में ज्ञान प्राप्त करने की मुख्यतः दो विधियाँ तप तथाश्रुति प्रचलित थीं। तप विधि में छात्र स्वयं मनन, चिन्तन तथा आत्मानुभूति करके ज्ञान प्राप्त करता था। इसके विपरीत श्रुति में छात्र दूसरों से सुनकर ज्ञान प्राप्त करता था। कहीं–कहीं श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन नामक तीन अध्ययन विधियों की भी चर्चा मिलती हैं वैदिक काल में शिक्षा का सर्वोच्च रूप शास्त्रार्थ समूहों तथा सभाओं में दृष्टिगोचर होता था जहाँ छात्र एवं गुरुजन एकत्रित होते थे तथा अपने–अपने ज्ञान का प्रदर्शन करते थे, विचार–विमर्श करते थे तथा शास्त्रार्थ करते थे।

**पाठ्यक्रम :–**

वैदिक पाठ्यक्रम धार्मिक तथा साहित्यिक पुस्तकों से परिपूर्ण था। वैदिक शिक्षा के उद्देश्यों से यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय लोग आध्यात्मिक तथा लौकिक दोनों प्रकार की उन्नति करना चाहते थे। इसलिए पाठ्यक्रम में दोनों प्रकार के विषयों का समावेश किया गया था। कठोप निषद् में दो प्रकार की विद्याओं का उल्लेख मिलता है।

**परा या अध्यात्मिक विद्या :–**

इसके अन्तर्गत चारों वेद, वेदांग, उपनिषद्, पुराण, दर्शन तथा नीतिशास्त्र आते थे।

**अपरा अथवा लौकिक विद्या :–**

इसके अन्तर्गत इतिहास, औषधिशास्त्र, अर्थशास्त्र, ज्योतिष, ज्यामिति, तर्कशास्त्र, व्याकरण, धनुर्विद्या, शल्यविद्या, भौतिकशास्त्र, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणिशास्त्र, आदि आते थे।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhiknanpur..., Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhiknanpur, ...
Jaunpur

उपर्युक्त सभी विषय सभी छात्रों के लिए अनिवार्य नहीं थे। धार्मिक साहित्य तथा इन विषयों में कुछ सामान्य अध्ययन के उपरान्त विद्यार्थी किसी विशेष विषय में योग्यता प्रदान करता था। प्रारम्भ में शिक्षा वर्णानुकूल नहीं थी किन्तु उत्तर वैदिक काल में वर्ण व्यवस्था में जटिलता आने के कारण वर्णों के अनुसार शिक्षा दी जाने लगी। अतः प्रत्येक वर्ण के लिए अध्ययन के विषय निश्चित कर दिए गए जैसे– ब्राह्मणों के लिए धार्मिक ग्रन्थों का अध्ययन तथा धार्मिक कृत्यों से सम्बन्धित ज्ञान प्राप्त करना अनिवार्य बना दिया गया। क्षत्रियों के लिए प्रशासन तथा सैनिक शिक्षा और वैश्यों के लिए कृषि, व्यापार, हस्तकला आदि विषयों को महत्त्व दिया गया।

इस प्रकार हम वैदिक कालीन पाठ्यक्रम को दो भागों, प्राथमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में रख सकते हैं। प्राथमिक शिक्षा के अन्तर्गत बालकों को पहले कुछ वैदिक मन्त्रों का उच्चारण करना और बोलना सिखाया जाता था। तत्पश्चात् उन्हें पढ़ने और लिखने की शिक्षा दी जाती थी। शिक्षा के पाठ्यक्रम में वैदिक मंत्रों का स्मरण, पढ़ना और लिखना, भाषा, साहित्य एवं व्याकरण था।

उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में पराविद्या और अपराविद्या दोनों को स्थान दिया गया था। इस प्रकार उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में वेद, वेदांग, पुराण, दर्शन, उपनिषद, इतिहास, तर्कशास्त्र, भूगर्भशास्त्र, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, प्राणिशास्त्र तथा नीतिशास्त्र आदि विषयों को सम्मिलित किया गया था। इस युग में व्यवसाय और उद्योग के लिए लाभदायक शिल्पों की भी शिक्षा दी जाती थी। 'तक्षशिला' में विद्यार्थियों को वेदों के साथ ही साथ अट्ठारह शिल्पों की भी शिक्षा दी जाती थी। कालान्तर में पूर्व समय की अपेक्षा वैदिक साहित्य का अध्ययन कम हो गया। विदेशी पर्यटकों के विवरण में 4 वेदों, 6 वेदांगों, 14 विद्याओं, 18 शिल्पों तथा 64 कलाओं का उल्लेख मिलता हैं

**अध्यापक :–**

वैदिक शिक्षा में गुरु का पर्याप्त महत्त्व था। गुरु के अभाव में आध्यात्मिक ज्ञान के गढ़ू तत्त्वों को समझना असंभव है, अतः इसके लिए विद्वान् गुरु परम् आवश्यक है। जो व्यक्ति गुरु चरणों की शरण नहीं लेता और स्वयं ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा करता है, वह अन्धा है। इस प्रकार प्राचीन साहित्य में गुरु की अत्यधिक महिमा बतलाई गई है और उसे ब्रह्म स्वरूप कहा गया है। वही व्यक्ति गुरु बनने योग्य माना गया जो ब्रह्मज्ञान प्राप्त कर चुका है।

वैदिक युग में तीन प्रकार के शिक्षक होते थे– गुरु, आचार्य तथा उपाध्याय। गुरु, उसे कहते थे जो समस्त संस्कारों को पूर्ण कर वेदों का निर्देशन देता था। मनु के कथनानुसार आचार्य वह था जो अपने शिष्यों को वेद का ज्ञान, कल्प सूत्र तथा उपनिषद् के संग निःशुल्क देता था। उपाध्याय वह शिक्षक कहलाते थे जो अध्यापन के व्यवसाय को जीवन–यापन के



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

निमित्त ग्रहण करते थे तथा वे वेद के एक भाग का अध्ययन कराते थे। वैदिक कालीन शिक्षकों में निम्नलिखित योग्यताओं तथा गुणों का होना आवश्यक था :–

1. विद्यार्थी शिक्षक को एक आदर्श चरित्रवान व्यक्ति के रूप में देखते थे। अतः उन्हें चरित्रवान तथा ज्ञानी होना आवश्यक था।
2. उसे धैर्यवान होना चाहिए तथा छात्रों के साथ उसका व्यवहार निष्पक्षता का होना चाहिए।
3. उसे अपने विषय का पूर्ण ज्ञाता होना चाहिए। उसे जीवन पर्यन्त अध्ययन करना चाहिए। इसके साथ उसमें अद्भुत् वाक्–शक्ति होना चाहिए। इसके साथ उसे प्रत्युत्पन्न मति तथा मनोविनोदी भी होना चाहिए और अध्यापन कला में भी निपुण होना आवश्यक था।
4. अपने ज्ञान तथा चरित्र से उसे छात्रों पर अमिट छाप छोड़नी चाहिए।
5. उसे छात्रों को प्रोत्साहित तथा निर्देशित करना चाहिए।

**छात्र :–**

वैदिक कालीन शिक्षा व्यवस्था में विद्यार्थी को 'ब्रह्मचारी' की संज्ञा प्रदान की जाती थी। विद्यार्थी जीवन 'उपनयन' संस्कार के बाद आरम्भ हाते I था। 'उपनयन' संस्कार के पश्चात ही कोई विद्यार्थी गुरुकुल में प्रवेश ले सकता था। जब वह गुरुकुल में अपने गुरु के संरक्षण में रहना शुरू कर देता था, तब उसे 'अन्तेवासिन' या 'गुरुवासी' कहा जाता था।

गुरुकुल में प्रत्येक विद्यार्थी को सादा तथा शुद्ध जीवन व्यतीत करना पड़ता है। उनको संसार की समस्त आकर्षक वस्तुओं से दूर रहकर कठोर जीवन व्यतीत करने का विद्याभ्यास करना पड़ता था। विद्यार्थी गुरु के ही संरक्षण में रहते थे। गुरु शिष्यों से किसी प्रकार का शुल्क स्वीकार नहीं करता था। विद्यार्थियों को ब्रह्ममुहुर्त में शैय्या त्याग देनी पड़ती थी। दैनिक क्रिया से निवृत्त होकर स्नान के उपरान्त पूजन आदि करना पड़ता था। तदुपरान्त अपने नए पाठ को याद करना पड़ता था अथवा पुराने पाठ की पुनरावृत्ति करनी पड़ती थी। दोपहर का भोजन लगभग 11 बजे होता था। इसके पश्चात् वह भिक्षा के लिए निकटस्थ ग्राम या नगर में जाना पड़ता था। प्राप्त भिक्षाटन्न से वह स्वयं भोजन बनाता था अथवा उसे गृह पत्नी को देता था और उसके द्वारा पकाए गये भोजन को ग्रहण करता था। दोपे हर को लगभग 1 घण्टे का विश्राम के बाद दो बजे फिर अध्ययन प्रारम्भ होता था। सायंकाल का समय शारीरिक व्यायाम में व्यतीत हाते I था। सूर्यास्त के समय वे संध्या तथा पूजन करते थे और रात्रि का भोजन ग्रहण करते थे। छात्रों के अपने गुरुओं के प्रति निम्नलिखित कर्त्तव्य थे जिनका पालन उनको करना पड़ता था –

1. गुरुओं का, पिता, राजा तथा ईश्वर के समान आदर करना।



Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur Kala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

2. छात्रों का बाह्य व्यवहार भी गुरुओं के प्रति राम्मानजनक होना चाहिए। उचित ढंग का अभिवादन, उनके रामक्ष उच्च आरान नहीं ग्रहण करना चाहिए। उन्हें आकर्षक वस्त्र भी गुरु के रामने नहीं धारण करना चाहिए।

3. उनके लिए परनिन्दा निषेध था।

4. गुरु की आज्ञा का पालन करना। गुरु गृह की अग्नि को प्रज्जवलित रखना।

5. गुरु की गायों को चराना, ईंधन इकट्ठा करना, बर्तन राफ करना, गुरु गृह की राफाई करना।

6. रादा जीवन व्यतीत करना, विद्याध्ययन करना, रांयमित जीवन को अपनाना तथा राधारण एवं उत्तेजनारहित भोजन करना।

7. ब्रह्मचर्य व्रत का पालन करना।

8. भिक्षा माँगना प्रत्येक छात्र का धार्मिक कर्तव्य था।

**वित्तीय व्यवस्था :–** जिराके द्वारा गुरु

इरा रामय शिक्षा निःशुल्क थी। शिक्षा दान, धार्मिक कर्तव्य था वरन् ज्ञान का ऋषि–ऋण रो मुक्ति पाता था। शिक्षा का उद्देश्य जीविकोपार्जन नहीं था और इरा प्रकार प्रराारण था। प्रत्येक गुरु अपने ज्ञान का हरतान्तरण अपने शिष्य को करता था। यदि वह इरा ज्ञान को वह वेद ज्ञान को अक्षुण्ण बनाये रखना अपना परम धर्म रामझता था। यदि वह इरा ज्ञान को अपने तक रीमित रखता तो उराके जीवन के राथ–राथ ज्ञान का दीपक भी रादैव के लिए बुझ जाता। अतः इराका ध्येय ज्ञान की अक्षयनिधि को इरी प्रकार बनाये रखना था। गुरुकुलों की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति रामाज करता था। शिष्य शिक्षा प्राप्त करने के उपरान्त गुरु दक्षिणा देते थे, कभी–कभी रामाज के धनी और दानी व्यक्ति गुरुकुलों की आर्थिक आवश्यकताएँ पूरी करते थे, कभी–कभी राज्य द्वारा भी गुरुकुलों को राहायता प्राप्त होती थी। इरा प्रकार आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति के तीन राधन थे–

1. गुरु दक्षिणा के रूप में प्राप्त धन।
2. रामाज के धनिक वर्ग रो प्राप्त धन।
3. राज्य कोष रो प्राप्त धन।

गुरुकुल अपनी नीति निर्धारण में पूर्णरूपेण स्वतंत्र थे। राज्य की ओर रो उनके ऊपर किरी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं था, राज्य गुरुकुल की किरी नीति में हरतक्षेप नहीं करता था।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


- अग्रवाल, अल्पना (1987). जैन ज्ञान–मीमारा एवं रामकालीन विचार, पी0एच–डी0 शोध, इलाहाबादः इलाहाबाद विश्वविद्यालय।




Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur Kala
Jaunpur

- ओड, डॉ0 लक्ष्मीकान्त (1973), शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि, जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
- एस0 एविनेरी, (1968), द सोशल एण्ड पॉलीटिकल थॉट्स ऑफ कार्ल मार्क्स, कैम्ब्रिजः कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस।
- कश्यप व धर्म रक्षित (1950), संयुक्त निकाय, पटनाः भारतीय पब्लिशर्स।
- किशोर, दवे राजनन्द (1999), भारतीय दर्शन, लखनऊ : (उ0प्र0) हिन्दी संस्थान।
- चटर्जी एवं दत्त (1989), भारतीय दर्शन, पटनाः पी0वी0 प्रकाशन।




Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bashanpur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, ...
Jaunpur

2019

: 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
roved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

**International Refereed Research Journal of Humanities**

**Editor**
Dr. Vinay Kumar Tripathi

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer
Thalai, Bhikharipur
Jaunpur

# माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन

डॉ० शारदा प्रसाद सिंह

विभागाध्यक्ष (बी० एड०)
रघुवीर महाविद्यालय, थलोई
जौनपुर

**प्रस्तावना**

बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने ज्ञान तथा विज्ञान का प्रसार किया और इसका एक भयावह पक्ष यह उभर रहा है कि शिक्षा व्यक्ति केन्द्रित होती जा रही है इसके परिणामस्वरूप एक सुखद समाज के निर्माण में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। सूचना क्रान्ति ने शिक्षा का बाजारीकरण कर दिया है। परिणामतः शिक्षक, विद्यार्थी तथा पाठ्यक्रम की शाश्वत अवधारणायें, दुकानदार, खरीददार तथा वस्तु के रूप में बदल रही है। यह कितना विडम्बना पूर्ण है कि जिन देशों से यह अवधारणा आयात हो रही है वे स्वयं हमारी अवधारणाओं को अपना रहे हैं। वे मानव जीवन के सुन्दर, शाश्वत पक्ष के साथ वरन करने को लालायित हैं ।

शिक्षा मानव के गुणों को विकसित करने की प्रक्रिया है इसके द्वारा मानव की अन्तर्निहित योग्यताओं को विकसित करके समाज सम्मत बनाया जाता है यहीं स्वाभाविक रूप से कुछ प्रश्न उठते हैं– क्या बालक को जो कुछ वह है उसी रूप में विकसित किया जाना चाहिए? यह उसे हजारों वर्षों की सांस्कृतिक–सामाजिक विरासत के मानदण्डों के अनुसार विकसित कर स्वस्थ समाज की रचना में योग देना चाहिए । इसका सीधा सा उत्तर है – व्यक्ति तथा समाज दोनों सापेक्ष हैं एक दूसरे के पूरक हैं और एक के बिना दूसरे का अस्तित्व नहीं है । अतः व्यक्ति की शिक्षा इस प्रकार की हो कि वह अपने गुणों का उपयोग अपने विकास तथा समाजोत्थान के लिए करें। करने की यह प्रक्रिया शिक्षण पर आधारित है।

शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में अनेक नवीन प्रत्ययों तथा नवाचारों का प्रादुर्भाव हुआ है। इनमें से कुछ प्रत्यय अत्यन्त महत्वपूर्ण एक समसामयिक हैं तथा शैक्षिक मापन व मूल्यांकन के क्षेत्र में कार्यरत विद्वतजनों ने इनको अंगीकृत कर लिया है। अतः शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिये इन प्रत्ययों तथा नवाचारों का ज्ञान एवं उनमें निपुणता प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है ।

मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में संरचनात्मक व योगात्मक मूल्यांकन, सामान्यीकृत व इप्सेटिव मापन, निकष संदर्भित व मानक संदर्भित मापन सतत आन्तरिक मूल्यांकन, प्रश्न बैंक, खुली पुस्तक परीक्षा प्रणाली, कम्प्यूटरों के उपयोग प्राप्तांकों का परिमापन, परीक्षा में पारदर्शिता तथा सार्वजनिक परीक्षाओं का प्रमापीकरण जैसे नवाचारों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निःसन्देह ये नवाचार वर्तमान में प्रचलित विभिन्न परिपाटियों एवं साधनों की कमियों को दूर किया जा सकता है । मापन तथा



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur
Jaunpur

मूल्यांकन के क्षेत्र में व्याप्त दोष इनको अपनाने से काफी सीमा तक कम हो सकेंगे एवं छात्रों की योग्यताओं का मापन अधिक वस्तुनिष्ठ, विश्वसनीय तथा वैध ढंग से करना सम्भव हो सकेगा।

शैक्षिक मूल्यांकन से तात्पर्य शिक्षा के क्षेत्र की विभिन्न वस्तुओं अथवा प्रक्रियाओं जैसे शिक्षण विधि, पाठ्यक्रम, पाठ्यवस्तु तथा शिक्षण, शिक्षा उद्देश्य, शैक्षिक कार्यक्रम, शिक्षा सामग्री इत्यादि की वांछनीयता को ज्ञात करने की प्रक्रिया से है। निःसंदेह मूल्यांकन का प्रमुख उद्देश्य शैक्षिक निर्णय लेने में सहायता करता है। अतः शैक्षिक मूल्यांकन कर्ता का अन्तिम लक्ष्य शिक्षा में सुधार लाना है।

पूर्वनिर्मित शैक्षिक कार्यक्रम, योजना या सामग्री की समग्र वांछनीयता को ज्ञात करने की प्रक्रिया से है। दूसरे शब्दों में, योगात्मक मूल्यांकनकर्ता किसी शैक्षिक कार्यक्रम, योजना या सामग्री के गुण व दोषों की जानकारी इसलिए करता है जिससे उस कार्यक्रम, योजना, सामग्री को स्वीकार करने या भविष्य में जारी रखने के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सके ।

अध्यापकगण दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक तथा वार्षिक परीक्षाओं के द्वारा अपने छात्रों के ज्ञान, बोध कौशल का मापन करते थे तथा उन्हें सुधार हेतु आवश्यक पृष्ठ पोषण प्रदान करते थे। अध्यापकों की निष्ठा, ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता एवं विकास के आधार पर एक लम्बे समय तक इन परीक्षाओं को सामाजिक स्वीकृति मिलती रही।

प्रश्न बैंकों के निर्माण का उद्देश्य जहाँ एक ओर प्रश्नपत्र निर्माता को प्रश्न तैयार करने में सहायता करना है वहीं साथ ही साथ अध्यापकों तथा छात्रों को शिक्षण–अधिगम में सहयोग करना भी है।

प्रायः वार्षिक, द्विवार्षिक त्रिवार्षिक अथवा चतुर्वावार्षिक स्तर पर किया जाता है जैसे बी.एड. व एम. एड. के पाठ्यक्रम प्रायः एक वर्षीय होते हैं। हाईस्कूल इंटरमीडिएट व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रायः द्वि–वर्षीय होते हैं, स्नातक पाठ्यक्रम प्रायः त्रिवर्षीय होते हैं जबकि चिकित्सा व अभियांत्रिकी के पाठ्यक्रम प्रायः चार अथवा पाँच वर्षीय होते हैं। सामान्यतः इस प्रकार के सभी पाठ्यक्रमों में मुख्य परीक्षा का आयोजन वार्षिक अथवा द्विवार्षिक स्तर पर किया जाता है, इन परीक्षाओं के द्वारा सम्पूर्ण वर्ष अथवा दो वर्ष, जैसे भी स्थित हो, की अवधि में छात्रों के द्वारा अध्ययन किये गये पाठ्यक्रम में उनके ज्ञान, बोध व कौशल आदि का मूल्यांकन किया जाता है।

सेमेस्टर प्रणाली वर्तमान में प्रचलित वार्षिक प्रणाली की कमियों को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम प्रतीत होता है। सेमेस्टर वार्षिक प्रणाली के अनेक लाभ हैं। सेमेस्टर प्रणालीश में सत्र की अवधि कम होने के कारण छात्रों को सम्पूर्ण सेमेस्टर अध्ययनरत रहना पड़ता है। लगातार गहन अध्ययन करने के फलस्वरूप उनमें विषयवस्तु की समझ के साथ–साथ आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

सभी क्रियाकलाप पारदर्शिता के साथ संचालित होने चाहिए। पुनर्मूल्यांकन, पुनर्योग तथा पुनर्परीक्षा के साथ–साथ परीक्षा परिणाम घोषित हो जाने के उपरान्त परीक्षकों के नाम सार्वजनिक कर देना अथवा श्रेष्ठतम व निम्नतम अंक पाने वाले कुछ परीक्षार्थियों की उत्तरपुस्तिकाओं की फोटोस्टेट प्रतियां सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने जैसे कुछ नूतन कार्य सरलता से किए जा सकते हैं। इनसे परीक्षा



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai ...

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

में पारदर्शिता आने के साथ–साथ छात्रों एवं अभिभावकों का विश्वास परीक्षा प्रणाली में पुनर्स्थापित हो सकने में सहायता मिल सकेगी।

शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में अनेक नवीन प्रत्ययों तथा नवाचारों का प्रादुर्भाव हुआ है। इनमें से कुछ प्रत्यय अत्यन्त महत्वपूर्ण एक समसामयिक हैं तथा शैक्षिक मापन व मूल्यांकन के क्षेत्र में कार्यरत विद्वतजनों ने इनको अंगीकृत कर लिया है। अतः शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिये इन प्रत्ययों तथा नवाचारों का ज्ञान एवं उनमें निपुणता प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है । शैक्षिक मापन व मूल्यांकन के कुछ प्रमुख नवीन नवाचार निम्न है–

1. संरचनात्मक तथा योगात्मक मूल्यांकन
2. सामान्यीकृत तथा इप्सेटिव मापन
3. निष्कर्ष संदर्भित तथा मानक संदर्भित मापन
4. सतत आन्तरिक मूल्यांकन
5. प्रश्न बैंक
6. खुली पुस्तक परीक्षा
7. सेमेस्टर प्रणाली
8. प्राप्तांकों का परिमापन
9. परीक्षा में कम्प्यूटर का उपयोग 10. ग्रेड प्रणाली
11. परीक्षाओं में पारदर्शिता
12. सार्वजनिक परीक्षाओं का प्रमापीकरण

विकास के आधुनिक युग में राष्ट्र की बौद्धिक सम्पदा को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है। निःसन्देह शिक्षा प्रणाली मानव की योग्यताओं के अधिकतम विकास की व्यवस्थित एवं प्रभावी विधा है। शिक्षा ही व्यक्ति के व्यवहार को परिमार्जित करती है। शिक्षा व्यक्ति के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास में सहायक होती है। निरन्तर प्रगतिशील विश्व में रोजगारपरक शिक्षा का महत्व निर्विवाद रूप से स्थापित सत्य है। नवाचार मनुष्य के दृष्टिकोणों के धनात्मक अथवा ऋणात्मक स्वरूप को प्रदर्शित करती है, विद्यार्थियों के शैक्षणिक क्षमता के मापन तथा मूल्यांकन के लिए अनेक नवीन प्रत्ययों तथा नवाचारों का प्रादुर्भाव होता है। शैक्षिक मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में कार्यरत सभी व्यक्तियों के लिये इन प्रत्ययों तथा नवाचारों का ज्ञान एवं उनमें निपुणता प्राप्त करना अत्यन्त आवश्यक है। आज शिक्षा एक व्यवसायिक पद्धति हो गयी है जिससे विद्यार्थियों की शिक्षा काफी प्रभावित हो रही है। आज देश में बेरोजगारी इतनी ज्यादा व्याप्त हो गई है जिससे लोगों में एक दूसरे से आगे बढ़ने की होड़ लगी हुई है तथा जो विद्यार्थी कुशल है उन्हें पीछे रहना पड़ रहा है क्योंकि भ्रष्टाचार इतना ज्यादा है कि लोग पैसा, पहचान एवं अन्य साधनों से नौकरी पा रहे है और जो अच्छे विद्यार्थी है वो पीछे ही रह जा रहे है। आज की सरकारी रोजगार परीक्षा में लोग पहचान व पैसा के जोर पर नौकरी पा रहे हैं। इन समस्याओं को देखते हुए अध्ययनकर्ता द्वारा ने अध्यापकों द्वारा अनेक सहायक नवाचारों का प्रयोग



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

करके विद्यार्थियों को शिक्षा में निपुण करने का प्रयास किया है। परिणामतः छात्रों में धनात्मक अभिवृत्ति का विकास हो सके।

**समस्या कथन**

प्रस्तुत समस्या को निम्नवत शीर्षकबद्ध किया गया है—

"माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन"

अध्ययन के उद्देश्य:—

प्रस्तुत अध्ययन के उद्देश्य निम्नलिखित है—

1. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र — छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र — छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।
4. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

**परिकल्पनाएँ**

प्रस्तुत अध्ययन हेतु निम्नलिखित शोध परिकल्पनाएँ बनाई गई है —

1. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र — छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में अन्तर है।
2. माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र—छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में अन्तर है।
3. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में अन्तर है।
4. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में अन्तर है।

**अध्ययन विधि—**

प्रस्तुत अध्ययन में प्रयुक्त शोध अध्ययन में वर्णनात्मक सर्वेक्षण का प्रयोग किया जाता है। सर्वेक्षण को समझ लेना यहां आवश्यक प्रतीत होता है।

**जनसंख्या :—**

जौनपुर के शहरी माध्यमिक विद्यालयों के 50 छात्र एवं 50 छात्राएँ तथा ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों के 50 छात्र एवं 50 छात्राएँ को जनसंख्या के रूप में सम्मिलित किया गया है।

**न्यादर्श**

इसके लिए जौनपुर में संचालित शहरी एवं ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया है। पुनः शहरी माध्यमिक विद्यालयों से 50—50 छात्र—छात्राओं तथा ग्रामीण माध्यमिक विद्यालयों से 50—50



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

छात्र–छात्राओं का चयन सोद्देश्य न्यादर्शन विधि से किया है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध में माध्यमिक स्तर के कुल 200 छात्र–छात्राओं का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया।

**उपकरण :–**

प्रस्तुत अध्ययन में स्वनिर्मित प्रश्नावली "नवाचार के प्रति अभिवृत्ति मापनी" का प्रयोग शोध–उपकरण के रूप में किया गया है।

यह अभिवृत्ति मापनी नवाचार के प्रति अभिवृत्ति के लिए 50 लड़के तथा 50 लड़कियाँ यादृच्छिक विधि से कुल 2 माध्यमिक विद्यालयों (शहरी एवं ग्रामीण) से चुनी गयी इस मापनी में नवाचार से सम्बन्धित कथन रखे गये हैं, ये कथन नकारात्मक तथा सकारात्मक अभिवृत्ति से सम्बन्धित है।

**प्रयुक्त सांख्यिकी –**

प्राप्त प्रदत्तों का मध्यमान, मानक विचलन एवं टी. मान द्वारा किया गया है। आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या :

$H_1$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक अध्ययन करना।

$H_{01}$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति का तुलनात्मक में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

**सारणी संख्या 1**

माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति से सम्बन्धी प्राप्तांकों (मध्यमान, मानक विचलन, t–मान) का मान

| क्र.सं. | चर | संख्या (N) | मध्यमान (N) | मानक विचनल (S.D.) | t- मान | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी छात्र | 50 | 63 | 10.9 | 1.88 | असार्थक |
| 2 | शहरी छात्राएं | 50 | 67.2 | 12.7 | | |

तालिका सं0 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि t का परिकलित मान 1.88 है जो कि सार्थकता स्तर 0.05 तथा गुणांश 98 पर 1 परीक्षण के सारणी मान 1.98 से कम है। अतः मध्यमानों के बीच अन्तर असार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना ($H_{01}$) स्वीकृत तथा शोध परिकल्पना ($H_1$) को निरस्त किया जाता है अर्थात् माध्यमिक स्तर के शहरी छात्रदृछात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह प्रतिदर्श त्रुटि के कारण है ।

$H_2$ = माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अन्तर है।

$H_{02}$ = माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

**सारणी संख्या 2**

माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र – छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति सम्बन्धी प्राप्तांकों (मध्यमान, मानक विचलन, t–मान) का मान



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur Kala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

| क्र.सं. | चर | संख्या (N) | मध्यमान (N) | मानक विचलन (S.D.) | t- मान | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्रामीण छात्र | 50 | 148.10 | 19.80 | 1.00 | असार्थक |
| 2 | ग्रामीण छात्राएं | 50 | 152.10 | 19.99 | | |

तालिका सं0 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि ज का परिकलित मान 1.00 है जो कि सार्थकता स्तर 0.05 तथा मुक्तांश 98 पर परीक्षण के सारणी मान 1.98 से कम है। अतः मध्यमानों के बीच अन्तर असार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना ($H_{02}$) स्वीकृत तथा शोध परिकल्पना ($H_2$) को निरस्त किया जाता है अर्थात् माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र–छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह प्रतिदर्श त्रुटि के कारण है।

$H_3$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अन्तर है।

$H_{03}$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या 3

माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में सम्बन्धी प्राप्तांकों (मध्यमान, मानक विचलन, t–मान) का मान

| क्र.सं. | चर | संख्या (N) | मध्यमान (N) | मानक विचलन (S.D.) | t- मान | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी छात्र | 14 | 150.64 | 19.90 | 1.05 | असार्थक |
| 2 | ग्रामीण छात्र | 23 | 150.33 | 19.10 | | |

तालिका सं0 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 1 का परिकलित मान 0.05 है जो कि सार्थकता स्तर 0.05 तथा मुक्तांश 35 पर परीक्षण के सारणी मान 2.72 से कम है । अतः मध्यमानों के बीच अन्तर असार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना ($H_{03}$) स्वीकृत तथा शोध परिकल्पना ($H_3$) को निरस्त किया जाता है अर्थात् माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह प्रतिदर्श त्रुटि के कारण है।

$H_4$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में सार्थक अन्तर है ।

$H_{04}$ = माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।

सारणी संख्या 4

माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति सम्बन्धी प्राप्तांकों (मध्यमान, मानक विचलन, t–मान) का मान

| क्र.सं. | चर | संख्या (N) | मध्यमान (N) | मानक विचलन | t- मान | सार्थकता स्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

| | | | | (S.D.) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शहरी छात्राएं | 20 | 154.10 | 19.20 | 0.15 | असार्थक |
| 2 | ग्रामीण छात्राएं | 16 | 153.13 | 19.50 | | |

तालिका सं0 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि t का परिकलित मान 0.15 है जो कि सार्थकता स्तर 0.05 तथा मुक्तांश 24 पर ज परीक्षण के सारणी मान 2.72 से कम है। अतः मध्यमानों के बीच अन्तर असार्थक है। अतः शून्य परिकल्पना ($H_{04}$) स्वीकृत तथा शोध परिकल्पना ($H_4$) को निरस्त किया जाता है अर्थात् माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नहीं है जो अन्तर परिलक्षित हो रहा है वह प्रतिदर्श त्रुटि के कारण है।

**निष्कर्ष–**

प्रस्तुत अध्ययन में परीक्षण के प्रशासन से प्राप्त आँकड़ों के सांख्यिकीय विश्लेषण के पश्चात् निम्नलिखित परिणाम प्राप्त हुए –

1. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र – छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नही होता है।
2. माध्यमिक स्तर के ग्रामीण छात्र – छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नही होता है।
3. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्र एवं ग्रामीण छात्र का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नही होता है ।
4. माध्यमिक स्तर के शहरी छात्राओं एवं ग्रामीण छात्राओं का नवाचार के प्रति अभिवृत्ति में कोई सार्थक अन्तर नही होता है।

**निहितार्थ–**

आधुनिक शिक्षा व्यवस्था मे विद्यार्थियों में नवाचार के प्रति गम्भीर नहीं है जो कि अत्यन्त सोचनीय विषय है। नवाचार में मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में संरचनात्मक व योगात्मक मूल्यांकन, सामान्यीकृत व इप्सेटिव मापन, निकष संदर्भित व मानक संदर्भित मापन आन्तरिक मूल्यांकन, प्रश्न बैंक, खुली पुस्तक परीक्षा प्रणाली, कम्प्यूटरों के उपयोग, प्राप्तांकों का परिमापन, परीक्षा में पारदर्शिता तथा सार्वजनिक परीक्षाओं का प्रमापीकरण जैसे नवाचारों पर विशेष जोर दिया जा रहा है। निःसन्देह ये नवाचार वर्तमान में प्रचलित विभिन्न परिपाटियों एवं साधनों की कमियों को दूर किया जा सकता है। मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में व्याप्त दोष इनको अपनाने से काफी सीमा तक कम हो सकेंगे एवं छात्रों की योग्यताओं का मापन अधिक वस्तुनिष्ठ, विश्वसनीय तथा वैध ढंग से करना सम्भव हो सकेगा किंशा अध्यापक सामान्यत छात्रों की शैक्षिक उपलब्धि का मूल्यांकन करने में ही अधिक रुचि रखता है।

विगत कुछ दशकों में मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में संरचनात्मक व योगात्मक मूल्यांकन, सामान्यीकृत व इप्सेटिव मापन, निकष संदर्भित व मानक संदर्भित मापन, सतत् आन्तरिक मूल्यांकन, प्रश्न बैंक, खुली पुस्तक परीक्षा प्रणाली, सेमेस्टर प्रणाली, कम्प्यूटरों के उपयोग, प्राप्तांकों का परिमापन, परीक्षा में पारदर्शिता तथा सार्वजनिक परीक्षाओं का प्रमापीकरण जैसे नवाचारों पर विशेष जोर दिया जा



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur...

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

रहा है। निःसन्देह ये नवाचार वर्तमान में प्रचलित विभिन्न परिपाटियों एवं साधनों की कमियों को दूर करने की दृष्टि से विद्वानों के द्वारा प्रस्तुत किये गये है। इनको अपनाने से मापन तथा मूल्यांकन के क्षेत्र में व्याप्त दोष काफी सीमा तक कम हो सकेंगे एवं छात्रों की विभिन्न योग्यताओं का मापन अधिक वस्तुनिष्ठ, विश्वसनीय तथा वैध ढंग से करना सम्भव हो सकेगा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. अस्थाना, विपिन (2005), मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन तथा मूल्यांकन चौदहवाँ संस्करण, आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर
2. कपिल, एच. के. (2003), व्यवहारपरक विज्ञानों में अनुसंधान विधियाँ, आगरा, हर प्रसाद भार्गव
3. कपिल, एच. के. (1986), सांख्यिकीय के मूल तत्व, आगराः हर प्रसाद भार्गव
4. कुमारी, रीना (1997), सेवारत एवं गैर सेवारत महिलाओं के बच्चों की अभिवृत्ति एवं उपलब्धि में सम्बन्ध का अध्ययन, एम.एड. लघु शोध–प्रबन्ध, इलाहाबाद शिक्षा शास्त्र विभाग, इ०वि०वि०
5. कौल, लोकेश (2004), शैक्षिक अनुसंधान की कार्यप्रणाली, नई दिल्ले, विकास पब्लिशिंग हाउस प्रा० लिमिटेड
6. गैरिट, हेनरी ई० (1981), शिक्षा तथा मनोविज्ञान में सांख्यिकी के प्रयोग, बाम्बेः वकील – फेफर एण्ड सीमन्स लि०
7. गुप्ता, एस०पी० (2003), शिक्षा तथा मनोविज्ञान में आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, इलाहाबादः शारदा पुस्तक भवन
8. गुप्ता, उमेश चन्द्र (1999), भूगोल विषय में इण्टरमीडिएट के छात्रों के लिए उपलब्धि परीक्षण का निर्माण एवं मानकीकरण, लघु शोध प्रबन्ध, इलाहाबाद रू शिक्षाशास्त्र विभाग, इलाहाबाद विवविव
9. गुप्ता, एस०पी० (2003), साख्यिकी विधियों व्यवहारपरक विज्ञानों में, तृतीय संस्करण, इलाहाबाद, शारदा पुस्तक भवन
10. थार्नडाइक,ई०एल० (1969), मेजरमेन्ट एण्ड इवैलुएशन इन साइकोलॉजी एण्ड एजुकेशन न्यूयाकर्स जॉन विली एण्ड सन्स
11. पाण्डेय, अमित कुमार (2004), कक्षा–11 के छात्रछात्राओं के लिए वाणिज्य विषय में निष्पत्ति परीक्षण का निर्माण एवं मानकीकरण, एम0एड0 लघु शोध प्रबन्ध, इलाहाबादरू शिक्षाशास्त्र विभाग, इला वि. वि.




Spsingh
Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

Ranjana

r : 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
proved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

*International Refereed Research Journal of Humanities*

**Editor**

**Dr. Vinay Kumar Tripathi**

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thalai, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kal.
Jaunpur

# जे0 कृष्णमूर्ति जी का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान

रंजना मिश्रा

शोध छात्रा
शिक्षाशास्त्र विभाग
नेहरु ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), प्रयागराज

जे. कृष्णमूर्ति अपने वार्ताओं तथा विचार विमर्शों के माध्यम से अपनी शिक्षाओं को बच्चों तक पहुंचाते हैं। क्योंकि मानव–मन के मूलभूत परिवर्तनों से तथा एक नवीन संस्कृति के सर्जन में जो केंद्रीभूत है, उसके सम्प्रेषण के लिए शिक्षा को कृष्णमूर्ति प्राथमिक महत्व का मानते हैं। ऐसा मौलिक परिवर्तन तभी संभव होता है, जब बच्चों की विभिन्न प्रकार की कार्यकुशलता तथा विषयों का प्रशिक्षण देने के साथ–साथ उसे स्वयं अपनी विचारणा तथा क्रियाशीलता के प्रति जागरूक होने की क्षमता भी प्रदान की जाती है। यह जागरूकता बच्चों के अंदर मनुष्य के साथ, प्रकृति के साथ तथा मानव–निर्मित यंत्रों के साथ सही संबंध को परिपक्व करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। कृष्णमूर्ति आंतरिक अनुशासन पर बल देते हैं। बाह्य अनुशासन मन को मूर्ख बना देता है, यह आप में अनुकूलता और नकल करने की प्रवृति लाता है। परंतु यदि आप अवलोकन के द्वारा सुन करके, दूसरों की सुविधाओं का ध्यान करके, विचार के द्वारा अपने को अनुशासित करते हैं, तो इससे व्यवस्था आती है। जहां व्यवस्था होती है, वहां स्वतंत्रता सदैव रहती है। यदि आप ऐसा करने में स्वतंत्र नहीं है तो आप व्यवस्था नहीं कर सकते। व्यवस्था ही अनुशासन है। जे. कृष्णमूर्ति अपने शैक्षिक विचारों के माध्यम से शिक्षक और शिक्षार्थी को यह उत्तरदायित्व सौंपते हैं कि वे एक अच्छे समाज का निर्माण करें, जिसमें सभी मनुष्य प्रसन्नतापूर्वक जी सकें, शांति और सुरक्षा में हिंसा के बिना। क्योंकि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य हैं।

**शिक्षा का अर्थ–**

जे. कृष्णमूर्ति जी का मानना है कि शिक्षा–दर्शन एक ऐसा विषय है जो दर्शन के दृष्टिकोण से शिक्षा के समस्त कार्यों, क्रियाओं , समस्याओं आदि का अध्ययन करता है तथा समस्याओं का समसामाजिक समाधान प्रस्तुत करते हुए शिक्षा की प्रक्रिया को उचित दिशा में मोड़ देता है।

जे. कृष्णमूर्ति जी सही शिक्षा की वकालत करते हुए कहते है अज्ञानी वह व्यक्ति नहीं है जो विद्वान नहीं है अज्ञानी वह है जो स्वयं अपने को नही जानता और ऐसा विद्वान व्यक्ति मूढ़ जो जो समझ अथवा बोध के किताबों पर जानकारियों पर और प्रामाण्य पर निर्भर रहता है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

बोध केवल आत्मज्ञान से आता है और अपनी समस्त मानसिक प्रक्रिया के प्रति सजगता से। इस प्रकार शिक्षा का वास्तविक अर्थ स्वयं अपने को समझना है, क्योंकि हममें से प्रत्येक में सम्पूर्ण अस्तित्व समाहित है। जे. कृष्णमूर्ति जी कहते है जिसे हम शिक्षा कहते है वह केवल पुस्तकों से जानकारियों एवं ज्ञान को संकलित करना है और यह कोई भी साक्षर व्यक्ति कर सकता है। ऐसी शिक्षा स्वंय को अपने से पलायन का एक बहुत सूक्ष्म तरीका देती है और सभी पलायनों की भांति यह भी अनिवार्यतः और विचारों के साथ हमारे अपने दोषपूर्ण सम्बंधों का परिणाम है छंद और भाँति। जब तक हम उस सम्बन्ध को नही समझते तथा उसे नहीं बदलते तब तक मान विहता अर्थात तथ्यों का संकलन एवं विभिन्न प्रकार की कार्यकुशलता की उपलब्धि हमें लगातार बढ़ने वालें विनाश और अराजगता की ओर ही ले जायेगी।

सही शिक्षा का अर्थ है कि वह किसी तकनीक के ज्ञान को प्रोत्साहन करने के साथ–साथ कुछ ऐसा काम करें जो कही अधिक महत्वपूर्ण है, यानि वह जीवन की अंखड प्रक्रिया का अनुभव करने में भी मनुष्य की सहायता करे। यही वह अनुभव है जो क्षमता एवं तकनीक को उचित स्थान देगा। यदि किसी व्यक्ति के पास वास्तव में अभिव्यक्ति करने लायक कुछ है तो उसकी अभिव्यक्ति ही अपनी शैली का सृजन कर लेगी, लेकिन आन्तरिक अनुभव के अभाव में बस किसी शैली को सीखना हमें केवल एक छिछलेपन की ओर ले जायेगी।

शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण कार्य ऐसे समन्वित व्यक्तियों को पैदा करना है जो जीवन का उसकी समग्रता में समान करे। एक विशेष की तरह ही आदर्शवादी व्यक्ति को भी समग्रता से कोई मतलब नहीं होता, उसका सरोकार केवल अंश से ही होता है। जब तक व्यक्ति कर्म के किसी आदर्श प्रारूप के पीछे चल रहा है तब तक उसके लिए समन्वित होना संभव नही है, और अधिकांश आदर्शवादी अध्यापक प्रेम को उठाकर एक ओर रख देते है उसका मन नीरस तथा हृदय कठोर होता है। यदि हमे किसी बच्चे का अध्ययन करना हो तो यह आवश्यक है कि हम सजग सावधान और आत्मा सचेत हो और इसके लिए अपार प्रज्ञा और प्रेम की आवश्यकता है, न कि उसे किसी आदर्श का अनुसरण करने के लिए प्रोत्साहित करने की वर्तमान शैक्षिक तथा सामाजिक संरचना, मुक्ति तथा समन्वय लाने में व्यक्ति की सहायता नहीं करती, और यदि वास्तव में अभिभावक चाहते है कि बच्चे का संपूर्ण समन्वित क्षमता का विकास हो, तो उन्हें अपने घर के वातावरण एवं प्रभाव को
बदलना शुरू कर देना चाहिए तथा सही शिक्षकों के साथ लेकर विद्यालयों का निर्माण करना चाहिए।

कृष्णमूर्ति ने शिक्षा का अर्थ निम्न बिन्दुओं से स्पष्ट किया है–

1. शिक्षा का अर्थ आत्मबोध ग्रहण करना अर्थात् स्वयं को समझना है।
2. शिक्षा का अर्थ अधिगम की कला से है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

3. शिक्षा का अर्थ धर्म के वास्तविक स्वरूप को समझना है।
4. शिक्षा का अर्थ जीवन के अर्थ को उसकी समग्रता में समझना है।
5. शिक्षा का अर्थ कार्यक्षमता का विस्तार करना है।
6. शिक्षा का अर्थ सम्यक् बुद्धि को जाग्रत करना है।
7. शिक्षा का अर्थ मेधा का शुभारम्भ करना है
8. शिक्षा का अर्थ सत्य की खोज करना है।
9. शिक्षा का अर्थ कार्य को सम्पूर्ण मन, हृदय और प्रेम से करना है।
10. शिक्षा का अर्थ मन को परम्पराओं के बोझ से मुक्त करना है।

**शिक्षा का उद्देश्य–**

जे. कृष्णमूर्ति ने शिक्षा को जीवन के बेहतर तरीके के रूप में देखा है और कहा है कि शिक्षा शुद्ध चेतना के विस्तार से सम्भव है। उन्होंने संकेत किया कि "शुद्ध चेतना विचारातीत है व भाषा से भी परे है, अशाब्दिक है। शब्द पर्याय नहीं होते। चेतना विचार द्वारा अनिर्धारित है, इसी चेतना का विस्तार होना चाहिये। यह तब सम्भव है जब हम लघुता समाप्त कर स्वयं का विस्तार करें।" आत्म विस्तार के लिए बाहर से बच्चों को देने का प्रयास न करें। आज के अभिभावक सांसारिक भौतिकवाद और भाग–दौड़ की दुनियाँ में रहते हुये अपने बालकों के कोमल मन पर पुस्तकीय ज्ञान का एक बहुत बड़ा बोझ लाद देते है, और बालक न तो पूर्ण मानव बन पाता है और न ही योग्य नागरिक।

शिक्षा का उद्देश्य निश्चित ही रोजगार सृजन है पर शिक्षा हमें बेहतर मनुष्य भी बनाए जिसमें मानवीय गुण हो तथा विश्व को बेहतर ढंग से रहने वाली जगह बनाए। यदि हृदय सच्चा है तो चरित्र होगा। चरित्र के साथ घर में शान्ति होगी और जहां घर अच्छे हैं, उससे राष्ट्र और विश्व प्रभावित होगा।

जे. कृष्णमूर्ति के शब्दो में जानकारी इकट्ठा करना और तथ्यों को बटोरकर आपस में मिलाना ही शिक्षा नही है, शिक्षा तो जीवन के अभिप्राय को उसकी समग्रता में देखना–समझना है। पूर्णतः समन्वित प्रज्ञाशील मनुष्य तैयार करना है। परीक्षा और उपाधि प्रज्ञा का मानदंड नहीं है।

**पाठ्यक्रम–**

जे0 कृष्णमूर्ति कहते है कि बालकों को प्रभावशाली तरीके से व्यक्तिगत, सामाजिक और विशेष प्रकार से राष्ट्रीय जीवन से जोड़े रखने में उक्त पाठ्यक्रम की आवश्यकता होती है। कृष्णमूर्ति ने निम्न बिन्दुओं पर जोर दिया है–

1. नैतिक गुणों का विकास
2. उद्देश्यपूर्ण पाठ्यक्रम



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kal
Jaunpur

3. क्रियाशीलता
4. संतुलित पाठ्यक्रम
5. अधिगम और उपयोगिता

**शिक्षक–**

शिक्षा देने का कार्य मुख्य रूप से शिक्षक का है। शिक्षक एक निश्चित पाठ्यक्रम और निश्चित शिक्षण विधि के अनुसार एक सिस्टम में बंधकर अपना कार्य करता है। उसे केवल उतना करना है जितना उसके लिए निर्धारित है। वह उसका, गोताखोर अथवा तैराक के रूप में अपना कार्य करता है जबकि आज की परिस्थिति में उसे स्वयं को रूई धुनने वाला धुनिया और कुम्हार के रूप में प्रस्तुत करना होगा। दर असल मूल्य शिक्षा केवल किताबों का विषय हो ही नहीं सकती, उसे तो व्यवहार में दिखना चाहिए।

जे. कृष्णमूर्ति जी का कहना है कि एक सही शिक्षक बनने के लिए यह आवश्यक है कि अध्यापक पुस्तकों और प्रयोगशालाओं से अपने को निरंतर मुक्त करना रहे, उसे सदा इसकी सावधानी बरतनी चाहिए कि विद्यार्थी कहीं से उदाहरण, आदर्श, प्रमाण न बना लें। जब अध्यापक अपने विद्यार्थी के माध्यम से अपने को परिपुष्ट करने की अभिलाषा रखता है, जब विद्यार्थी की सफलता उसकी अपनी सफलता होती है तब उसका शिक्षण आत्म सातत्य का, अपने अंह को ही बनाये रखने का एक बहाना होता है और उस आत्म बोध तथा स्वतंत्रता के लिए हानिकारक है सही अध्यापक के लिए यह आवश्यक है कि वह इन बाधाओं के प्रति जागरूक हो जिससे कि वह अपने विद्यार्थियों को केवल अपने ही प्रभुत्व से नहीं बल्कि उनके अपने आत्म केन्द्रित प्रयासो से भी मुक्त कर सकें।

**शिक्षण विधि–**

जे. कृष्णमूर्ति के अनुसार शिक्षण विधि में पढ़ाने के तरीकों, और मानसिक और शारीरिक शिक्षा के लिये भी विवेक की आवश्यकता होती है। शरीर का ध्यान और इसका विकास सबसे महत्वपूर्ण होता है क्योंकि स्वस्थ शरीर के बिना सब शिक्षा व्यर्थ होती है।

समय का मूल्य सिखाने के दो उपाय हो सकते हैं। पहला आप छात्र को यह वाक्य याद करने को दे दें और दस पांच बार लिखवा लें और दूसरा उपाय है आप स्वयं दैनिक जीवन में इस आचरण का पालन करें।

केवल नोट्स और माडल पेपरों से काम न चलायें, मूल ग्रंथों का अध्ययन करें। इंटरेक्टिव मेथोडोलाजी को अपनाएं। हम मूल्यों को संप्रेषित करने के लिए पहले स्वयं तो संवेदित हों। बदलते परिवेश में मूल्यो की निश्चित दिशा तो तय करें। अब परिवेश में भौतिक संसाधन ही तो बदले हैं, उनके साथ हम मूल्यों को कैसे नकार सकते है? वैसे भी शाश्वत मूल्य तो कभी नहीं बदला करते, हां, उस तक पहुंचने के साधन और कर्मकांड जरूर बदल जाते हैं।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Ra[illegible] Mahavidyalaya
Tha[illegible], Bh[illegible]aripurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer M[illegible]lya
Thalai, Bhikh[illegible], Kala
Jaunpur

**अनुशासन–**

जे. कृष्ण मूर्ति जी अनुशासन के बारे में कहते है कि यदि आप सचमुच ही सम से ही सही रूप में शिक्षित किए जाए तब आपमें एक ऐसी अवस्था का आगमन होगा जिसमें न तो बाह्य विसंगति और न तो आंतरिक। तब अनुशासन या जबरदस्ती की आवश्यकता ही नही रह जायेगी। क्योंकि तब आप कोई काम अपूर्णता, स्वतंत्रता और समग्रता से कर रहे होंगे। अनुशासन का आगमन तो तभी होता है जब हममें विसंगतियाँ हों नेता, सरकार, संगठित धर्म यह चाहते है कि आप एक ही प्रकार के विचार करे क्योंकि आप पक्के साम्यवादी, पक्के कैथोलिक या और कुछ पक्के बन सके, तब आप समस्या के रूप में नही रह जायेगे, तब आप केवल श्( करेंगे और यंत्रवत् कार्य करेंगे। तब विसंगति का प्रश्न ही नहीं उठेगा क्योंकि आप किसी का अनुसरण कर रहे, लेकिन सभी प्रकार का अनुकरण विनाशकारी है, क्योंकि यह यांत्रिक है। यह केवल अंधानुकरण है जिसमें सृजनात्मक मुक्ति नही है। अतः समग्रता के लिए किसी प्रकार के अनुशासन की आवश्यकता नहीं।

जे. कृष्णमूर्ति जी अनुशासन की जगह व्यवस्था शब्द का प्रयोग करते है वे कहते है कि मै अनुशासन शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहता, क्योंकि आप अनुशासन का अर्थ सिर्फ बाहरी बदाव तक सिमट कर रह गया है जबक व्यवस्था तब तक नहीं हो सकती जब तक भीतरी समूची प्रक्रिया लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ न बनाएँ।

यदि हम चरित्र और व्यक्तित्व को स्थान ही नहीं देते, तो प्रत्येक स्तर पर हमें इतने चरित्रों के अध्ययन की क्या आवश्यकता थी? किसी भी परिस्थिति में हमारा दृष्टिकोण और निर्णय बहुत मायने रखते हैं। शिक्षा जीवन को दिशा देने के लिए होती है, उसे भटकाव में छोड़ने के लिए नहीं।

**विद्यालय–**

जे. कृष्णमूर्ति जी शिक्षा के विकास में शिक्षालय का योगदान एवं स्वरूप पर चर्चा करते हुए कहते है कि यही शिक्षा का सम्बन्ध व्यक्ति की स्वतंत्रता से है। यह स्वतंत्रता ही समिष्ट के साथ, अनेक व्यक्तियों के साथ, सच्चे सहयोग को जन्म देती है। परन्तु यह स्वतंत्रता आत्म–विस्तार तथा अपनी सफलता के लिए किए गए प्रयत्नों का परिणाम नही है। स्वतंत्रता आत्मबोध के जरिए आती है, वह तब आती है जब मन उन बाधाओं से ऊपर एवं परे उठ जाता है। जिनको उसने अपनी सुरक्षा की लालसा से अपने लिए निर्मित किया है।

शिक्षालय को छोटा रखना चाहिए। किसी भी कक्षा में विद्यार्थियों की संख्या सीमित होना जरूरी है ताकि शिक्षक प्रत्येक शिक्षार्थी पर पूरा ध्यान दे सके। संख्या अधिक होने पर उसके लिए यह करना संभव नही होगा और उस हाल में अनुशासन बनाए रखने के लिए दंड और पुरस्कार का रास्ता अपनाने की नौबत आ जाएगी।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer [illegible]
Thalai, [illegible], Kala
Jaunpur

पूरे विद्यालय हर समय व्यक्तिगत स्वत्रंता तथा प्रज्ञा के भाव से परिपूर्ण रहना चाहिए। इसे न केवल संयोग पर छोड़ देने से काम नही चलेगा और न खाली समय में स्वतंत्रता तथा प्रज्ञा जैसे शब्दों का लापरवाही से उल्लेख करने का ही कोई अर्थ होगा।

वर्तमान में विद्यालयों के अपने प्रबन्धों के कारण स्थायी नैतिक शिक्षा विस्तृत रूप में व्यर्थ हो गयी है।

कृष्णमूर्ति के अनुसार विद्यालय का दिन धार्मिक सेवा के स्वभाव से शुरू होना चाहिये, सामान्य उद्देश्य और सामान्य जीवन के बारे में बताते हुए, ताकि सभी छात्र जो अलग अलग घरों से और अलग अलग जीवन शैलियों से आते हैं विद्यालय में एकता के सूत्र में बांध सकें।

ये एक अच्छी योजना होगी यदि विद्यालय के दिन का प्रारंभ थोड़े संगीत और गायन से शुरू हो ताकि सभी छात्र जो जल्दी जल्दी घर से खाना खाकर विद्यालय को भागते हैं थोड़ा शांत हो जायें और विद्यालय का दिन एक व्यवस्थित ढंग से शुरु कर सकें।

इसके बाद एक प्रार्थना होनी चाहिये और एक छोटा पर सुन्दर व्यक्तव्य जो छात्रों के सामने आदर्श प्रस्तुत कर सके।

पर यदि इन आदर्शों को उपयोगी बनाना है तो ये आदर्श दिनभर विद्यालय में अभ्यास करने चाहिये ताकि धर्म की आत्मा सभी अध्यायों और खेलों में समावेशित रहे।

**धार्मिक शिक्षा–**

किसी भी प्रकार के द्वन्द्व में फँसा हुआ मन कभी धार्मिक नहीं हो सकता है, धार्मिक जीवन की शुरुआत तो तभी होती है जब मानस मन बहुत ही गहराई में छिपेमन की द्वन्द्वात्मक स्थिति को समझकर उसके पार चला जाता है। आज हमारा जीवन अत्याधिक खाली–खाली जैसा है। आपके पास भले ही आप अत्यंत चतुर हो, परन्तु जहाँ तक आप अपने हृदय को इस मन की वस्तुओं से भरते रहेंगे वहाँ तक यह निश्चय है कि आपका जीवन रीता ही रहेगा, कुरूप की संगा इसका अर्थ ही नही रहेगा। जीवन में सौन्दर्य और अर्थ तो तभी आ सकता है जब हमारा हृदय मन की समस्त वस्तुओं से परे हो गया हो।

जे.कृष्णमूर्ति जी धर्म, अहिंसा एवं मानवता पर विशेष जोर दिये है तथा शिक्षा में इसकी भूमिका को महत्व मानते है क्योंकि इसी के द्वारा व्यक्ति एक समग्र मानव के रूप में अपनी पहचान कायम रख सकता है। धर्म का अभिप्राय व्यक्ति जो धारण करता हे वही उसका धर्म है इस दृष्टि से यह मनुष्य की मल सत्ता से सम्ब( हो जाता है और मानवता, मनुष्यता जैसे प्रत्ययों का बोध कराता है। भारतीय दर्शन में धर्म की जो व्याख्या की गयी है यह संसार के सभी देशों में सभी युगों के लिए अपने वैधता बनाई हुई है धर्म के लक्षणों की व्याख्या करते हुए धैय, क्षमा, दम, अस्तेय, पवित्रता, इन्द्रिय, निग्रह, ज्ञान विवेक, सत्य, अक्रोधद्ध कहा जा सकता है इससे व्यक्ति में मनुष्यता पनपती है जिसका आज पूरे विश्व में आवश्यकता है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

निष्कर्ष

जे. कृष्णमूर्ति का दर्शन और शैक्षिक विचार पूर्णतया भारतीय संस्कृति और परम्परा के प्रतिनिधि हैं, फिर भी वे विचारवाद की दृष्टि से जहाँ आदर्शवाद के निकट है वहीं शुद्ध चैतन्य आत्मतत्व की बात कर हमारे उपनिशदों तथा वेदान्त से प्रभावित हैं। मुक्त एवं स्वाभाविक शिक्षा की आवश्यकता तथा औचित्य बताते समय जहाँ वे प्रकृतिवाद के करीब हैं वहीं विज्ञान और जीविकोपार्जन को अनिवार्य मानते हुये यथार्थवाद के निकट हैं। सामाजिक गुणों एवं बालक में राष्ट्रीय मूल्यों की आवश्यकता बताते हुये जहाँ वे प्रयोजनवादी दृष्टिकोण रखते हैं वहीं वैश्यिक कल्याण एवं एकात्म तत्व का समर्थन करते समय मानवतावाद के निकट जाते हुये प्रतीत होते हैं। इस महान शिक्षाविद् एवं दार्शनिक की मान्यतायें स्वतन्त्र न होते हुये भी सर्वव्यापी एवं समन्वयवादी भावना का परिपोषण करती हैं तथा आधुनिक भारतीय शिक्षा के लिए एक ऐसी दृष्टि का प्रतिपादन करती है जहाँ स्वार्थ, कुंठा, ईर्ष्या, द्वेष से मुक्त होकर बालक पूर्ण भारतीय परिवेश में भारतीय संस्कृति की मान्यता और परम्परा के अनुसार शिक्षा ग्रहण कर सकता है साथ ही उसे अपने व्यक्तित्व के निर्माण में स्वानुभव, प्रेरणा और वैचारिक चिंतन को पूर्ण अवसर मिल सकेगा। परम्पराओं से हटकर भी वह मूल्यों को आत्मसात् करने से अलग नहीं रह सकता।

कृष्णमूर्ति का शिक्षा–दर्शन ही वर्तमान संदर्भ में सबसे अधिक प्रासंगिक है। अपनी शैक्षिक विचारधारा द्वारा की कृष्णमूर्ति की एक ऐसी अमूल क्रान्ति लाना चाहते है, जिससे मानव का जीवन उदान्त बन सके। उसमें प्रेम, करूणा एवं संवेदनशीलता के गुणों का स्वाभाविक रूप से विकास हो।

अतः शिक्षा का यह मूलभूत कार्य है कि वह आपको यह खोजने में मदद करे कि आप सचमुच कौन सा कार्य प्रेम से करना चाहते है ताकि आप उसमें अपना सम्पूर्ण मन, सम्पूर्ण हृदय लगा सकें तभी आपमें उस मानवीय गरिमा का उदय होगा, तभी उदासीनता छिछली वृत्तियों का अन्त होगा। क्योंकि बालक किसी ज्ञान को अपने ज्ञानेंद्रियों द्वारा ही ग्रहण करता है अतः बालक की ज्ञानेन्द्रियों के समुचित विकास पर ध्यान देना समीचीन होगा। बालक में अवलोकन की क्षमता का विकास होना चाहिए क्योंकि सर्वप्रथम वह अवलोकन के द्वारा स्थूल वस्तुओं को जानने का प्रयास करता है पुनः उसकी सूक्ष्मता में जाता है। अतः समग्र अवलोकन हेतु बालक को तैयार करने की आवश्यकता होती है। कृष्णमूर्ति जी का कहना है कि जैसे–जैसे आय बड़े होते हैं, दुर्भाग्य से सुनने का, देखने का, अवबोध समाप्त हो जाता है क्योंकि आपकी चिंताएं होती है आप और अधिक धन, बढ़िया कार, अधिक या कम सन्तान चाहते है। आप ईर्ष्यालू महत्वाकांक्षी अभिमानी, लालची एवं द्वेषपूर्ण हो जाते है इस प्रकार आप पृथ्वी के सौन्दर्य का बोधें खो देते है। परन्तु यदि आप विचार करना, निरीक्षण करना, सीखना आरम्भ करे–सीखना



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhiluandpur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhiluandpur, Jaunpur

पुस्तकों से नहीं बल्कि विश्व में जो चारों तरफ हो रहा है उसे देखकर–तो आप एक ऐसे भिन्न प्रकार के मनुष्य के रूप में विकसित हो सकें जो सतर्क है, जिनमें स्नेह है, जो लोगों से प्रेम करते है।यदि आप इस प्रकार से रहे तो सम्भवतः आपको सच्चा धार्मिक जीवन प्राप्त हो सकता है। जे.कृष्णमूर्ति जी कहते है कि सीखने के लिए स्वतंत्रता और व्यवस्था दोनों की आवश्यकता होती है। व्यवस्था के बिना स्वतंत्रता का कोई अस्तित्व नहीं होता। वे दोनों साथ–साथ चलती है। स्वतंत्रता का अर्थ यह नही है कि आपको मनमानी करने की छूट मिल गई है। स्वतंत्रता के लिए बालक की सम्यक बुद्धि की संवेदनशीलता की तथा अवबोध की आवश्यकता होती है। अतः आज वर्तमान समय में संवेदनशीलता तथा अवबोध की महती आवश्यकता है इस प्रकार की तैयारी इस प्रकार होनी चाहिए कि बालक में तत्परता, संवेदनशीलता, अवबोध, अवलोकन एवं प्रत्यक्षीकरण की क्षमता विद्यमान है। अध्यापकों के व्यक्तित्व के सम्बन्ध में जे. कृष्णमूर्ति का कहना है कि शिक्षा मे शिक्षक के अनुकरण तथा सम्पर्क द्वारा बालक के व्यक्तित्व की कल्पना की गई है। प्रातः काल की प्रार्थना से लेकर रात्रि विश्राम तक बालक के समस्त क्रिया कलाप शिक्षकों के साथ ही होते है। जिनके सफल संचालन एवं नियंत्रण अध्यापक द्वारा सम्पादित किया जाता है। अतः अध्यापक का व्यक्तित्व विकसित होना अपेक्षित है। परिवार के पश्चात शिक्षक ही बालक–बालिका और मस्तिष्क को प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते है। अतः शिक्षक का स्वस्थ शरीर, उच्च नैतिक चरित्र, विकसित मन और मस्तिष्क तथा श्रेष्ठ सामाजिक गुण है। शिक्षक का शब्दंच्चारण में जे. कृष्णमूर्ति जी कहते है कि अगर शिक्षक का नैतिक चरित्र और आचरण आकर्षक नहीं होता तो उसका व्यक्तित्व विश्रृंखलित होगा और उस अवस्था मे पाठ्य विषय और उसके अध्ययन का कोई प्रभाव बच्चो, बालकों तथा किशोरों के मस्तिष्क पर नहीं पड़ेगा। यही नही उसका प्रभाव ही उल्टा होगा। अतः व्यक्तित्व के निर्माण में चरित्र और आचारण का प्रमुख योग है। जिस व्यक्ति का चरित्र ठीक नहीं उसका व्यक्तित्व आकर्षक नही होता।

जे. कृष्णमूर्ति जी अनुशासन की जगह व्यवस्था शब्द का प्रयोग करते है वे कहते है कि मै अनुशासन शब्द का प्रयोग नहीं करना चाहता, क्योंकि आप अनुशासन का अर्थ सिर्फ बाहरी बदलाव तक सिमट कर रह गया है जबकि व्यवस्था तब तक नहीं हो सकती जब तक भीतरी समूची प्रक्रिया लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ न बनाएँ।

अतः मानव अपनी वर्तमान सभ्यता में जीवन को इतने अधिक भागों में बाँट दिया है कि शिक्षा का इससे अधिक और कोई अर्थ नहीं रह गया है उससे केवल हम कोई तकनीक या व्यवसाय सीख ले। हममें से अधिकांश व्यक्ति ज्यों–ज्यों बडे होते जाते है त्यों–त्यों भयभीत एवं परतंत्र होते चले जाते है और जहाँ भय है वहाँ न तो मेधा है न भी स्वतंत्रता न प्रेम ही विश्व में व्याप्त संकट का यही मूल कारण है अतः इससे मुक्ति पाने के लिए स्वंय से मुक्ति एवं



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

परतन्त्रता से मुक्ति आवश्यक है। इसके लिए शिक्षा की जो व्यवस्था है उसमें परिवर्तन करना समीचीन लगता है। आज शिक्षा केवल आजीविका होने के कारण व्यक्ति में संग्रह की प्रवृत्ति पनप गयी, आज एक व्यक्ति भूखा है तथा दूसरे के पास इतना खाद्यान्न है कि खा नहीं पा रहा है ऐसी स्थिति में खाद्यान्न है कि खा नहीं पा रहा है ऐसी स्थिति में अराजकता, भ्रष्टाचार, लोलुपता एवं संग्रही की प्रवृत्ति का बोलबाला हो चुका है जो सारे मान्यताओं को ध्वस्त कर दिया है उपरोक्त परिस्थिति में जे. कृष्ण मूर्ति के विचारों की शिक्षा में अनुप्रयोग समय की मांग है वर्तमान समय में शिक्षण का स्वरूप बदल गया है कि जिसमें सहानुभूति एवं संवेदना, प्रेम को स्थान नहीं मिल पाने के कारण ठीक ढंग से सीखने के बजाय भय की दृष्टि से सीखने को मजबूर हो रहा है। इस व्यवस्था को समाप्त कर स्वतंत्र वातावरण पैदा करने में इस शोध की उपयोगिता हो सकती है।

शिक्षा को केवल आजीविका मात्र मत समझो, बल्कि जीवन की तैयारी मानो। शिक्षा में धर्म की स्थापना को लेकर अनेक शिक्षा विदों ने विरोध किया है उसे कैसे लागू किया जाये? आज शिक्षा में जो होना चाहिए वही गौण हो गया है ऐसी परिस्थिति में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है नैसर्गिक, विकास, को महत्व कम हो गया है जे. कृष्णमूर्ति जी नैसर्गिक विकास पर बल दिये है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


- पाण्डेय, प्रो० राम शकल (1986), *शिक्षा की दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि*, आगरा: विनोद पुस्तक मन्दिर।
- पाल, गुप्ता प्रो० मदन मोहन (2005), *शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय आधार* इलाहाबाद: कैलाश प्रकाशन।
- पचौरी, डॉ० गिरीश (2006), *उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक*, इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ।
- मालवीय, डा० राजीव (2006), *शिक्षा दर्शन एवं समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि*, इलाहाबाद: शारदा पुस्तक भवन।
- लाल, प्रो० रमन बिहारी (2009), *शिक्षा के दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय सिद्धान्त*, मेरठ : रस्तोगी पब्लिकेशन।
- मालवीय, राजीव (2016), शिक्षा के दार्शनिक परिप्रेक्ष्य, प्रयागराज : शारदा पुस्तक भवन।
- ओड, लक्ष्मी लाल के. (2017), शिक्षा के दार्शनिक पृष्ठभूमि, राजस्थान : हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर।




Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal

Manoj Kumar

ar : 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
pproved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

***International Refereed Research Journal of Humanities***

**Editor**
Dr. Vinay Kumar Tripathi

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, ...

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

# शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 – समीक्षात्मक अध्ययन

मनोज कुमार यादव

सहायक प्रवक्ता

रघुवीर महाविद्यालय,थलोई

जौनपुर

"निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009" जम्मू और कश्मीर को छोड़कर देश के अन्य सभी राज्यों में 01 अप्रैल, 2010 से 06–14 वयवर्ग के बच्चों के लिए लागू हो चुका है। विश्व में ऐसे बहुत कम देश हैं, जहाँ बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने की राष्ट्रीय व्यवस्था लागू है। इस दृष्टि से यह अधिनियम भारत को प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में सहस्त्राब्दि विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की आधार भूमि उपलब्ध करा रहा है।

इस अधिनियम में 6 से 14 वर्ष की आयु के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रावधान एवं उन प्रावधानों को पूर्ण करने के लिए कर्तव्य एवं दायित्व निर्धारित है।ऐतिहासिक दृष्टि से 1870 में ब्रिटेन में अनिवार्य शिक्षा अधिनियम पारित होने के पश्चात सर्वप्रथम प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा दिलाने की मांग ज्योतिबा फुले द्वारा 1882 में हंटर कमीशन से की गयी थी। 1906 में इम्पीरियल लेजिसलेटिव असेम्बली से श्री गोपाल कृष्ण गोखले द्वारा भारतीय बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करने की मांग की गयी किन्तु उन्हें भी असफलता मिली। 1937 में महात्मा गांधी ने वर्धा में सभी बच्चों के लिए सार्वभौमिक शिक्षा की मांग रखी परन्तु वित्तीय संसाधनों के अभाव का कारण बताकर बच्चों को यह प्रदान नहीं किया गया। 1948–49 में संविधान सभा के सामने यह प्रश्न उत्पन्न हुआ किन्तु सलाहकार समिति ने इसे मौलिक अधिकार न मानते हुए नीति निर्देशक सिद्धान्त की सूची में स्वीकार किया गया।

नीति निर्देशक सिद्धान्त के अनुच्छेद–45 के अनुसार "राज्य इस संविधान के लागू होने के 10 साल की अवधि में सभी बच्चों के लिए जब तक कि वे 14 साल की आयु को नहीं प्राप्त कर लेते निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।" सभी बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय द्वारा 1993 में प्रदत्त निर्णय में यह कहा गया कि शिक्षा के बिना जीवन का अधिकार अधूरा है तथा 14 वर्ष तक के समस्त बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना राज्य का दायित्व है। इस निर्णय के उपरान्त 86वां संवैधानिक संशोधन 2002 के अन्तर्गत मूल अधिकारों में अनुच्छेद 21ए सम्मिलित किया गया, जिसके अनुसार "राज्य 6–14 वर्ष के आयुवर्ग वाले सभी बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा



Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

उपलब्ध कराने का, ऐसी रीति में जो राज्य विधि द्वारा अवधारित करे, उपबन्ध करेगा। ''इसके साथ ही संविधान के अनुच्छेद 45 केलिए निम्नलिखित अनुच्छेद स्थानापन्न किया'' राज्य सभी बच्चों को जब तक वे अपनी 06 वर्ष की उम्र पूरी नहीं कर लेते बचपन पूर्व सुरक्षा उपलब्ध कराने का प्रयास करेगा।

संविधान के अनुच्छे 51–ए में धारा (जे0) के बाद निम्नलिखित धारा जोड़ी गयी–धारा (के0) ''यदि माता–पिता या संरक्षक हैं, 06 वर्ष से 14 वर्ष तक की आयु वाले अपने, यथास्थिति बालक या प्रतिपाल्य के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करें।'' इसके फलस्वरूप प्रारम्भिक शिक्षा को एक मौलिक अधिकार का दर्जा प्राप्त हुआ और सभी बच्चों को यह अधिकार उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्न प्रारम्भ हुए। इसी क्रम में वर्ष 2006 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का एक माडल विधेयक विकसित हुआ जो 04 अगस्त, 2009 को निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम–2009 के रूप में पारित और 27 अगस्त, 2009 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ। अंततः भारत के सभी बच्चों को निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्राप्त कराने की यात्रा लगभग एक शताब्दी के बाद 2010 में मंजिल प्राप्त कर सकी और 01 अप्रैल, 2010 से शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू हो गया है। यह अधिनियम यह अधिसूचित करता है कि प्रत्येक बालक अद्वितीय है तथा उसकी विलक्षणताओं को स्पष्टतया प्रकट व पुष्ट करना राष्ट्र/राज्य की जिम्मेदारी है। शिक्षा का अधिकार अब 6–14 वयवर्ग के सभी बच्चों के लिए एक मौलिक अधिकार है तथा राज्य प्रत्येक बच्चे को कक्षा–8 तक निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए उत्तरदायी है। यह अधिनियम निम्नलिखित कारणों से अन्य देशों के शिक्षा अधिनियमों से विशिष्ट है :–

- निःशुल्क की परिभाषा का तात्पर्य शुल्क न देने से काफी आगे तक है।
- अनिवार्यता सरकारों पर है न कि पालकों पर।
- प्रत्येक प्रकार के भेदभाव को खत्म करके समेकित शिक्षा पर बल देना है।
- विद्यालय के लिए मान एवं मानक का निर्धारण।
- बाल अधिकारों को कानून के दायरे में लाना।

इस अधिनियम के मूर्त रूप लेने से यह आशा की जा सकती है कि अब सरकारों तथा शिक्षा से जुड़े नीति निर्धारकों का सम्यक प्रयास होगा कि यथाशीघ्र सभी बच्चों के लिए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाय।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन तथा सफल परिणाम हेतु अधिनियम में सरकार तथा विभिन्न निकायों के दायित्व निर्धारित किए गये हैं जो इस प्रकार हैं



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

**केंद्र सरकार का दायित्व**

- ➢ अधिनियम के लागू करने के दौरान राज्य सरकार से बातचीत करके तथा सूत्र के अनुसार लागत का अपना हिस्सा राज्य को प्रदान करना।
- ➢ एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम का प्रभावी ढाँचा तैयार करना। शिक्षकों को उत्कृष्ट प्राथमिक शिक्षा हेतु गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण देना।
- ➢ तकनीकी, अनुसंधानात्मक एवं क्षमता निर्णयात्मक संसाधन व सहयोग उपलब्ध कराना।
- ➢ विभिन्न उपायों, योजनाओं एवं कार्यक्रमों की निगरानी करना और चूक होने पर समुचित कदम उठाना।
- ➢ राज्य सरकारों को तकनीकी व संसाधनों द्वारा सहयागे उपलब्ध कराना।

**राज्य सरकार का दायित्व**

- ➢ नजदीक में स्कूल की उपलब्धता सुनिश्चित करना।
- ➢ यह सुनिश्चित करना कि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, भाषायी, लैंगिक स्थानीय, शारीरिक या अन्य बाधाओं के कारण कोई भी बालक शिक्षा से वंचित न रहें।
- ➢ ढांचागत सुविधाएं, जिसमें भवन, अध्यापक, स्टाफ और सीखने के साधन शामिल हैं, उपलब्ध कराना।
- ➢ प्रत्येक बच्चे के प्रवेश, उपस्थिति तथा प्राथमिक शिक्षा की समाप्ति को सुनिश्चित करना।
- ➢ जो किशोर किन्हीं कारणों से 14 वर्ष की उम्र तक प्राथमिक शिक्षा पूरी न कर सकें हों, उन्हें प्राथमिक शिक्षा पूरी होने या 18 वर्ष की उम्र तक मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाय।

**सम्बद्ध सरकार के दायित्व**

- ➢ मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा के प्रावधान की जिम्मेदारियों के बारें में धारा 9 में परिभाषित केन्द्र सरकार की जिम्मेदारियों के अतिरिक्त बाकी सारी जिम्मेदारियां सम्बद्ध राज्य सरकार की होंगी।
- ➢ स्थानीय निकायों के साथ आपसी बातचीत के आधार पर उक्त अधिनियम के सफल कार्यान्वयन हेतु आर्थिक संसाधन हासिल करना।
- ➢ प्रतिवर्ष यह सुनिश्चित करना कि किन–किन स्थानों पर कितने स्कूलों की आवश्यकता है और इसके अतिरिक्त किन मूलभूत सुविधाओं की अनिवार्यता है।
- ➢ आवश्यकतानुसार स्कूल बनवाना और चालू करना।
- ➢ अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप स्कूलों में शिक्षकों की बहाली करना।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

- प्राथमिक स्तर पर स्कूली पाठ्यक्रम का सक्षम शिक्षाविदों द्वारा समय–समय पर संशोधन करवाना।
- इस अधिनियम के कार्यान्वयन हेतु व्यापक डेटाबेस का विकास औररख–रखाव करना।

स्थानीय प्राधिकारी के दायित्व

- अपने क्षेत्र में रहने वाले 1–14 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चों का वंचित वर्ग कमजोर वर्ग आदि में रिकार्ड का रख–रखाव करना।
- यह सुनिश्चित करना कि उनके इलाके में रहने वाले प्रत्येक बच्चे ने प्राथमिक विद्यालय में दाखिला ले लिया है और वह नियमित स्कूल जाता है तथा प्राथमिक शिक्षा पूरी करने में सक्षम है।
- मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने में यदि कोई समस्या आड़े आए तो अतिरिक्त स्कूलों, अध्यापकों व अन्य सुविधाओं हेतु याजे ना और बजट तैयार कर अपने इलाके में निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध कराने वाले स्कूलों की मौजूदा बुनियादी सुविधाओं, शिक्षकों और अन्य सुविधाओं की निगरानी करना।
- शैक्षणिक कैलेण्डर निर्धारित करना।
- प्रवासी परिवारों के बच्चों की शिक्षा हेतु विशेष कदम उठाना।
- निःशुल्क शिक्षा के अधिकार के अन्तगर्त निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, पोषाहार अथवा विकलांग बच्चों को विशिष्ट अधिगम सामग्री, सहायक सामग्री आदि का स्पष्ट प्रावधान करना।
- विद्यालय के कामकाज का अनुश्रवण और निगरानी सुनिश्चित करना।

विद्यालय के दायित्व

- सरकारी विद्यालय तो निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेंगें ही, निजी और विशेष श्रेणी वाले विद्यालयों को भी आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को कक्षा–1 में प्रवेश पाए हुए कुल छात्रों का कम से कम 25 प्रतिशत प्रवेश देना होगा।
- मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के बारें में राज्य सकार अथवा संबद्ध सरकार द्वारा नामित अधिकारी विद्यालयों से जो भी सूचनाएं मांगें, उसे मुहैया करानी होगी।
- कोई भी विद्यालय प्रवेश के समय किसी भी प्रकार की कैपिटेशन फीस नहीं लेगा तथा बच्चे व माता–पिता किसी भी प्रकार की स्क्रीनिंग प्रक्रिया के पात्र नहीं होंगे इसका उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड का प्रावधान है।
- किसी भी विद्यालय में प्रवेश दिए गये बच्चे को प्राथमिक शिक्षा पूर्ण करने से पहले निष्कासित नहीं करना तथा इस प्रावधान का उल्लंघन करने वालों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रावधान है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

- विद्यालय में प्रवेश के लिए बच्चे की उम्र का निर्धारण बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है जो कि 'जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण अधिनियम 1986' के अनुसार या इसी प्रकार से निर्धारित अन्य दस्तावेज के अनुसार होगा परन्तु आयु के प्रमाण के अभाव में प्रवेश देने से मना नहीं किया जा सकता।
- किसी भी बच्चे को शारीरिक व मानसिक यातना देना निषेध है।
- यदि अधिनियम के लागू होने से पहले के किसी विद्यालय द्वारा अनुसूची में बतलाए गये मानकों का अनुपालन नहीं हो पाया है तो अधिनियम लागू होने के 3 वर्ष की अवधि में अपने ही खर्च पर उन्हें अनुपालित करने की व्यवस्था करनी होगी।

**विद्यालय प्रबंध समिति के दायित्व**

प्रावधान है कि अनुदान न पाने वाले निजी विद्यालयों को छोड़कर सभी विद्यालय, विद्यालय प्रबन्ध समिति (स्कूल मैनेजमेन्ट कमेटी– एस.एम.सी.) का गठन करेंगे। इस समिति में स्थानीय सरकार के चुने हुए प्रतिनिधि, विद्यालय में नामांकित बच्चों के अभिभावक व शिक्षक होंगे। कुल सदस्यों में तीन चौथाई सदस्य अभिभावकों में से होंगे। वंचित एवं कमजोर तबके से पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा व आधी महिलाएं होंगी। इनके कार्य इस प्रकार होंगे–

- विद्यालय के कार्यों का अनुश्रवण करना।
- विद्यालय विकास की योजना बनाना व उसकी संस्तुति करना।
- विद्यालय की परिसम्पत्ति का प्रबन्धन सरकार या स्थानीय प्राधिकारी अथवा अन्य स्रोतों से प्राप्त अनुदान के उपयोग का अनुश्रवण करना एवं अन्य कार्यों को करना।

**शिक्षकों के दायित्व**

शैक्षिक प्राधिकारी द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हताओं की केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित हो, के आधार पर अध्यापक के रूप में नियुक्ति की योग्यता मानी जाएगी। शिक्षकों के दायित्व इस प्रकार हैं–

- विद्यालय में समय के साथ नियमित उपस्थिति बनाए रखना।
- पाठ्यक्रम का सम्प्रेषण और पूर्ति करना निर्दिष्ट समयावधि में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पूरा करना प्रत्येक बच्चे की अधिगम क्षमता का आकलन करते हुए आवश्यकतानुसार उसे अतिरिक्त अनुदेशन प्रदान करना।
- माता–पिता या अभिभावकों के साथ नियमित बैठक आयोजित करना जिससे बच्चों की उपस्थिति की नियमितता सीखने की क्षमता, प्रगति और आवश्यक जानकारी उन्हें दी जा सके।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kaia, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kaia
Jaunpur

➢ आर्थिक लाभ के लिए किसी अन्य शैक्षिक गतिविधि में शामिल न होना।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की निगरानी और देखभाल का जिम्मा केन्द्र के स्तर पर राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य स्तर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोगों के जिम्मे है। दुःखद तथ्य यह है कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय आयोग के पास देश के विभिन्न राज्यों से इस कानून का उल्लंघन की आई शिकायतों से कुछ मामलों का निपटारा करने में ही आयोग सफल रहा। अच्छी बात यह है कि कर्नाटक व गोवा को छोड़कर बाकी सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों ने इस कानून के क्रियान्वयन के लिए आदर्श नियम बनाकर अधिसूचित कर दिये हैं। इससे इस कानून के जमीनी स्तर पर लागू होने की रफ्तार बढ़ी है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- अग्रवाल, जी० के० (2008) समाजशास्त्र, आगरा : एस० बी० पी० डी० पब्लिशिंग हाउस।
- कुसेदिया, उमेश चन्द्र (2008) शिक्षा प्रशासन, आगरा : विनोद पुस्तक मंदिर।
- अखिल भारतीय शिक्षा सर्वेक्षण (1986), दिल्ली।

Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, ...
Jaunpur

Dr Avadesh.

ar : 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
pproved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

**International Refereed Research Journal of Humanities**

Editor
Dr. Vinay Kumar Tripathi

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thaloi, Bhikharipur, Kal
Jaunpur

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

# महर्षि अरविन्द के दार्शनिक विचार

डॉ० अवधेश कुमार श्रीवास्तव
प्राचार्य
रघुवीर महाविद्यालय,थालोई
जौनपुर

महर्षि अरविन्द आधुनिक भारत के ही नहीं अपितु विश्व के महानतम चिन्तकों में से एक हैं। वे एक साथ एक महान विचारक, प्रकाण्ड पण्डित कवि, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं महायोगी थे। रोमा रोलां ने अरविन्द को 'भारतीय दार्शनिकों का सम्राट' एवं 'एशिया तथा यूरोप की प्रतिभा का समन्वय' कहकर सम्बोधित किया है।

श्री अरविन्द जी को भगवान श्री कृष्ण ने उनके कारावास प्रवास के समय स्वयं प्रत्यक्ष दर्शन दिया था। भगवान ने उनके हाथ में 'गीता' रूपी दिव्य अस्त्र प्रदान करते हुए कहा था–

*"भगवान् ने उन्हें वहाँ उनके हाथ में गीता का दिव्य अस्त्र पकड़ा कर कहा कि अब समय आ गया है, तुम्हें असली अर्थ को खोलकर मानव के समक्ष प्रकट करना है।"*

अर्थात् अब तुम्हें भारत को ज्ञान, कर्म और भक्ति के पूर्ण समन्वय से उद्भूत एक अछूती एकता की ओर ले चलना है। वास्तव में भारत का रंगमंच बनाकर भगवान को संसार की चेतना को जो महारूपान्तर उपस्थित करना था, उसी के लिए श्री अरविन्द को माध्यम एवं निमित्त बनाया गया था।

श्री अरविन्द जी ईश्वरीय आदेश को अक्षरशः अनुपालन करते हुए गीता के कर्मयोग एवं ध्यान योग की वैज्ञानिक व्याख्या वर्तमान परिप्रेक्ष्य में की है। श्री अरविन्द की विचारधारा के अनुसार *मानव एवं दिव्य शक्ति का सुखद संयोग ही योग है।* दूसरे शब्दों में योग एक ऐसा दिव्य साधन है जिससे मानव दिव्य शक्ति की अनुभूति करता है। श्री अरविन्द मानव को योग द्वारा अनुभूति कर ब्रह्म में लीन होने का उपदेश नहीं देते थे, वे तो इसके द्वारा सम्पूर्ण मानव जाति को अज्ञान, अंधकार और मृत्यु से ज्ञान, प्रकाश और अमरत्व की ओर ले जाना चाहते हैं। इसी कारण श्री अरविन्द की इस विचारधारा को सर्वांग योग दर्शन कहा जाता है।

**महर्षि अरविन्द के दार्शनिक विचार–**

➢ महर्षि अरविन्द के अनुसार तत्त्व मीमांसा–

सृष्टि का सम्पूर्ण कर्ता ईश्वर ही है। अब स्वाभाविक रूप से प्रश्न उठता है कि ईश्वर इस जगत् का निर्माण किस प्रकार करता है? इस प्रश्न का समाधान करने हेतु श्री अरविन्द ने



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

इसकी व्याख्या विकास के सिद्धान्त के आधार पर की है। श्री अरविन्द ने विकास की दो शाखाओं आरोहण एवं अवरोहण का जिक्र किया है।

श्री अरविन्द ने स्पष्ट किया है कि ब्रह्म अवरोहण प्रक्रिया में सत् (पदार्थ) अर्थात् जगत का रूप धारण करता है। इस अवरोहण के सात सोपान बताये हैं– द्रव्य–प्राण–मानस–अतिमानस–आनन्द–चित्–सत्।

श्री अरविन्द जी ब्रह्म को सत् तथा ईश्वर को सत्, चित् और आनन्द के रूप में मान्यता देते हैं। श्री अरविन्द जी आत्मा को गीता के पुरुष रूप में स्वीकारते हैं। उनके विचार से आत्मा में परमात्मा के दो प्रमुख गुण विद्यमान हैं। प्रथम आनन्द और द्वितीय चित्। इस प्रकार आत्मा अनेकानेक योनियों में विचरण करते हुए मानव योनि में प्रविष्ट होती है तथा शरीर के माध्यम से सत् की ओर बढ़ती है। अन्त में सभी विचारों के अध्ययन के पश्चात् यही निष्कर्ष निकलता है कि मानव जी का अन्तिम उद्देश्य सत् चित् और आनन्द की प्राप्ति करके मोक्ष की प्राप्ति करना है। इस तरह श्री अरविन्द ने प्रमुख के आदेश को मानते हुए गीता के कर्म एवं ध्यान योग की वैज्ञानिक विवेचन की।

श्री अरविन्द कहते हैं कि आत्मा के जन्म लेने का अर्थ है उसका किसी ऐसी अवस्था से बाहर निकल आना जहाँ वह अस्तित्वहीन तो नहीं पर हमारी मर्त्य इन्द्रियों के लिए अप्रकट है और उसकी मृत्यु का अर्थ है उसी अप्रकट अवस्था में लौट जाना जहाँ से वह इस भौतिक अभिव्यक्ति में फिर प्रकट होगा। शरीर की मृत्यु पर शोक अथवा दुःख प्रकट करना अज्ञानता है। इस सृष्टि में सब कुछ आत्मा ही है वह 'एक' है, वही परमात्मा है। सम्पूर्ण जीवन उसकी छाया मात्र है। इस सत्य का साक्षात्कार करने वाला जीवन और मृत्यु के चक्र से ऊपर उठ जाता है।

श्री अरविन्द के दर्शन को हम अतिमानव का दर्शन कह सकते हैं, यों श्री अरविन्द ने अपने ग्रन्थों में अतिमानव या 'सुपरमैन' शब्द का प्रयोग बहुत ही कम किया है। श्री अरविन्द ने अतिमानव के स्थान पर अतिमानसिक मानव कहना अधिक उपयुक्त समझा। श्री अरविन्द के अनुसार– "अतिमानसिक स्थिति प्राप्त करने पर ही मनुष्य अपने स्वरूप को प्राप्त कर सकता है। वही उसका वास्तविक स्वरूप है।" श्री अरविन्द कहते हैं कि मनुष्य अप्राकृत है, उसे अपना वास्तविक स्वरूप प्राप्त नहीं हुआ है, वह कल्पना कर सकता है कि वह वास्तविक है, अपने जैसे लोगों में वह प्राकृत जैसा लग भी सकता है।

'अतिमानव' शब्द को लोकप्रिय बनाने का श्रेय नीत्से को जाता है। नीत्से इस बात पर जोर देते हैं कि मनुष्य जाति का परम् लक्ष्य अतिमानव को जन्म देना है। श्री अरविन्द के दर्शन में अतिमानव या अतिमानसिक मानव नीत्से के अतिमानव से पूर्णतया भिन्न है। वह दैवी गुणों से युक्त एक योगी हैं। वह पार्थिव भोग–विलास आदि से ऊपर उठकर अध्यात्म की साधना करता



...nator
Raghuv... Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala,
Jaunpur

है। अपनी सकारात्मक उपलब्धियों को वह मानव मात्र के कल्याण के लिए उपयोग में लाता है। वह प्रज्ञान चेतना को प्राप्त कर सर्वभूतों से एकात्मता का बोध करता है। उसके लिए हिंसात्मक शासन का प्रश्न नहीं उठता क्योंकि वह जीवमात्र को अपना ही स्वरूप समझता है और इसलिए सबके साथ प्रेम भाव से ओतप्रोत रहता है। संक्षेप में श्री अरविन्द का अतिमानव गीता में वर्णित दैवी सम्पदाओं का मूर्त विग्रह है।

श्री अरविन्द ने अकाट्य तर्कों से सिद्ध किया है कि विकासप्रक्रिया का अन्तिम परिणाम अतिमानस को प्राप्त करना है और अतिमानसिक स्थिति पर पहुँचने से सम्पूर्ण मानवजाति अतिमानसिक 'प्रज्ञान–पुरुषों' की जाति में रूपान्तरित हो जायेगी। अतिमानसिक मानव ही आज के मानव का परम लक्ष्य है।

श्री अरविन्द का अतिमानव एक आत्मचरितार्थ, आत्मतृप्त एवं आत्मस्थित पुरुष है। उसके लिए यह संसार आत्मा में आत्मा के लिए आत्मा की प्राप्ति है। अहंकार से वह सर्वथा मुक्त है। इसलिए उसका व्यक्तिगत संकल्प सामुदायिक संकल्प से कदापि भिन्न नहीं हो सकता। अन्य सभी आत्माओं के साथ पूर्ण संगति एवं सामंजस्य से वह कार्य करता है।

श्री अरविन्द अतिमानव सम्बन्धी अपनी धारणा को और अधिक स्पष्ट करते हुए कहते हैं– "दया एक दैवी गुण है, यह ऊपर से हमारे पास अवतरित होती है और जिस मनुष्य का स्वभाव दया से रहित है, अतिमानव या महामानव का मान करना उसके लिए धृष्टता है, क्योंकि केवल वही अतिमानव है जो ईश्वर के उच्चतम स्वरूप को मनुष्य जाति में अभिव्यक्त करता है।"

➢ **महर्षि अरविन्द के अनुसार ज्ञानात्मक मीमांसा–**

श्री अरविन्द के अनुसार भौतिक और आध्यात्मिक तत्त्वों के अभेद को जानना ही वास्तविक ज्ञान है। श्री अरविन्द ने प्रयोग की दृष्टि से ज्ञान को दो वर्गों में विभक्त किया है–

1. द्रव्य ज्ञान
2. आत्म ज्ञान

द्रव्य ज्ञान अर्थात् जगत् ज्ञान को श्री अरविन्द सामान्य ज्ञान मानते थे और आत्म ज्ञान को उच्च ज्ञान के रूप में स्वीकार करते हैं। श्री अरविन्द के विचार से वस्तु जगत् का ज्ञान ज्ञानेन्द्रियों द्वारा और तत्त्व का ज्ञान अंतःकरण द्वारा किया जाता है। सच्च ज्ञान प्राप्त करने के लिए श्री अरविन्द योग क्रिया के अन्तर्गत यम् नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, ध्यान, धारण और समाधि को अति आवश्यक माना है।

श्री अरविन्द कहते हैं कि "समता ही मुमुक्षु का लक्षण और कसौटी है। जहाँ कहीं जीव में विषमता है वहाँ प्रकृति के गुणों की विषम क्रीडा प्रत्यक्ष है, वहाँ कामना का वेग है, व्यक्तिगत इच्छा भाव या कर्म का खेल हैं, सुख–दुःख की द्वन्द्वात्मक गति या वह उद्विग्न या उद्वेगजनक



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

आनन्द जो सच्चा आध्यात्मिक आनन्द नहीं बल्कि एक प्रकार की मानसिक तृप्ति है जिसके साथ अनिवार्य रूप से मानसिक अतृप्ति का प्रतिक्षेप या प्रतिरूप भी लगा रहता है। समत्व के द्वारा ही कर्मयोगी को कर्म करते समय भी यह ज्ञान रहता है कि वह मुक्त है।" दिव्य शान्ति के तीन साधन या सोपान हैं– वीरोचित सहनशीलता, विवेकपूर्ण विरक्ति और धर्मनिष्ठा समर्पण या तितिक्षा। गीता अपने समन्वय की उदार प्रकृति में इन सभी का समावेश कर लेती है और अपनी आत्मा की ऊर्ध्व गति में उन्हें समन्वित कर लेती है। वह इन तीनों को बड़ी गहराई से जोड़ती है, प्रत्येक का लक्ष्य अधिक व्यापक बनाती है और प्रत्येक में सर्वव्यापक और सर्वातीत परम अर्थ भर देती है। इसका कारण यह है कि गीता इनमें से प्रत्येक को एक आध्यात्मिक मूल्य और आध्यात्मिक सत्ता की शक्ति देती है।

श्री अरविन्द कहते हैं कि मन जीवन के प्रतिकूल आघातों से कष्ट और अरुचि के कारण पीछे हटता है, यह आत्मरक्षा में प्रकृति की युक्ति है जिसे 'जुगुप्सा' कहते हैं। इसी कारण हमारे स्नायु और शरीर के अतिकोमल अंग सहसा अपने ध्वंस का आलिंगन करने के लिए दौड़ नहीं पड़ते। जीवन के अनुकूल स्पर्शों से मन को हर्ष होता है, यह राजस भोग प्रकृति का प्रलोभन है जिससे जीव की शक्ति, जड़ता और अकर्मण्यता की तामसी प्रवृत्तियों को जीत सके और वह कर्म, संघर्ष और सफलता के लिए पूर्ण रूप से लग जाए और मन को इनके साथ आसक्त करके प्रकृति अपना प्रयोजन सिद्ध कर सके। हमारी मूढ़ चेतना इस द्वन्द्व और संघर्ष में एक प्रकार का सुख अनुभव करती है। इस सुख से उसे विषाद और दुःख भी मिलता है। जो क्रिया हमें निम्न प्रकृति के विक्षोभों से बाहर निकाल सकेगी, वह अवश्य ही हमारे मन को समत्व की ओर गतिशील करेगी। जो लोग जरा और मरण से छुटकारा पाने के लिए तामसिक वैराग्य से ही आत्म–संयम करते हैं (जरामरणमोक्षमामश्रित्य यतन्ति ये) उनकी साधना को भी गीता स्वीकार करती है किन्तु इस साधना से यदि कोई लाभ होना है तो इसके साथ एक उच्चतर अवस्था की सात्विक अनुभूति भी होनी चाहिए और भगवान् में ही आनन्द और भगवान् का ही आश्रय लेना चाहिए।

जिसकी आत्मा समत्व को प्राप्त हो गयी है उसे दुःख सहना होता है, पर वह दुःख से घृणा नहीं करता, उसे सुख ग्रहण करना होता है पर वह सुख से हर्षित नहीं होता। शारीरिक यंत्रणाओं को भी सहिष्णुता के द्वारा जीतना होता है। जरा, मृत्यु, दुःख, यंत्रणा से भागने की जरूरत नहीं, प्रत्युत इन्हें स्वीकार करके उदासीनता से परास्त करना है।

विशुद्ध दार्शनिक, मनीषी या ज्ञानी पुरुष अपने सत्वगुण को आत्मवशित्व के साधन के रूप में प्रयुक्त करता है। वह स्थिर शान्त बुद्धि से सबकुछ देख लेता है और बिना किसी द्वेष या घबराहट के अपना मार्ग निश्चित कर लेता है। "विषयेन्द्रिय संयोग से उत्पन्न होने वाले भोग



Coordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikhanpur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Ka
Jaunpur

ही दुःख के कारण है, इनका आदि है अन्त नहीं, इसलिए ज्ञानी जाग्रत बुद्धिवाला पुरुष इनमें रमण नहीं करता।

जिसने अपनी निम्न प्रकृति को जीत लिया है वह अपने सच्चरित्र स्वभाव को अपने सर्वोत्तम सहयोगी के रूप में पाता है। वह ज्ञान से तृप्त हो जाता है, वह इन्द्रियों का स्वामी हो जाता है, सात्विक समत्व के द्वारा योगी हो जाता है, क्योंकि समत्व ही तो योग है– 'समत्वं योग उच्यते', उसकी दृष्टि में मिट्टी, सोना, पत्थर सब बराबर है, सरदी–गरमी में सुख– दुःख में, मान–अपमान में वह एक सा शांत और सम रहता है।

➢ **महर्षि अरविन्द के अनुसार मूल्य मीमांसा–**

श्री अरविन्द के अनुसार मनुष्य के जीवन का अन्तिम ध्येय सत्, चित् और आनन्द को प्राप्त करना है। सच्चिदानंद की प्राप्ति हेतु अरविन्द ने गीता के कर्मयोग और ध्यान योग को साधन माना है। गीता के कर्म योग और ध्यान योग के माध्यम से ही एक योगी अपने कर्म क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने में सफल होती है। एक कर्मयोगी एवं ध्यान योगी को स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और विकास रहित तथा संयमी और क्रियाशील होना चाहिए। इसके लिए श्री अरविन्द ने पुनः योग क्रिया के महत्व को स्वीकार किया है। श्री अरविन्द के अनुसार ये सभी चीजें एक सफल मानव के आचरण के अंग होने चाहिए।

अरविन्द के अनुसार गीता निःस्वार्थ कर्त्तव्यपालन की शिक्षा नहीं देती बल्कि दिव्य जीवन जीने की शिक्षा देती है। प्रत्येक मनुष्य संघर्ष की अवस्था में कहीं न कहीं अपने आपको असहाय पाता है। ऐसी अवस्था में अन्तःकरण में स्थित भगवान् के आदेशों का पालन करने के लिए समस्त कर्त्तव्यों का परित्याग कर ममत्वरहित और निरहंकार आचरण करना ही श्रेष्ठ है। अरविन्द ने कर्म को अकर्म से श्रेष्ठ बतलाते हुए भी कर्मकर्तृत्त्व का निषेध नहीं किया, बल्कि भगवत्प्राप्ति के साधनों में इसे भी एक साधन के रूप में स्वीकार किया।

श्री अरविन्द का विचार है कि जीव का भगवान की ओर सर्वभाव से समर्पण ही मुख्यतया गीता के ज्ञान, कर्म और भक्ति के समन्वय का आधार है। भगवान् की झांकी पा लेने के बाद, भगवान का सान्निध्य पा लेने की इच्छा प्रबल हो जाती है। जो लोग महात्मा हैं, जो अपने आपको उस दैवी प्रकृति के प्रकाश और उदारता की ओर खोल देते हैं जिसे प्राप्त होना मनुष्य के सामर्थ्य के अन्दर है, वे ही उस मार्ग पर हैं जो आरम्भ में बहुत ही संकरा, पर अन्त में अत्यन्त विशाल होता हुआ मुक्ति और पूर्णता की ओर ले जाता है। मनुष्य के अन्दर जो देवत्व है उसकी वृद्धि होती जाती है, वैसे–वैसे आवरण हटता जाता है और जीव कर्म के उत्तरोत्तर महान् अभिप्राय को तथा जीवन के वास्तविक तथ्य को समझने लगता है। आँख खुल जाती है उस भगवान् की ओर, जो मनुष्य के अन्दर है, उन भगवान् की ओर जो जगत् के अन्दर है।



Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya

जो लोग ज्ञान पर ही अधिक जोर देकर चलते हैं वे भी अन्तरात्मा और प्रकृति में होने वाले भगवान् के दर्शन की निरन्तर बढ़ने वाली, अपने अन्दर लीन करने वाली और अपने रास्ते पर चलाने वाली शक्ति के सहारे उसी जगह पर पहुँच जाते हैं। उनका यज्ञ है– ज्ञान यज्ञ और ज्ञान के ही अनिवर्चनीय परम भाव और आनन्द से वे पुरुषोत्तम की भक्ति करने लगते हैं– "ज्ञानयज्ञेन यजन्तो मामुपासते।" यह वह ज्ञान है जो भक्ति से भरा हुआ है, क्योंकि यह अपने करणों में पूर्ण है, अपने लक्ष्य में पूर्ण है। यह ज्ञान अनायास ही एक भजन–पूजन, एक विशाल भाव–भक्ति एक महान आत्मदान, एक पूर्ण आत्मोत्सर्ग हो जाता है। कारण यह उस आत्मा का ज्ञान है, जो हमें अपना बना लेता है और जब हम उसके समीप पहुँचते हैं तो हमारे ऊपर अपने सत्स्वरूप के अनन्त आनन्द की निधियाँ बरसाता है।

कर्म का मार्ग भी आत्मनिवेदन रूपी उपासना और भक्ति में परिणत हो जाता है क्योंकि यह हमारे चित्त और उसकी सारी वृत्तियों और व्यापारों का उस एक श्री पुरुषोत्तम के चरणों में पूर्ण समर्पण होता है।

जीव जब अपने अहंकार और कर्मों को भगवान् को समर्पित कर देता है तब भगवान् स्वयं चले आते हैं और हमारा बोझ उठा लेते हैं। अज्ञानी को वे दिव्य ज्ञान का आलोक, दुर्बल को दिव्य संकल्प का बल, परमात्मा को दिव्य पवित्रता की मुक्तिदायिनी स्थिति, दुःखी को अनन्त आत्मसुख और आनन्द देते है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- ओड, डॉ0 लक्ष्मीकान्त (2017), *शिक्षा की दार्शनिक पृष्ठभूमि*, जयपुरः राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
- चौबे, डॉ0 सरयू प्रसाद, डॉ0 अखिलेश (2006), *आधुनिक शिक्षा के दार्शनिक और समाजशास्त्रीय सिद्धान्त*, इलाहाबादः शारदा पुस्तक भवन।
- पाण्डेय, प्रो0 राम शकल (1986), *शिक्षा की दार्शनिक एवं समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि*, आगराः विनोद पुस्तक मन्दिर।
- पचौरी, डॉ0 गिरीश (2008), *उदीयमान भारतीय समाज में शिक्षक*, इण्टरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, मेरठ।
- मालवीय, डा0 राजीव (2006), *शिक्षा दर्शन एवं समाजशास्त्रीय पृष्ठभूमि*, इलाहाबादः शारदा पुस्तक भवन।
- मिश्र, रवीन्द्र (1992), *"महर्षि दयानन्द सरस्वती एवं प्लेटो के शैक्षिक दर्शन का समीक्षात्मक अध्ययन"* (एम0एड0), इलाहाबाद वि0वि0, इलाहाबाद।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thari, Bhikharipur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Bhikharipur, Ko...
Jaunpur

Dr. Sanjy

r : 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
pproved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

**International Refereed Research Journal of Humanities**

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Editor
Dr. Vinay Kumar Tripathi

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur,
Jaunpur

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

# वैदिक दर्शन में निहित पर्यावरणीय शिक्षा के तत्वों की विवेचना

संजू शुक्ला

सहायक प्रवक्ता, गृह विज्ञान
रघुवीर महाविद्यालय,थलोई
जौनपुर

वेद संसार के प्राचीनतम ग्रंथ है। वेद चार है– ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद और सामवेद। सामान्यतः यह समझा जाता है कि वेद केवल धर्म और दर्शन के ग्रन्थ हैं परन्तु वास्तविकता यह है कि इनमें उस समय तक आर्यों द्वारा खोजा एवं विकसित समस्त ज्ञान–विज्ञान सूत्र रूप में संग्रहीत है। ऋग्वेद में यूँ तो ईश प्रार्थना और देवताओं की स्तुति सम्बन्धी मंत्र अधिक है परन्तु साथ ही सृष्टि, सृष्टिकर्ता, मानव जीवन के विभिन्न पक्ष, मानव जीवन के अन्तिम उद्देश्य और उस उद्देश्य को प्राप्त करने के साधनों की विषद व्याख्या की गई है। यजुर्वेद में भी ईश प्रार्थना और देवताओं की स्तुति और मानव जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित मन्त्र है परन्तु साथ ही मनुष्य के करणीय तथा अकरणीय कर्मों तथा कर्मकाण्ड (पूजा–पाठ तथा विभिन्न प्रयोजन के लिए किए जाने वाले यज्ञों) की विषद व्याख्या की गई है। अथर्ववेद में भी ईश प्रार्थना, देवताओं की स्तुति एवं मानव जीवन के विभिन्न पक्षों से सम्बन्धित मन्त्र हैं परन्तु इसमें मुख्य रूप से मनुष्य के लौकिक एवं पारलौकिक दोनों पक्षों से सम्बन्धित ज्ञान–विज्ञान संग्रहीत है, शारीरिक स्वास्थ्य, गृहस्थ जीवन, कृषि एवं अन्य कला–कौशल (व्यवसाय) से सम्बन्धित ज्ञान संग्रहीत है। इसमें गणित से सम्बन्धित कुछ ऐसे सूत्र हैं जो आज के गणितज्ञों के लिए शोध का विषय बने हुए हैं। इतना ही नहीं अपितु जलपोत एवं वायुयान निर्माण सम्बन्धी विज्ञान भी संग्रहीत है। सामवेद में भी ईश प्रार्थना, देवताओं की स्तुति और मानव जीवन से सम्बन्धित मन्त्र हैं, परन्तु साथ ही वेद मन्त्रों के उच्चारण एवं गायन की विधि है, उन्हें वाणी में उतार–चढ़ाव के साथ कैसे गाया जाए, इसका विज्ञान संग्रहीत है और किस प्रकार के वेद मन्त्रों को गाने से मनुष्यों को क्या लाभ होते हैं, इनकी भी व्याख्या है।

भारतीय संस्कृति के सर्वत्र शान्ति की कामना की गयी है। अथर्ववेद 11.9.14 में शान्ति सूक्त में कहा गया है कि पृथ्वी, अन्तरिक्ष, द्युलोक, जल, औषधियाँ, वनस्पतियाँ और देव हमारे लिये शान्तिप्रद हो शान्ति से बढ़कर हम असीम शान्ति प्राप्त करें। सभी प्रकार की शान्त प्रक्रियाओं को हम घोर कर्म, क्रूर कर्मफल और पापपूर्ण फल को दूर हटाते हैं। वे शान्त होकर कल्याणप्रद हो। वे सभी हमारे लिये मंगलदायक हो।

पृथ्वी शांति अन्तरिक्षं शान्ति शांतिद्यौः शांतिरापः
शांतिरोषधयः शांतिर्वनस्पतयः शान्तिः विश्वे में



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur Kala
Jaunpur

सैषा शान्तिः सर्वे मे सैषा शान्तिः शान्तिः शान्तिः
शान्तिभिः। ताभिः शान्तिभिः सर्वशान्तिभिः
शमयामोऽहं यदिह घोरं यदिह क्रूरं यदिह पापं
तच्छान्तं तच्छिवं सर्वमेव शमस्तु नः।

(अथर्ववेद 11.9.14)

अथर्ववेद 11.9.7.9 में लिखा है कि सूर्य, वरुण, पृथ्वी, अन्तरिक्ष, लोहित दूध देने वाली गायें, उल्काएं, नक्षत्र आदि सभी शान्तिप्रद, सुखदायी व लोककल्याणकारी हों। भूमि में खोदकर किए गए प्रयोग भी प्राणीमात्र के लिए घातक न हो। देशकाल में होने वाले सभी प्रकार के विघ्नों का नाश होकर शान्ति स्थापित हो।

पृथ्वी सूक्त में अथर्ववेद के ऋषियों ने कहा है– "हे! धरती माँ जो कुछ मैं तुमसे लूँगा, वह उतना ही होगा जिसे तू पुनः पैदा कर सके। तेरे मर्मस्थल पर या तेरी जीवन–शक्ति पर कभी आघात नहीं करूँगा।"

वैदिक परम्परा में पर्यावरण संरक्षण की परम्परा प्रारम्भ से ही रही है। प्रकृति को देवी और देवता के रूप में स्वीकार किया गया है। आज भी भारत में बरगद, पीपल, आँवला, तुलसी और नीम के वृक्षों की पूजा की जाती है। केले और आम के पत्तों को महत्व दिए बिना विवाह संस्कार तक शुभ नहीं समझे जाते है। हिन्दू धर्म में 'पीपल' और 'तुलसी' के पेड़ अत्याधिक पवित्र माने जाते हैं तथा यह समझा जाता है कि इन पेड़ों में देवता निवास करते हैं। 'तुलसी' के पेड़ के लिए यह प्रसिद्ध है कि विष्णु भगवान् उसमें अवस्थित हैं। इसी प्रकार 'अशोक' का वृक्ष भी हिन्दू समाज में अत्यधिक पवित्र और पावन माना जाता है। पुत्र–प्राप्ति के लिए स्त्रियाँ 'अशोक' वृ । का पूजन करती हैं। 'न्यग्रोध' अथवा 'वट' का वृक्ष भी हिन्दू धर्म में बहुत ख्यात है। पुराणों में यह विवृत् है कि प्रलयकाल में 'न्यग्रोध' वृक्ष पर बालक रूप में भगवान् नारायण पड़े हुए थे। वेद जिन्हें 'अरण्यक' कहते हैं, इनकी रचना वनों में हुई थी। ये वनों में गाए गए गीत हैं। ऋषि–मुनियों ने वनों में ही तपस्या की थी। यज्ञ–हवन द्वारा वायु तथा वातावरण की शुद्धि करना भारतीय मनीषियों की दैनिक दिनचर्या में शामिल था।

भारत में प्राचीन–काल से ही पशुओं का आदर और पूजन किया जाता रहा है। यहाँ जलीय जीवों को चारा चुगाया जाता है तथा जीव–जन्तु हमारे उपसाना के पात्र हैं हिन्दू धर्म में शिव के साथ वृषभ, माँ दुर्गे के साथ शेर, माँ सरस्वती के हंस, माँ लक्ष्मी के उल्लू का भी पूजन किया जाता है। नन्दी के रूप में अनेक शिवमन्दिरों में वृषभ की मूर्ति आज भी देखी जा सकती है। गौ–पूजा भी समाज में प्रचलित थी। गौ को माता कहा जाता रहा है। 'सुरभि' नामक गौ को सभी गौओं की माँ माना जाता है, वैसे 'कामधेनु' नामक गौ भारतीय मिथक और पौराणिक कथाओं में अत्यधिक ख्यात रही है, जिसका दूध कभी समाप्त नही होता था, तथा जिसकी



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bikharipur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bikharipur
Jaunpur

शक्ति अपरिसीम होती थी। उनकी सेवा करने से पुत्र की प्राप्ति होती थी। 'पंचगव्य' का हिन्दू धर्म में महत्व रहा है जो गौ के दूध, दही, मक्खन आदि को मिलाकर बनता है। नाग पूजा भारतीय समाज में प्रचलित थी। नागों को दूध, लावा, भुने जौ का आटा, दुग्ध मिला हुआ आटा, जल, पुष्प आदि अर्पित किया जाता था। आज भी नागपंचमी के दिन नागपूजा की जाती है।

हिन्दू धर्म में विभिन्न पर्वतों का भी महत्वपूर्ण स्थान रहा है, जिनका समय–समय पर पूजा होता था। मेरू, कैलाश, हिमालय आदि पर्वतों का उल्लेख हिन्दू धर्मशास्त्रों और पुराणों में हुआ है तथा उनके धार्मिक स्वरूप का विवरण दिया गया है। मेरू पर्वत का इसलिए महत्व था कि उसके आस–पास देवताओं का निवास था। शिव के कारण कैलाश पर्वत की महिमा थी। भगवान शिव स्वयं उस पर्वत पर विराजमान रहते थे। हिमालय की पुत्री पार्वती थीं, जिनका विवाह कैलाश पर्वत निवासी शंकर से हुआ था। आज भी हिमालय पर्वत शिखर का नाम कैलाश है, जिसका मान और महत्व शिव के कैलाश के रूप में है। इसी प्रकार 'विन्ध्य' पर्वत का महत्व 'विन्ध्यवासिनी' देवी से है, जहाँ शक्ति सम्प्रदाय और दुर्गा के अनुयायी लोग
पूजन के लिए जाया करते हैं।

वैदिक दार्शनिक परम्परा में नदियों और सरिताओ की देवी व माँ के रूप में पूजा की जाती थी। ऐसे पवित्र नदियों का उल्लेख उत्तरवैदिक–कालीन ग्रन्थों के अतिरिक्त पुराणों और साहित्यिक ग्रन्थों में है। गंगा (जाह्नवी) नदी के लिए कहा जाता है कि वह भगवान विष्णु के पैर से निकलकर आकाश में प्रवाहित होती हुई (मन्दाकिनी) शिव की जटा से होकर पृथ्वी पर गिरी। गंगा को देवी के रूप में स्वीकार किया गया है। सरस्वती नदी भी देवी के रूप में स्वीकार की गई, जो भूतल के नीचे बहकर गंगा की धारा में मिल गई। प्रयाग का संगम तीन महान पवित्र नदियों का संगम है, जिसमें गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों की धाराएं मिलती है। दक्षिण में नर्मदा, गोदावरी, कृष्णा और कावेरी उत्तर की गंगा, यमुना, सरस्वती आदि नदियों की भाँति ख्यात हैं। इन नदियों के निकट रहने वाले लोग हृष्ट–पुष्ट, निरोगमय रहते थे तथा आपस में मिल–जुल कर सुखमय जीवन व्यतीत करते थे।

मनुस्मृति में निर्देश दिया गया है कि किसी भी व्यक्ति को जल में मल–मूत्र का त्याग तथा थूकना नहीं चाहिए। जल में वरूण देवता का वास माना गया है। सदैव से धर्मप्रिय और धर्म–भीरू रहने वाले भारतवासी जलप्रदूषण से सदैव दूर रहते थे।

यह प्रकृति और वातावरण से अनुकूल सम्बन्ध का परिणाम ही था कि मानव की औसत आयु 100 वर्ष थी। "शतायुर्वै पुरुषः जीवम् शरदः शतम् एवं शतं वर्षाणि जीव्यासम्।" इन सौ वर्षों के जीवनकाल के आधार पर ही चार आश्रमों को 25–25 वर्षों का मानकर आश्रम व्यवस्था का नियोजन किया गया। प्राचीन काल से मनुष्य के सम्पूर्ण जीवन को विभिन्न स्तर के साथ अनुशासन, संयम और नियम के अन्तर्गत रखा गया था, जिसे आश्रम–व्यवस्था कहते हैं। मनुष्य



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Ka
Jaunpur

का सम्पूर्ण जीवन, बाल्यावस्था से वृद्धावस्था तक चार आश्रमों से विभाजित किया गया था— ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम। आश्रम की व्यवस्था हिन्दू विचारधारा के जीवन दर्शन की अभूतपूर्व व्यवस्था थी, जिसके माध्यम से मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन अत्यन्त नियमित और संयमित किया गया था।

वानप्रस्थं भैक्ष्यचर्यं गार्हस्थ्य च महाश्रमम्।
ब्रह्मचर्याश्रमं प्राहुश्चयतुर्थ ब्राहणैर्वृतम्।।

(मनुस्मृति 18.12.8)

आश्रम धर्म के अनुपालन से मनुष्य अपना आत्मिक, नैतिक और शारीरिक विकास करता था। मनु के शास्त्रानुरूप ग्रहण किये गये इन चारों आश्रमों का विधिवत् अनुपालन करने वाला विप्र परम गति (मोक्ष) प्राप्त करता है।

सर्वेऽपि क्रमशस्त्वेते यथाशास्त्रं निषेवितः।
यथोक्तकारिणं विप्रम् नयन्ति परमां गतिम्।।

(मनुस्मृति 18.12.16)

प्रत्येक आश्रम के अलग–अलग संयम और नियम हैं, जिनका अनुपालन करने के लिए धर्मशास्त्रकारों ने निर्देश दिया है। ब्रह्मचर्य आश्रम के अन्तर्गत ब्रह्मचारी का यह धर्म निर्दिष्ट किया गया था कि वह गुरु के सान्निध्य में रहकर वेदाध्ययन करें, सूर्योदय के पूर्व उठे, स्नानादि के पश्चात् सन्ध्योपासना और गायत्री–जप करें, शाकाहारी होते हुए प्रसाधन सामग्री, स्त्रीस्पर्श, संगीत, नृत्य आदि से दूर रहे, इन्द्रियों को वश में रखे, गुरु की सेवा करें तथा भिक्षाटन कर अपना तथा अपने गुरु का पोषण करें। भिक्षाटन का उद्देश्य छात्र को विनयशील तथा धैर्यवान बनाना था।

ब्रह्मचारी व्रती नित्यं नित्यं दीक्षापरो वशी।
परिचार्य तथा वेदं कृत्यं कुर्वन् वसेत् सदा।।

(मनुस्मृति 18.15.7)

गृहस्थ का यह परम कर्त्तव्य माना गया था कि वह त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ और काम) का पालन करता हुआ गृह स्थ कार्यों को करें। मनु ने सभी आश्रमों को गृहस्थ के अन्तर्गत मानकर यह लिखा है कि गृहस्थ आश्रम समुद्र के रूप में हैं, जिसमें अन्य आश्रम नदी के रूप में मिलते हैं। गृहस्थ के लिए अहिंसा, सत्य वचन, शम, दान आदि उत्तम धर्म माना गया है।

अहिंसा सत्यवचनं सर्वभूतानुकम्पनम्।
शमो दानं यथाशक्ति गार्हस्थ्यो धर्म उत्तमः।।

(मनुस्मृति 20.6.5)



Coordinator
IQ.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

विभिन्न यज्ञों का सम्पादन गृहस्थ आश्रम के माध्यम से ही सम्भव था। पंचमहायज्ञों की पूर्ति तथा सन्तानोत्पत्ति गृहस्थ आश्रम में रहकर सम्पन्न की जाती रही है। देव–ऋण और पितृ–ऋण जैसे ऋणों से मुक्ति गृहस्थ आश्रम का अनुपालन करने से ही संभव था। गृहस्थ जीवन से अवकाश लेकर व्यक्ति वानप्रस्थ आश्रम में प्रवेश करता था। सांसारिक मोह–माया को त्यागकर एकान्त का आध्यात्मिक जीवन वानप्रस्थ का था। एक प्रकार से वानप्रस्थ आश्रम व्यक्ति के लिए संन्यास का प्रारम्भिक रूप था जिसमें वह वन में रहकर संयम, त्याग, अनुशासन, धर्माचरण, सेवाभाव, तपश्चर्या आदि का अभ्यास करता था तथा विषय भोग पर नियंत्रण रखता था। चौथा आश्रम संन्यास का जीवन था। संन्यास आश्रम में प्रवेश करने वाला व्यक्ति संन्यासी अथवा परिव्राजक कहा जाता था जो संसार से पूर्णतः विरक्त होकर अपने को ईश्वर–भक्ति में लगाता था। उसे रोष, मोह, लोभ आदि से दूर रहना पड़ता था तथा सत्य, अहिंसा, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, शौच, सन्तोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर–प्रणिधान (भगवान् की आराधना) आदि का पालन करना पड़ता था।

**गृहस्थाश्रमे स्थित्वा विधिवत्स्नातको द्विजः।**<br>
**वने वसेत्तु नियतो यथावद्विजितेन्द्रियः।।**<br>
**देवताभ्यस्तु तद्धुत्वा वन्यं मेध्यतरं हविः।**<br>
**शेषमात्मनि युंजीत लवणं च स्वयंकृतम्।।**

(मनुस्मृति 18.12.2)

इन चारों आश्रमों का विभाजन क्रमशः धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के आधार पर किया गया था। इन आश्रमों का उद्देश्य मानव समाज का कल्याणकारी विकास करना था। इसमें धर्म और मोक्ष को नैतिक आधारशिला के रूप में स्वीकृत किया गया तथा अर्थ और काम को व्यवहारिक तथा मनोवैज्ञानिक आधार पर स्वीकार किया गया था। आश्रम धर्म के अनुपालन से व्यक्ति संस्कारवान् तथा संयमी बनकर जीवन को उन्नत और विशिष्ट बनाता था।

मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न संस्कारों से शुद्ध और पवित्र होता रहा है। संस्कारों को सम्पन्न किये बिना व्यक्ति का जीवन अपवित्र, अपूर्ण और अव्यवस्थित था। शरीर और आत्मा की शुद्धि और पवित्रता संस्कारों के संपादन से ही सम्भव थी। जीवन को विविध बाधाओं और विघ्नों से दूर रखना संस्कारों का मूल उद्देश्य रहा है। इन संस्कारों के करने में हवन और अग्नि की सर्वाधिक अपेक्षा की जाती रही है। जल में अभिषिंचन करते हुए पूर्वाभिमुख होकर प्रतीक रूप में शुभ की प्राप्ति और अशुभ के निवारणार्थ मंगलमय घड़ी में अपने को पूर्णरूपेण पूजन में संलग्न करते हुए संस्कार क्रियान्वित किये जाते थे। इस प्रकार वैयक्तिक जीवन को योग्य, गुणाढ्य, परिष्कृत और व्यवस्थित रूप प्रदान करने में संस्कारों का महत्वपूर्ण योग रहा है अतः जीवन को मंगलकारी बनाने के लिए सोलह संस्कारों का विधान



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikhanpur, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Jaunpur

किया गया। बालक को आदर्श नागरिक बनाने हेतु जन्म से पूर्व से ही विशेष संस्कार संपादित किये जाते थे जो उसके लिए एक उत्कृष्ट सामाजिक व सांस्कृतिक पर्यावरण का सृजन करते थे इनमें से कतिपय महत्वपूर्ण संस्कार अधोलिखित हैं–

- गर्भाधान संस्कार– हिन्दू समाज में किया जाने वाला यह पहला संस्कार है। इस संस्कार के माध्यम से विवाहोपरान्त पुरुष स्त्री में अपना बीज स्थापित करता और सन्तान की कामना करता है। उपयुक्त समय और वातावरण का ध्यान रखना अपेक्षित रहा है। स्त्री का ऋतु–काल में रहना आवश्यक माना गया। ऋतु–स्नान के बाद चौथी रात्रि से सोलहवीं रात्रि तक गर्भधारण के लिए उपयुक्त समय अवधि मानी गई है। रात्रि का समय ही गर्भाधान के लिए ठीक माना गया है और यह भी अर्द्धरात्रि के बाद। दिन का समय निषिद्ध था। रात्रि में भी पिछला प्रहर श्रेयस्कर था। 8वीं, 15वीं, और 30वीं, रात्रियाँ गर्भाधान के लिए पूर्णतः वर्जित थीं।

षपोडशर्तुनिशाः स्त्रीणां तासु युग्मासु संविशेत्।
पर्वाण्याद्याश्च वर्जयेत।
षोडशर्तुनिशाः स्त्रीणां तासु युग्मासु संविशेत्।
ब्रह्मचार्येव पर्वाण्याद्याश्चतस्त्रस्तु वर्जयेत्।।

(मनुस्मृति 11.2.5)

इनके अतिरिक्त सोलह रात्रियों में प्रथम चार, ग्यारहवीं और तेरहवीं रात्रियाँ भी निन्दित थीं और शेष दस रात्रियाँ श्रेष्ठ थी। पुत्रेच्छुक पुरुष का सम रात्रियों में स्त्री–गमन करने का विधान किया गया। इस प्रकार गर्भाधान संस्कार का उद्देश्य था, स्वस्थ, सुन्दर और सुशील सन्तान का निरापद जन्म।

- पुंसवन संस्कार–गर्भ के तीसरे महीने 'पुंसवन संस्कार' का आरोपण किया जाता था। यह संस्कार पुत्र–सन्तानोत्पत्ति के निमित्त निष्पन्न होता था।

पुंसवनमिति कर्मनामधेयं येन कर्मणा निमित्तेन गर्भिणी पुमासमेव सूते तत्पुंसवनम्।

(मनु स्मृति)

इस संस्कार के माध्यम से पुत्र प्रदान करने वाले देवताओं को प्रसन्न किया जाता था। कभी–कभी यह दो मास से लेकर आठ मास तक के बीच किसी समय सम्पन्न होता था। जब चन्द्रमा पुष्य नक्षत्र में होता था तब यह संस्कार निष्पन्न किया जाता है। पुत्र–सन्तान के लिए यह नक्षत्र मंगलकारी थी। इसलिए रात्रि में बरगद की छाल का रस स्त्री को नाक के दाहिने छिद्र में डाला जाता था ताकि उसे गर्भपात न हो। वह व्रत रखती थी तथा देवताओं का



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala,
Jaunpur

पूजन–अर्चन करती थी। पुराणों में उल्लिखित है कि तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए यह संस्कार होता था।

**तस्यामाधत्त गर्भं स तेजस्विनुमुदारधीः।**

(पुरुष, सुक्त, अर्थवेद)

- नामकरण संस्कार– हिन्दू समाज में सन्तान को नाम प्रदान करना भी एक संस्कार माना गया। परिवार में नाम का अत्यधिक महत्व रहा है, जो शुभ कर्मों और भाग्य का आधार माना गया है। शिशु के नाम का चुनाव धार्मिक क्रियाओं के साथ निश्चित तिथि को सम्पन्न किया जाता था। नामधेय के लिए नामकरण का काल और नामार्थक शब्दों का विचार भी इसका आवश्यक अंग था। मनु के अनसु र दसवें और बारहवें दिन शुभ तिथि, नक्षत्र और मुहर्त्त में नामकरण संस्कार का आयोजन करना चाहिए।

**नामधेयं दशम्यां तु द्वादश्यां वास्य कारयेत्।**
**पुण्ये तिथौ मूहूर्ते वा नक्षत्रे वा गुणान्विते।।**

(मनुस्मृति 14.11.17)

- निष्क्रमण संस्कार– जन्म से एक निश्चित अवधि के बाद जब संतान को पहली बार घर के बाहर निकाला जाता था, तब यह 'निष्क्रमण' कहा जाता था। इस संस्कार के पहले माँ और शिशु को एक प्रकोष्ठ में रखा जाता था तथा वहां से कहीं और जाने की अनमु ति नहीं होती थी। निष्क्रमण संस्कार सम्पन्न करने के बाद ही शिशु अपनी माता के साथ बाहर लाया जाता था। यह संस्कार प्रायः जन्म के बारहवें दिन से चौथे मास तक सम्पन्न हो जाता था। एक निश्चित मंगलमय तिथि को पूजा–पाठ के बाद सन्तान को घर के बाहर प्राकृतिक वातावरण में लाया जाता था। इस संस्कार को सम्पन्न करने की निर्धारित तिथि के दिन गृह के किसी ऐसे हिस्से को गोबर और जल से पवित्र किया जाता था, जहाँ से सूर्य का दर्शन सम्भव था। स्वस्तिक का चिन्ह बनाकर उस पर धान डाले जाते थे। शिशु को स्नान कराकर, नवीन वस्त्र धारण कराकर, यज्ञ के सम्मुख लाकर वेद–मन्त्रों का पाठ होता था। तत्पश्चात् शिशु को माँ की गोद में देकर सर्वप्रथम उसे सूर्य का दर्शन कराया जाता था।
- अन्नप्राशन संस्कार– पाँचवें महीने के बाद शिशु अन्न खाने लायक हो जाता है और वह धीरे–धीरे अन्न की ओर आकृष्ट होने लगता है। इस संस्कार के पूर्व तक शिशु माँ के दूध और गाय के दूध पर पलता है। पाँच–छह महीने के बाद माँ का दूध कम होने लगता है तथा बच्चे को अधिक पौष्टिक आहार की आवश्यकता पड़ती है जिससे उसके



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalya
Thalai, Bhikharipur, Kala
Jaunpur

शरीर का विकास ठीक से हो सके। अतः अन्नप्राशन संस्कार द्वारा बच्चे को गोबर से लिपाई युक्त जमीन पर बैठाकर अन्न ग्रहण कराया जाता था।

- उपनयन संस्कार– 'उपनयन' का अभिप्राय स्वाध्याय अथवा वेद के अध्ययन से है, जब बालक आचार्य के निकट अध्ययनार्थ जाता था 'उपनयन' के लिए 'यज्ञोपवीत' शब्द का भी प्रचलन हुआ, जिसका अर्थ है यज्ञ का उपवीत। हिन्दू समाज में उपनयन संस्कार का सर्वाधिक महत्व है। जिसका सम्बन्ध व्यक्ति के बौद्धिक उत्कर्ष से है। यह संस्कार इस बात का प्रमाण था कि अनियमित और अनुत्तरदायी जीवन समाप्त होकर नियमित, गम्भीर और अनशु ासित जीवन प्रारम्भ हुआ। शैक्षणिक और सांस्कृतिक दृष्टि से इस संस्कार की उल्लेखनीय महत्ता थी। इसके माध्यम से व्यक्ति गुरु, वेद, यम, नियम और देवता के निकट पहुँचता था, ताकि वह ज्ञान प्राप्त कर सके। उपनयन संस्कार हो जाने के बाद ही बाल 'द्विज' अर्थात् दुबारा जन्म लिया हुआ कहा जाता था। उपनयन की तिथि के एक दिन पहले गणेश, लक्ष्मी, सरस्वती आदि विभिन्न देवी–देवताओं की पूजा की जाती थी। रात भर बालक मौन धारण किये रहता था। उपनयन के दिन माँ–बाप अपने बालक के साथ बैठक भोजन करते थे इससे स्पष्ट है कि बालक माँ के स्नेह के बाद संसार–सागर में प्रवेश करता था। बालक स्नानादि करके 'कौपीन' धारण करता था। कमर में 'मेखला' पहनता था। गुरु द्वारा दिये गये 'उत्तरीय' को वह उपयोग में लाता था। तदनन्तर वह जनेऊ पहनता था, जिसके तीन धागे सत्, रज और तम गुणों के प्रतीक थे। साथ ही ये तीनों धागे उसे ऋषि–ऋण, देव–ऋण और पितृ–ऋण का भी स्मरण दिलाते थे।

यज्ञोपवीत संस्कार की कार्य–पद्धति के अन्तर्गत बालक को स्नान कराकर कौपीन (लँगोटी) धारण करने के लिए दी जाती थी। स्नान से उनका मन और शरीर शुद्ध होता था। आचार्य उसके कटि के चारों ओर मेखला बाँधता था तथा उसे उपवीत धारण करने के लिए दिया जाता था। आचार्य शिष्य को सावित्री मन्त्र के साथ उपदेश देता था। सावित्री मन्त्र बुद्धि और ज्ञान के उत्कर्ष का प्रमुख प्रेरक तत्व था, जिससे व्यक्ति आध्यात्मिक विकास करता था। ये कार्य सम्पादित कर दिये जाने के बाद विद्यार्थी को भिक्षा–याचना के लिए निर्देश दिया जाता था, जो उसकी नम्रता और सदाचारिता का प्रतीक था। साथ ही इससे यह भी स्पष्ट होता था कि विद्यार्थी सम्पूर्ण समाज पर आश्रित है।

हिन्दू समाज में जीवन को अनुशासित और बुद्धि संचालित बनाने में उपर्युक्त संस्कार विधानों का बहुत बड़ा योगदान था। इससे दायित्व–निर्वाह तथा निस्पृह और निर्लिप्त जीवन विकसित होता था। मनुष्य की सामाजिक और शैक्षणिक उपलब्धियाँ इस



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Jaunpur

संस्कार की सम्पन्नता के पश्चात् ही संभव थी। आज भी हिन्दू परिवारों में उपनयन संस्कार की वही महत्ता है।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वैदिक दर्शन में पर्यावरण शिक्षा व्यक्ति के व्यवहार में ही परिलक्षित होती थी। संस्कारिक तथा संयमित नागरिक स्वमेव पर्यावरण का मित्र होता था।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची**


1. पाण्डेय, आर0एस0 (1983), 'शिक्षा दर्शन'', विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा–2
2. शर्मा, वी0एल0, (1991), ''पर्यावरण नियोजन एवं परिस्थितिकी विकास'', आगरा, साहित्य भवन।
3. शर्मा, चंदधर, (1991), ''भारतीय दर्शन– आलोचन और अनुशीलन'', दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशर्स प्रा0लि0।
4. गोपाल, कृष्णन सरोजिनी (1992), इम्पैक्ट ऑफ एन्वयर्मेन्टल एजुकेशन ऑन प्राइमरी स्कूल चिल्ड्रेन'', अविनाशिलिंगम इस्टीट्यूट फार होम साइंस एण्ड हायर एजुकेशन फार वुमेन, युच सर्वे, भाग–2, पेज–17
5. सिंह, बी0एन0, (1994), ''भारतीय दर्शन'', वाराणसी–5, स्टूडेन्ट्स फेण्ड्स एण्ड कंपनी।


Co-ordinator
IQAC
Raghuveer Mahavidyalaya

Principal

Devendra

2019

: 5, Volume : 10 & 11 Jan. - Dec. - 2019 ISSN : 2349-3844
pproved by UGC Journal No - 64586

Shodh Martand

# SHODH MARTAND

*International Refereed Research Journal of Humanities*

Editor
Dr. Vinay Kumar Tripathi

Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyaly
Thalai, Bhikharipur, Ka
Jaunpur

Published by :
Raghuveer Mahavidyalaya
Raghuveer Nagar, Thaloi, Machhalishahar
Jaunpur U.P. (India) - 222143

www.raghuveermahavidyalaya.org http://www.facebook.com/shodh.martand http://twitter.com/shodhmartand

Shodh Martand, ISSN : 2349-3844, Vol-10 & 11

Jan-Dec 2019

# किशोरावस्था में नैतिक मूल्यों की कमी

**देवेन्द्र यादव**



शोधछात्र (शिक्षाशास्त्र)
शिक्षक–शिक्षा विभाग
नेहरू ग्राम भारती (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी),
इलाहाबाद

समस्या का विवरण :

किशोरावस्था में नैतिक मूल्यों की कमी' के प्रति लोगों की अभिवृत्ति जानने के लिये इस शोध परियोजना की रचना की गई। नैतिक मूल्य वह मूल्य है, जिनको व्यक्ति समाज में रहकर अर्जित करता है, जो सामाजिकमानक के अनुरूप होते हैं तथा इसके माध्यम से व्यक्ति को इस बात का ज्ञान होता है कि सांस्कृतिक समूह में क्या गलत और सही है। इसी के आधार पर व्यक्ति व्यवहार करता है। नैतिक मूल्य प्रत्यक्ष रूप से व्यक्ति के व्यवहार व निर्णय की गुणवत्ता को प्रभावित करते हैं। व्यक्ति उन मूल्यों को सीखने का प्रयास करता है, जो उसकी आवश्यकता एंव इच्छा को सन्तुष्टि प्रदान करती है तथा समूह द्वारा अनुमोदित होती है। व्यक्ति द्वारा अर्जित नैतिक मूल्य उसके व्यक्तित्व का प्रतिनिधित्व होते हैं एवं जीवन में मार्गदर्शन करते हैं। अतः नैतिक मूल्यों की कमी से तात्पर्य उपयुक्त मूल्यों का पर्याप्त रूप में ग्रहण न कर पाना है, जिससे व्यक्ति को जीवन में उचित मार्ग दर्शन नहीं प्राप्त हो पाता और वह पथ भ्रष्ट हो जाते हैं। किशोरावस्था वह अवस्था है जब स्वयं को अपनी क्षमता एवं गुणों को समझने की जरूरत होती है। किशोरावस्था व्यक्ति के जीवन का वह महत्वपूर्ण समय है जब व्यक्ति विकास के सभी क्षेत्रों में उग्र परिवर्तन होता है। इस अवस्था में शारीरिक तथा मानसिक परिवर्तन इतनी तीव्र गति से आते हैं, कि किशोर स्वयं इन परिवर्तन को नहीं समझ पाते हैं। यह समय व्यक्ति में एक जबरजस्त परिवर्तन तथा उत्तेजना लाता है तथा यह वह समय जब व्यक्ति अपनी पहचान को विकसित करके स्वयं को पहचानता है। उसमें आत्म जागरूकता का विकास हो जाता है, अतः वह भविष्य में क्या बनेगा, इसकी रूप–रेखा का निर्माण उसी समय होता है। इस समय जो परिवर्तन होता है, वह लड़के–लड़कियों को परेशान कर देता है, उनकी सामाजिक भूमिका नये रूप में सामने आती है और वह विपरीत लिंग के प्रति नये आकर्षण का महसूस करते हैं। यह जो अस्पष्टता किशोरों में उत्पन्न होती है से एरिक्सन ने पहचान संक्रमण कहा। यह **संक्रमण** व्यक्तिगत जीवन में अथवा सम्पूर्ण किशोर वर्ग में हो सकती है। प्रायः इसको "**तूफान एवं प्रतिबल**" के रूप में तथा विभिन्न रूप में जैसे पीढ़ियों के बीच दूरी, व्यावसायिक एवं सामाजिक आत्मविस्मृति, अन्य संक्रमण, उभयवृत्तिता तथा पहचान संभ्रम के रूप में विचारा जाता है। पहचान संभ्रम को एरिक्सन ने इस प्रकार परिभाषित किया, " व्यक्ति समाज में अपने



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Jaunpur

भविष्य की भूमिका के बारे में अनिश्चितता होता है तथा वातावरण से सहयोग न मिलने पर अपनी भूमिका को पहचानने में कठिनाई का अनुभव करता है और वह सही ढंग से अपनी पहचान नहीं बना पाता। इस प्रकार की समस्या मनोसामाजिक विकार जैसे ,दुश्चिन्ता, निराशा, एकाकीपन, निराशावादी, प्रवृत्ति इत्यादि के रूप में दिखाई देती है, जो किशोरवर्ग की चारित्रिक विशेषताएं हैं। मनोवैज्ञानिक **डी0एन0 सिन्हा** के अनुसार सामाजिक सांस्कृतिक कारक निश्चित रूप से पहचान संभ्रम की तीव्रता पर प्रकाश डालते है, परन्तु तीव्र गति से आने वाले परिवर्तन भी इसके लिये महत्वपूर्ण है। परम्परागत मूल्यों का टूटना तथा सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक संरचना में संक्रमण आधुनिक समाज की एक मुख्य विशेषता है। संक्रमण उच्च दुश्चिन्ता से होने वाले पतन से प्राप्त होता है जिसको भारतीय विद्यार्थियों में देखा गया।

**नैतिक मूल्य को प्रभावित करने वाले अनेक कारक है, जिसमें सामाजिक परिवर्तन एक मुख्य कारक है। सामाजिक परिवर्तन के अन्तर्गत पैतृक शैली एक मुख्य आयाम है। माता पिता अपने बच्चों को उचित निर्देशन तथा मार्गदर्शन कराते है, जिससे कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। परन्तु वर्तमान समय में सम्प्रेषण की कमी के कारण माता–पिता अपने बच्चों को प्रर्याप्त समय नहीं दे पाते है और न ही उनकी समस्याओं को समझ पाते हैं। उचित प्रकार से बातचीत न करने के कारण बच्चों में अविशवास, घुटन एवं अलगाव आदि पनपने लगता है।**

यद्यपित इस समय युवाओं में आत्म–जागरूकता का विकास हो जाता है, वह स्वयं को तथा वातावरण को समझाने का प्रयास करते हैं, जिसके लिये मार्गदर्शन की भी आवश्यकता होती है परन्तु अनुभव एवं नैतिकता की कमी सूझबूझ एवं उचित मार्गदर्शन के अभाव में किशोर उचित निर्णय लेने में असफल होते हैं। **वाल्टर एवं इरौन** (1973) में अपने मध्ययन में पाया क माता–पिता का सहयोग न मिलने के कारण किशोर अपने इच्छित लक्ष्य को प्राप्त करने में असफल होते हैं। फलस्वरूप उनपमें आक्रमक व्यवहार करने की प्रवृत्ति विकसित हो जाती है और नैतिक मूल्यों का पतन होता है।

छेव एवं अग्रवाल ने अपने अध्ययन में पाया कि किशोर में स्वयं के बारे में संभ्रम होती है, वह यह समझ नही पाते कि क्या नैतिक है क्या अनैतिक वह केवल अधिक से अधिक आवश्यकता की पूर्ति करना चाहता है।

**एरिक्सन** के अनुसार किशोर पहचान संभ्राति से बचने के लिये अभिनेता/अभिनेत्री की पहचान को अपना लेते हैं और वास्तविक रूप से अपनी अस्मिता खो देते हैं। **बाण्डुरा** के सामाजिक सिद्धान्त के अनुसार किशोर दूसरों को माडल के रूप में देखते हैं ऐसी स्थिति में वह समाज द्वारा बहिष्कृत कार्यों जैसे अपराध, यौन क्रियाओं में लिप्त होना, हिंसात्मक कार्य आदि करते हैं। स्वभाव में भावुकता के कारण युवापीढी शारीरिक एंव मानसिक समायोजन ठीक से स्थापित नही कर पाती है। **मुजतबा एवं माथुर** (1992) ने नशीले पदार्थों पर अध्ययन किया तथा पाया कि जब व्यक्ति स्वयं को परिस्थिति के साथ समायोजित नहीं कर पाता है तो उसमें तनाव एवं हीनता की भावना उत्पन्न हो जाती है। परिणामस्वरूप वह नशीले पदार्थों का सेवन करने लगता है।



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikharipurkala
Jaunpur

कोलमैन (1976) के अनुसार युवावर्ग परिस्थिति के साथ संघर्ष न करके उससे पलायन कर जाते हैं। इसके द्वारा वह भय उत्पन्न करने वाली तथा आघात पूर्ण स्थिति को टाल देते हैं, जिसके कारण उन्हें एक निश्चित दिशा नहीं प्राप्त हो पाती है।

समाचार–पत्र तथा पत्रिका को देखने पर ज्ञात होता है कि आज का किशोर वर्ग अपना अधिकांश समय इंटरनेट एवं मनोरंजन सम्बन्धी कार्यों में व्यतीत करता है या उन कार्यों को करता है, जिसके बारे में उसे स्वयं ज्ञान नहीं होता है कि व क्या कर रहा है। वह शिक्षा से हटकर अपना अमूल्य समय एवं शक्ति अनैतिक कार्यों में व्यय करता है।

नैतिक मूल्य को प्रभावित करने वाले अनेक कारक है, जिसमें सामाजिक परिवर्तन एक मुख्य कारक है। सामाजिक परिवर्तन के अन्तर्गत पैतृक शैली एक मुख्य आयाम है। माता पिता अपने बच्चों का उचित निर्देशन तथा मार्गदर्शन कराते है, जिससे कि वह अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। परन्तु वर्तमान समय में सम्प्रेषण की कमी के कारण माता–पिता अपने बच्चों को पर्याप्त समय नहीं दे पाते हैं और न ही उनकी समस्याओं को समझ पाते हैं। उचित प्रकार से बातचीत न करने के कारण बच्चों में अविश्वास, घुटन एवं अलगाव आदि पनपने लगता है। **अलेक्जेन्डर** (1973) ने अपने अध्ययन द्वारा स्पष्ट किया है कि जिन किशोरों में माता–पिता के बीच सम्प्रेषण दूरी होती है वह अपनी समस्याओं को माता–पिता के सामने नहीं रख पाते हैं जिससे उन्हें उचित मार्ग दर्शन नहीं प्राप्त हो पाता है। किशोर एवं युवाओं को परिवारिक स्नेह एवं माता–पिता के सामने नहीं रख पाते हैं। जिससे उन्हें उचित मार्गदर्शन नहीं प्राप्त हो पाता है। किशोर एवं युवाओं को पारिवारिक स्नेह एवं माता–पिता द्वारा पूर्ण सहयोग न मिलने के कारण ईर्ष्या, असन्तोष, विद्रोह आदि भावनाएं उत्पन्न हो जाती है। **वाल्डर एवं इरान** (1973) ने अपने अध्ययन में पाया कि जब माता–पिता का बच्चों के प्रति तिरस्कृत व्यहार होता है और उनको सुविधाओं से वंचित रखा जाता है तो उनमें किशोरावस्था में झूठ बोलने, चोरी करने, घर से भागने और आक्रमक व्यवहार करने की प्रवृत्ति विकसित हो जाती है। **मुरदी** (1979) ने माता–पिता द्वारा बच्चों के विषय चयन पर अध्ययन किया और पाया कि उच्च शिक्षा प्राप्त अथवा उच्च आर्थिक स्तर के अभिभावक अपने बच्चों से उच्च प्रत्याशा करते हैं, जिसके कारण वह उन्हें उच्च शिक्षा देना चाहते हैं तथा असफल हो जाने पर तिरस्कार पूर्ण व्यवहार करते है। फलस्वरूप उनमें स्वयं के बारे में भी पूर्ण जानकारी नहीं होती है। उनके सामने एक अस्पष्ट स्थिति होती है, वह यह नहीं समझ पाते हैं कि वह कौन है, उनकी योग्यता क्या है, यहीं से अस्मिता एवं स्वयं का आयाम निकलकर आता है, जिसको **एरिक्सन** ने "अस्मिता संकट" कहा। **एरिक्सन** (1950) का मानना है कि पहचान संभ्रांति से बचने के लिए किशोर हीरो अथवा साथियों की अस्मिता को अपना लेते हैं, जिसका मुख्य कारण मीडिया है।

डी०एन० सिन्हा के अनुसार युवाओं में अनैतिकता का कारण मीडिया है, जिससे उन्हें विभिन्न प्रकार के माडल प्राप्त होते हैं और व अपनी पहचान खोकर उनका अनुकरण करते हैं। उनका आकांक्षा स्तर उच्च होता है परन्तु वह उनको प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम नहीं करते है और अनुचित साधनों द्वारा उसे प्राप्त करने की कोशिश करते हैं।

बी०एस० अग्रवाल (1974) ने शैक्षिक बेरोजगार पर अध्ययन किया तथा स्पष्ट किया कि किशोरों को व्यवसाय न प्राप्त होने पर उनमें विद्रोह उत्पन्न हो जाता है तथा नैतिक मूल्यों का



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhishampurkala, Jaunpur

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Bhikhampur, Ka...
Jaunpur

उत्पन्न होने लगता है। वाई० सिंह (1971) ने बदलते हुए शैक्षिक परिवेश में विद्यार्थियों की समस्या पर अध्ययन किया। यद्यपि शिक्षा, शिक्षण विधि एवं प्रशासक में परिवर्तन हो रहे है परन्तु विद्यार्थी स्वयं को इस परिस्थिति में समायोजित नहीं कर पाते हैं। जिसके कारण उनके सामने अनेक समस्याऐं उत्पन्न हो जाती हैं शिक्षक तथा विद्यार्थी के बीच सम्बन्ध अच्छा न होने के कारण भी युवाओं को उचित शिक्षा नहीं प्राप्त हो पाती है।

**मोहन्ती एवं पानी** (1979) ने विद्यार्थियों अध्यापकों के बीच होने वाली अन्तःक्रिया का प्रभाव शैक्षिक निष्पादन पर देखा जिसमें उन्होंने पाया कि विद्यार्थी अध्यापक के बीच का सम्बन्ध कार्य निष्पादन पर अत्यधिक प्रभाव पड़ता है, इनके बीच अच्छा सम्बन्ध न होने पर युवावर्ग लक्ष्य के विमुख होकर शिक्षा के नाम पर केवल गुण्डागर्दी एवं तोड़फोड़ करते हैं।

किशोरावस्था में नैतिक मूल्यों के ह्रास होने के कारण किशोर उचित–अनुचित कार्यों में भेद नहीं कर पाते है। **सिन्हा एवं कृष्णा** (1982) ने नकल व्यवहार पर अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने पाया कि किशोर शिक्षा प्राप्त करने हेतु कठिन परिश्रम न करके नकल द्वारा उच्च अंक प्राप्त करते हैं। यद्यपि वह परीक्षा में सफल हो जाते हैं परन्तु उनको ज्ञान नहीं होता है, जिससे वह उचित निर्णय लेने में भी असफल होते है। मैकेन्डेल (1955) ने किशोर अपराध पर अध्ययन किया। जिसमें उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि किशोरवर्ग को अपने वातावरण से पूर्ण सहयोग एवं स्नेह न मिलने के कारण अपराध प्रवृत्ति उत्पन्न हो जाता है। **मुजतबा एवं माथुर** (1992) ने नशाखोरी एवं कुसमायोजन पर अध्ययन किया। जब व्यक्ति को स्वयं को परिस्थिति में समायोजित नहीं कर पाता तो वह तनाव से मुक्त होने के लिये नशीले पदार्थ का सेवन करने लगता है। स्वभाव में भावुकता के कारण किशोरवर्ग अत्यधिक उत्तेजित एवं कुण्ठित हो जाते हैं, जिससे वह अपना शारीरिक एवं मानसिक सन्तुलन खो बैठते हैं।

आर्थिक वंचन भी एक मुख्य कारक है, जिसके कारण किशोरावस्था में नैतिक मूल्य में कमी आती है। आर्थिक वंचन के कारण युवाओं को आवश्यकताओं की पूर्ति नहीं हो पाती है और वह अपराध अथवा भ्रष्टाचार द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं।

अतः अध्ययन से स्पष्ट होता है कि किशोरावस्था में अत्यधिक उत्तेजना होती है तथा स्वभाव से भावुक होने के कारण वह उसको नियन्त्रित नहीं कर पाते है, जिससे वह अनुचित साधनों का प्रयोग करते हैं, व्यक्तिगत तथा सामाजिक कर्तव्यों एवं मूल्यों की उपेक्षा करते हैं, जिससे नैतिक मूल्यों में कमी आती है।

अतः किशोरावस्था में नैतिक मूल्यों की कमी के प्रति लोगों की अभिवृत्ति जानने के लिये इस शोध परियोजना की रचना की गई।

**परिकल्पना:**

1. किशोर वर्ग द्वारा की गई रेटिंग प्रौढ़ों की अपेक्षा अधिक नकारात्मक होगी।
2. पुरुषों की अपेक्षा स्त्रियों द्वारा की गई रेटिंग अधिक सकारात्मक होगी।

**प्रविधि :**

इसमें जीव संख्या की कुछ खास विशेषता या स्तर का पता लगाकर प्रतिदर्श में व्यक्तियों का चयन भी उसी विशेषता या स्तर के अनुरूप किया गया।

**नमूना (मानदण्ड)**



Co-ordinator
I.Q.A.C.
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Shikharpur, Kala, Jaun.

Principal
Raghuveer Mahavidyalaya
Thalai, Shikharpur, Kala
Jaunpur

इस परियोजना के उद्देश्य पूर्ति हेतु स्तरीकरण तकनीक का प्रयोग किया जाता है क्योंकि यह तकनीक जनसंख्या का अधिक मात्रा में प्रतिनिधित्व करती है। इसमें सभी गुण एवं धर्म की समानता के आधार पर समष्टि के छोटे–छोटे समूह में बांटकर चयन करते हैं, जिससे समय एवं धन की बचत होती है।

युवाओं में नैतिक मूल्यों की कमी के प्रति लोगों को अभिवृत्ति का अध्ययन करने के लिए समष्टि से ऐसे प्रतिदर्श का चयन किया, जोकि युवावर्ग से प्रत्यक्ष रूप से सम्बन्धित है। इस प्रकार के प्रतिदर्श चयन में युवावर्ग शिक्षक तथा अभिभावक हैं।

**प्रतिदर्श –**

| | किशोर | अभिभावक | शिक्षक |
|---|---|---|---|
| | 16–20 | 35–50 | 35–50 |
| पुरुष | 13 | 6 | 6 |
| महिला | 13 | 6 | 6 |

इस परियोजना के उद्देश्य पूर्ति हेतु इसको 50 व्यक्तियों पर प्रशासित किया, जिसमें 26 किशोर 12 माता–पिता तथा 12 शिक्षक को लिया गया इस प्रतिदर्श को आयु समूह तथा यौन के आधार पर बाँटा। युवा को 16–20 आयु समूह में, जिसमे 13 पुरुष तथा 13 स्त्रियों को लिया। इसी प्रकार अभिभावक तथा शिक्षक को भी 35–50 आयु समूह के जिसमें 16–16 पुरुष तथा 16–16 स्त्रियों को लिया।

जनसांख्यिकी चर जैसे आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय संयुक्त/एकांकी परिवार, विवाहित/अविवाहित, निवास स्थान, मासिक आय के आधार पर लों को छांट लिया, क्योंकि इन चारों का प्रभाव व्यक्ति की अभिवृत्ति पर पड़ता है।

किशोरावस्था में नैतिक मूल्यों की कमी के प्रति अभिवृत्ति जानने के लिए लिंग के आधार पर प्रतिदर्श चयन किया क्योंकि यौन का प्रभाव नैतिक मूल्य पर पड़ता है क्योंकि व्यक्ति सामाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा विभिन्न प्रकार के विचार, मूल्य, नियम आदि सीखता है। क्योंकि समाज में स्त्रियों की अपेक्षा पुरुषों को अधिक स्वतन्त्रता प्राप्त होती है, इसलिये वह प्रत्येक कार्य को स्वतन्त्रतापूर्वक अपनी इच्छानुसार करना चाहते हैं, अपने स्वार्थ के लिये वह अनैतिक कार्यों को करते हैं जबकि लड़कों की अपेक्षा लड़कियों काअपनी भावना, संवेग एवं इच्छा पर नियन्त्रण होता है। अतः इसलिये प्रतिदर्श–चन में स्त्री–पुरुष को लिया। **तिवारी** (1980) ने लड़के–लड़कियां में दुश्चिन्ता का अध्ययन किया। जिसमें उन्होंने पाया कि उच्च आकांक्षा स्तर होने पर लड़कों में लड़कियों की तुलना में अधिक दुश्चिन्ता होती है।

